www.rojgarsamachar.gov.in
www.employmentnews.gov.in

सत्यमेव जयते

अंग्रेजी एवं उर्दू में भी प्रकाशित
ई-संस्करण वार्षिक शुल्क : ₹400/-

वर्ष 1976 से

रोज़गार समाचार


साप्ताहिक

50 वर्ष

खंड-51 अंक-22 पृष्ठ 48 | नई दिल्ली 29 अगस्त - 4 सितम्बर 2026 | मूल्य ₹ 12.00 (₹ 530 वार्षिक)

मुक्त व्यापार समझौते

वैश्विक बाजार में भारत की बढ़ती पहुंच



भारत की 'मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए)' यात्रा अब एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। पहले मुख्य रूप से अधिक देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने पर ध्यान केंद्रित था। अब इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि भारतीय व्यवसाय इन समझौतों के तहत उपलब्ध लाभों का वास्तव में उपयोग करें। एफटीए आमतौर पर निर्यातकों को बेहतर बाजार पहुंच प्रदान करता है, जिसका अर्थ है कि भारतीय वस्तुएं और सेवाएं किसी साझेदार देश के बाजार में अधिक आसान शर्तों पर, अक्सर कम अथवा शून्य सीमा शुल्क के साथ, प्रवेश कर सकती हैं। हाल के निर्यात रुझानों से संकेत मिलता है कि व्यवसाय इन अवसरों का तेजी से लाभ उठा रहे हैं। कई एफटीए साझेदार देशों को निर्यात बढ़ रहा है और भारतीय उत्पादों की अधिक विविधता इन बाजारों तक पहुंच रही है। इसके साथ ही 'मूल प्रमाणपत्र' (Certificates of Origin–CoOs) जारी किए जाने की संख्या में भी वृद्धि हुई है। मूल प्रमाणपत्र एक ऐसा दस्तावेज है जो यह प्रमाणित करता है कि कोई उत्पाद भारत में उत्पन्न हुआ है और संबंधित व्यापार समझौते की शर्तों को पूरा करता है। इससे पात्र भारतीय वस्तुएं एफटीए के तहत उपलब्ध कम अथवा शून्य सीमा शुल्क का लाभ प्राप्त कर सकती हैं।

सरकार इन लाभों को निर्यातकों के लिए अधिक सुलभ बनाने के लिए भी कदम उठा रही है। विभिन्न पहलों के माध्यम से व्यवसायों को शुल्क रियायतों को समझने, आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने और नए विदेशी बाजार तलाशने में सहायता दी जा रही है। इसका व्यापक उद्देश्य एफटीए के माध्यम से हासिल बाजार पहुंच को वास्तविक निर्यात वृद्धि में बदलना, छोटे उद्यमों सहित अधिक भारतीय व्यवसायों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना, निवेश आकर्षित करना और रोज़गार सृजित करना है। साथ ही, भारत की व्यापार नीति महत्वपूर्ण घरेलू हितों, विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करना चाहती है जिन्हें आयात से बढ़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है।

एफटीए साझेदार: भारतीय निर्यात के लिए महत्वपूर्ण बाजार

भारत के समग्र निर्यात प्रदर्शन में एफटीए साझेदार वस्तु निर्यात के महत्वपूर्ण बाजार हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 'आसियान' को 38,416.33 मिलियन अमरीकी डॉलर और 'साफ्टा' को 25,774.68 मिलियन अमरीकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया। अलग-अलग एफटीए बाजारों में संयुक्त अरब अमीरात सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य रहा, जहां भारत का वस्तु निर्यात 37,359.11 मिलियन अमरीकी डॉलर रहा। इसके बाद यूनाइटेड किंगडम को 13,444.19 मिलियन अमरीकी डॉलर, सिंगापुर को 11,863.66 मिलियन अमरीकी डॉलर, नेपाल को 7,447.11 मिलियन अमरीकी डॉलर और ऑस्ट्रेलिया को 7,284.17 मिलियन अमरीकी डॉलर का निर्यात किया गया। मलेशिया, जापान, कोरिया गणराज्य, श्रीलंका, थाईलैंड, ओमान, भूटान और मॉरीशस भी वर्ष के दौरान भारतीय वस्तुओं का आयात करने वाले अन्य एफटीए बाजारों में शामिल रहे।

निर्यातकों के लिए एफटीए लाभों को अधिक सुलभ बनाना

व्यापार समझौता तरजीही बाजार पहुंच उपलब्ध कराता है, लेकिन इसका व्यावहारिक उपयोग इस बात पर निर्भर करता है कि निर्यातक उपलब्ध लाभों का दावा करते हैं या नहीं। एफटीए के तहत निर्यातकों को सामान्यतः अपनी वस्तुओं की उत्पत्ति का प्रमाण देना होता है। इससे समझौते के तहत उपलब्ध तरजीही शुल्क सुविधा के लिए उनकी पात्रता स्थापित होती है। 'मूल प्रमाणपत्र' यह प्रमाणित करता है कि वस्तुएं निर्धारित मूल नियमों को पूरा करती हैं। इससे पात्र वस्तुओं को कम अथवा शून्य सीमा शुल्क का लाभ मिल सकता है। कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में मौजूद समझौतों के तहत तरजीही पहुंच का उपयोग किया जा रहा है। वर्ष 2022 से लागू यूएई सीईपीए (UAE CEPA) और ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए (Australia ECTA) के तहत बड़ी संख्या में मूल प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, जो शुल्क रियायतों के व्यापक उपयोग को दर्शाता है। नए



समझौतों के तहत भी शुरुआती स्तर पर इसका उपयोग दिखाई दे रहा है। अक्टूबर 2025 में लागू होने के बाद 'ईएफटीए टीईपीए' के तहत 7,885 मूल प्रमाणपत्र जारी किए गए, जबकि जून 2026 में ओमान सीईपीए लागू होने के बाद इसके तहत 783 मूल प्रमाणपत्र जारी किए जा चुके हैं। तरजीही मूल प्रमाणपत्रों की बढ़ती संख्या को प्रक्रियाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से किए गए सरकारी उपायों से भी प्रोत्साहन मिल रहा है।

- **ई-सीओओ 2.0 (e-CoO 2.0):** ई-सीओओ 2.0 प्रणाली तरजीही और गैर-तरजीही मूल प्रमाणपत्रों को शुरू से अंत तक डिजिटल रूप से जारी करने की सुविधा देती है तथा निर्यातकों, प्रमाणपत्र जारी करने वाली एजेंसियों और वाणिज्य मंडलों को एक साझा मंच पर लाती है।
- **आधार-आधारित प्रमाणीकरण:** आधार-आधारित इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर और क्यूआर-कोड सत्यापन सुरक्षित प्रमाणीकरण तथा तेज सेवा वितरण में सहायक हैं।
- **सरल नियम:** नए समझौतों के तहत दस्तावेज संबंधी आवश्यकताओं को भी सरल बनाया गया है। भारत-ईएफटीए टीईपीए और भारत-यूके सीईटीए निर्यातकों को स्व-घोषणा के माध्यम से वस्तुओं की

शेष पृष्ठ 2 पर

Follow us @Employ_News
Follow us @EmploymentNews

अस्वीकरण

'रोज़गार समाचार', सोशल मीडिया अथवा किसी अन्य अनधिकृत मंच पर प्रसारित भर्ती विज्ञापनों की प्रामाणिकता के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती संबंधी प्रामाणिक जानकारी के लिए केवल एम्प्लॉयमेंट न्यूज़/रोज़गार समाचार के आधिकारिक मुद्रित संस्करण, www.eneversion.nic.in पर उपलब्ध आधिकारिक ई-संस्करण तथा संबंधित भर्ती संस्थानों की आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। - संपादक

पृष्ठ 1 का शेष

मुक्त व्यापार समझौतेः वैश्विक बाजार में भारत...

उत्पत्ति प्रमाणित करने की अनुमति देते हैं। यूके समझौता आयातक के ज्ञान के आधार पर भी उत्पत्ति प्रमाणित करने की अनुमति देता है और 1,000 पाउंड से कम मूल्य की खेप के लिए मूल संबंधी दस्तावेज की आवश्यकता से छूट देता है, जिससे ई-कॉमर्स खेप और छोटे व्यवसायों को सहायता मिलती है। भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए के तहत एक ही मूल प्रमाणपत्र में कई पात्र उत्पादों को शामिल किया जा सकता है।

- **ट्रेड कनेक्टः** ट्रेड कनेक्ट प्लेटफॉर्म निर्यातकों को एफटीए लाभों की पहचान करने और उनका उपयोग करने में मदद करके इन उपायों का पूरक बनता है। इसका टैरिफ एक्सप्लोरर विभिन्न बाजारों की शुल्क अनुसूचियों तक पहुंच प्रदान करता है। एमएसएमई सहित निर्यातक व्यापार संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, मार्गदर्शन ले सकते हैं और मूल प्रमाणपत्र से संबंधित समस्याएं उठा सकते हैं। इससे निर्यात प्रक्रियाओं को समझने और पूरा करने में लगने वाले प्रयास कम होते हैं।

एफटीए बाजारों तक पहुंच रहे भारतीय उत्पादों का बढ़ता दायरा

एफटीए का प्रभाव साझेदार बाजारों में पहुंचने वाले उत्पादों की विविधता में भी दिखाई देता है। हाल के कई समझौतों में उत्पाद स्तर पर यह विस्तार स्पष्ट है।

- यूएई में निर्यात की गई टैरिफ लाइनों की संख्या 2021-22 में 7,546 से बढ़कर 2025-26 में 8,053 हो गई, जो 6.7 प्रतिशत की वृद्धि है।
- ऑस्ट्रेलिया में यह दायरा 2020-21 की 5,396 टैरिफ लाइनों से बढ़कर 2025-26 में 5,668 हो गया, यानी 5 प्रतिशत की वृद्धि।
- मॉरीशस में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जहां टैरिफ-लाइन कवरेज 3,593 से बढ़कर 4,345 हो गया, जो 20.9 प्रतिशत की वृद्धि है।
- ओमान में इनकी संख्या मई 2026 के 2,879 से बढ़कर जून 2026 में 3,371 हो गई, जो 17.08 प्रतिशत की वृद्धि है।

टैरिफ लाइनः किसी देश की सीमा शुल्क दर अनुसूची में सूचीबद्ध किसी विशिष्ट उत्पाद श्रेणी को टैरिफ लाइन कहा जाता है, जिसकी पहचान एचएस (Harmonized System) कोड से होती है।

भारतीय वस्तुओं को वैश्विक बाजार से जोड़ना

ये समझौते वस्त्र, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य, चमड़ा और फुटवियर, समुद्री उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, कालीन तथा हस्तशिल्प सहित कई श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करते हैं। इन क्षेत्रों में व्यापक अवसर छोटे उत्पादकों और स्थानीय उद्यमों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने में सक्षम बनाते हैं। साथ ही, सुविचारित शुल्क उदारीकरण और संक्रमणकालीन व्यवस्थाएं किसानों तथा संवेदनशील घरेलू क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए आवश्यक नीतिगत गुंजाइश बनाए रखती हैं।

भारतीय सेवाओं के लिए नए अवसर

वस्तुओं के साथ-साथ भारत के हाल के एफटीए ने सेवा प्रदाताओं और पेशेवरों के लिए भी अवसरों का विस्तार किया है। रोजगार, निर्यात और समग्र आर्थिक गतिविधियों में सेवा क्षेत्र के बढ़ते योगदान को देखते हुए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।


भारत-न्यूजीलैंड एफटीए के तहत एक विशेष व्यवस्था में 5,000 तक कुशल भारतीयों को तीन वर्ष तक रहने का प्रावधान है। इसमें आईटी, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, निर्माण, आयुष, योग, पाक कला और संगीत जैसे क्षेत्र शामिल हैं। समझौते में 118 सेवा क्षेत्रों में प्रतिबद्धताओं और 139 क्षेत्रों में एमएफएन सुविधा का भी प्रावधान है।

सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (Most-Favoured-Nation-MFN) व्यवहारः गैर-भेदभाव का वह सिद्धांत जिसके तहत किसी देश के सभी व्यापारिक साझेदारों के साथ समान व्यवहार किया जाता है।

भारत-ईयू एफटीए के तहत आईटी/आईटीईएस, पेशेवर, व्यवसाय, शिक्षा, वित्तीय, पर्यटन और निर्माण सेवाओं सहित 144 सेवाउप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं शामिल हैं। अन्य प्रावधानों में व्यावसायिक आगंतुकों और एक ही कंपनी के भीतर स्थानांतरित कर्मचारियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाना, आश्रितों को प्रवेश और कार्य अधिकार तथा सामाजिक सुरक्षा समझौतों, विद्यार्थी आवाजाही और अध्ययन के बाद कार्य अवसरों के लिए पांच वर्षीय रूपरेखा शामिल है।

- भारत-यूके सीईटीए के तहत आवाजाही संबंधी प्रावधानों में आईटी, स्वास्थ्य सेवा, वित्त और शिक्षा क्षेत्र के पेशेवर शामिल हैं। इससे जुड़ा डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन दोहरे सामाजिक सुरक्षा अंशदान को रोकता है, जिससे अनुमानतः 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत होगी।
- भारत-ईएफटीए टीईपीए के तहत भारतीय सेवा प्रदाताओं को स्विट्जरलैंड में 128, नॉर्वे में 114, आइसलैंड में 110 और लिकटेंस्टीन में 107 उप-क्षेत्रों तक बेहतर पहुंच प्राप्त होती है। इनमें आईटी और व्यवसाय, पेशेवर, शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक सेवाएं शामिल हैं। समझौते में नर्सिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी और वास्तुकला के क्षेत्र में पारस्परिक मान्यता समझौते भी शामिल हैं।
- भारत-ओमान सीईपीए में एक ही कंपनी के भीतर स्थानांतरित कर्मचारियों, संविदा सेवा प्रदाताओं, व्यावसायिक आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों के अस्थायी प्रवेश तथा प्रवास का प्रावधान है।
- भारत-ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए के तहत ऑस्ट्रेलिया ने लगभग 135 सेवा उप-क्षेत्रों में प्रतिबद्धताएं की हैं और 120 उप-क्षेत्रों में एमएफएन सुविधा प्रदान की है।
- भारत-यूएई सीईपीए भारतीय सेवा प्रदाताओं को 11 व्यापक क्षेत्रों के लगभग 111 उप-क्षेत्रों तक पहुंच प्रदान करता है, जबकि भारत-मॉरीशस सीईसीपीए 11 व्यापक क्षेत्रों के लगभग 115 उप-क्षेत्रों तक पहुंच उपलब्ध कराता है।

भारत की एफटीए कहानी में सेवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका



भारत की एफटीए यात्रा को आगे बढ़ाना

भारत के हाल के एफटीए अब कार्यान्वयन के अधिक गहन चरण में प्रवेश कर रहे हैं। जैसे-जैसे व्यवसाय इन समझौतों के तहत हासिल बाजार पहुंच का अधिक उपयोग करेंगे, इनका प्रभाव निर्यात में भागीदारी बढ़ाने, व्यापार में विविधता लाने और साझेदार बाजारों के साथ वाणिज्यिक संबंधों को मजबूत करने के रूप में सामने आने की उम्मीद है।

साथ ही, भारत अपने भावी व्यापार एजेंडे का भी विस्तार कर रहा है। यूरेशियन आर्थिक संघ, पेरू, चिली, इजराइल, कनाडा और मालदीव के साथ नई वार्ताओं सहित लगभग दस व्यापार समझौतों पर चर्चा चल रही है।

भारत-कोरिया सीईपीए और भारत-श्रीलंका ईटीसीए जैसे मौजूदा समझौतों को भी उन्नत किया जा रहा है।

इस प्रकार भारत की एफटीए नीति की दिशा अधिक स्पष्ट होती जा रही है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित हो और भारतीय व्यवसाय, उत्पाद, सेवाएं और पेशेवर इसका प्रभावी उपयोग कर सकें।

पुनरावलोकन

- भारत की एफटीए रणनीति अब अधिक समझौतों पर हस्ताक्षर करने से आगे बढ़कर यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित हो रही है कि भारतीय व्यवसाय तरजीही बाजार पहुंच और शुल्क लाभों का सक्रिय रूप से उपयोग करें।
- एफटीए के तहत कम अथवा शून्य सीमा शुल्क का लाभ लेने के लिए निर्यातकों को सामान्यतः उत्पत्ति का प्रमाण-आमतौर पर तरजीही मूल प्रमाणपत्र-देना होता है।
- एफटीए साझेदार प्रमुख निर्यात बाजार हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में आसियान को वस्तु निर्यात 38.42 अरब अमरीकी डॉलर, साफ्टा को 25.77 अरब अमरीकी डॉलर और यूएई को 37.36 अरब अमरीकी डॉलर रहा।
- तरजीही पहुंच का उपयोग बढ़ रहा है। यूएई सीईपीए और ऑस्ट्रेलिया ईसीटीए के तहत बड़ी संख्या में मूल प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं, जबकि ईएफटीए और ओमान के साथ नए समझौतों में भी शुरुआती उपयोग दिखाई दे रहा है।
- ई-सीओओ 2.0, आधार-आधारित प्रमाणीकरण, क्यूआर सत्यापन, सरल दस्तावेजीकरण और ट्रेड कनेक्ट सहित सरकारी पहल एफटीए लाभों तक पहुंच को आसान बना रही हैं।
- नए समझौतों में उत्पत्ति प्रमाणित करने के अधिक लचीले प्रावधान हैं। इनमें ईएफटीए और यूके समझौतों के तहत स्व-घोषणा, यूके भेजी जाने वाली कम मूल्य की खेप के लिए रियायतें और ऑस्ट्रेलिया समझौते के तहत बहु-उत्पाद प्रमाणपत्र शामिल हैं।
- एफटीए बाजारों में भारतीय निर्यात अधिक विविध हो रहा है। यूएई में टैरिफ-लाइन कवरेज 6.7 प्रतिशत, ऑस्ट्रेलिया में 5 प्रतिशत, मॉरीशस में 20.9 प्रतिशत और ओमान में 17.08 प्रतिशत बढ़ा है।
- एफटीए वस्त्र, कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, आभूषण, कालीन और हस्तशिल्प सहित श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए अवसरों का विस्तार कर रहे हैं, जबकि सुरक्षा उपाय संवेदनशील घरेलू क्षेत्रों की रक्षा करते हैं।
- सेवाओं और पेशेवरों की आवाजाही का महत्व बढ़ रहा है। समझौतों में कुशल कामगारों के लिए विशेष व्यवस्थाएं, सामाजिक सुरक्षा में राहत, पारस्परिक मान्यता, व्यावसायिक आवाजाही और अनेक सेवा क्षेत्रों तक पहुंच शामिल हैं।
- भारत कार्यान्वयन को अधिक प्रभावी बनाने के साथ अपने व्यापार एजेंडे का विस्तार कर रहा है। लगभग दस समझौतों पर चर्चा चल रही है तथा कोरिया और श्रीलंका के साथ मौजूदा व्यवस्थाओं को उन्नत किया जा रहा है।

(पीआईबी से प्राप्त इनपुट के साथ ईएन टीम द्वारा संकलित लेख)

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली

All India Institute of Medical Sciences, Raebareli

(भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संस्थान)

मुंशीगंज, रायबरेली-229405, उत्तर प्रदेश, भारत

www.aiimsrbl.edu.in

क्रमांक AIIMS/RBL/REC/FACULTY/2026/467

दिनांक : 11.08.2026

संकाय सदस्यों (समूह 'ए') की भर्ती के लिए विज्ञापन

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली में विभिन्न विभागों में सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर संकाय पदों (समूह 'ए') के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

विस्तृत विज्ञापन, आवेदन पत्र और अन्य नियम एवं शर्तों के लिए, आवेदक हमारी वेबसाइट www.aiimsrbl.edu.in देख सकते हैं. ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.09.2026 है. इस विज्ञापन से संबंधित सभी आगे की सूचनाएं/अपडेट केवल हमारे संस्थान की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएंगी. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट/स्पष्टीकरण के लिए एम्स, रायबरेली की वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करें.

कार्यकारी निदेशक

CBC 17196/11/0002/2627

EN 22/62

रोजगार समाचार

अम्बरीष बी. किशोर
मुख्य संपादक
रहीसुद्दीन रिहान
संपादक
अक्षित मलिक
उप-संपादक (विज्ञापन)
मिहिर कुमार बासु
उत्पादन अधिकारी
शशि प्रकाश सिंह
सहायक निदेशक (उत्पादन)
अभिषेक चतुर्वेदी
संपादक (प्रसार)

पता : रोजगार समाचार, सातवां तल, सूचना भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन : sec-advertise-moib@gov.in

प्रसार और शिकायत en-support@gov.in

संपादकीय : 011-24369426

विज्ञापन : 011-24369429/30

प्रसार : 011-24044000/24044001

लेखा (विज्ञा.) : 011-24369419

फाइल. सं. 01-25/2025-Admn

भारत सरकार

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110029

दूरभाष सं. 26701700

दिनांक : 17 अगस्त, 2026

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में संविदा आधार पर युवा सलाहकार (वन अग्नि जोखिम प्रबंधन) के पद के लिए विज्ञापन.

एनडीएमए निम्नलिखित पद के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

क्र. सं.	पद का नाम	पद की प्रकृति	रिक्तियों की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	पद के लिए आवश्यक अनुभव	अधिकतम आयु सीमा
1.	युवा सलाहकार (वन अग्नि जोखिम प्रबंधन)	संविदात्मक	01 (एक)	**आवश्यक** : मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से आपदा प्रबंधन/ जैव-विज्ञान/ वानिकी/ कृषि/ पर्यावरण विज्ञान/ वायुमंडलीय विज्ञान/ जीआईएस/ भूगोल और भूविज्ञान जलवायु विज्ञान और भूविज्ञान जलवायु विज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री.	आपदा प्रबंधन/जैव-विज्ञान/वानिकी/कृषि/पर्यावरण विज्ञान/ वायुमंडलीय विज्ञान/GIS/भूगोल और भूविज्ञान जलवायु विज्ञान और भूविज्ञान जलवायु विज्ञान में मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर डिग्री जैसे संबंधित क्षेत्र में तीन (03) महीने से एक (01) वर्ष का अनुभव, कंटेंट राइटिंग या संबंधित क्षेत्र.	युवा सलाहकार के लिए 35 वर्ष

2. **पारिश्रमिक बैंड** : युवा सलाहकार के लिए 35,000/-
3. उपरोक्त पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत नियम एवं शर्तें (शैक्षणिक योग्यताएं, आयु, अनुभव आदि) संदर्भ की शर्तों (ToR) में दर्शाई गई हैं और इन्हें एनडीएमए की वेबसाइट **http://ndma.gov.in** पर देखा जा सकता है.
4. आवश्यक/वांछनीय शैक्षणिक योग्यताओं और अनुभवों का सत्यापन मूल प्रमाणपत्रों से किया जाएगा.
5. इच्छुक व्यक्ति एनडीएमए की वेबसाइट के माध्यम से एनडीएमए वेबसाइट पर विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख से 20 दिनों के भीतर पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

महत्वपूर्ण नोट : आवेदन पर तभी विचार किया जाएगा जब आवेदक एनडीएमए जॉब पोर्टल (http://ndma.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करेंगे. आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन करने में किसी भी सहायता के लिए कृपया @ 9873997934 पर कॉल करें. एनडीएमए को बिना किसी कारण बताए ऐसे आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है.

(अभिषेक बिस्वास)
अवर सचिव (प्रशा.)

EN 22/85

औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी पार्क (IBTP), कठुआ
(CSIR–भारतीय समवेत औषध संस्थान, जम्मू द्वारा संचालित)

भर्ती सूचना
परियोजना विज्ञापन संख्या 24/2026

निम्नलिखित परियोजना–आधारित, अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र.सं.	पद का नाम	अधिकतम आयु सीमा	पारिश्रमिक (प्रतिमाह ₹ में)
01	मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO)	50 वर्ष	₹ 2,00,000/-
02	वैज्ञानिक (समन्वयक)	45 वर्ष	₹ 1,75,000/-
03	वैज्ञानिक – पादप विज्ञान/औषधीय पादप अर्क तैयारी	40 वर्ष	₹ 1,25,000/-
04	वैज्ञानिक– किण्वन	40 वर्ष	₹ 1,25,000/-
05	व्यवसाय प्रबंधक	40 वर्ष	₹ 80,000/-
06	परियोजना सहायक	28 वर्ष	₹ 35,000/-
07	कार्यालय सहायक	25 वर्ष	₹ 25,000/-

विस्तृत विज्ञापन, पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तों तथा आवेदन प्रक्रिया के लिए कृपया **www.iiim.res.in** पर जाएँ।

हस्ताक्षर/–
प्रशासन नियंत्रक

EN 22/90

शाकीय विज्ञान संभाग, आईसीएआर–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
Division of Vegetable Science
ICAR- Indian Agricultural Research Institute

नई दिल्ली/New Delhi-110012

वॉक्–इन–इंटरव्यू

आईसीएआर - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के शाकीय विज्ञान संभाग, पूसा, नई दिल्ली-110012 में निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु युवा प्रोफेशनल-II (YP-II) के एक (01) तथा सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ) के एक (01) पद के लिए वॉक्–इन–इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा :

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	परियोजना का विवरण	साक्षात्कार की तिथि एवं समय
1.	युवा प्रोफेशनल-II (YP-II)	एक (01)	National Mission on High Yielding Seeds (NMHYS)-Bottle Gourd	30.09.2026, प्रातः 10:00 बजे
2.	सीनियर रिसर्च फेलो (एसआरएफ)	एक (01)	National Mission on High Yielding Seeds (NMHYS)-Bottle Gourd	30.09.2026, प्रातः 10:00 बजे

उक्त पद पूर्णतः संविदात्मक आधार पर हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ स्वतः समाप्त हो जाएंगे. विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे पारिश्रमिक, आवश्यक योग्यता, नियम एवं शर्तें, आवेदन प्रपत्र आदि हेतु संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** का अवलोकन करें.

EN 22/101

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उद्यम)

सीआईएनः L74899DL1970GOI005276, जीएसटी सं. 07AAACH0632A1ZF

पंजीकृत कार्यालयः कोर–7ए, हुडको भवन, इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोधी रोड, नई दिल्ली – 110003.

फोनः 011–24649610–15, वेबसाइटः www.hudco.org.in

1. हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (हडको) भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत एक नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, जो देश भर में आवास और शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के वित्तपोषण में लगा हुआ है। एक प्रमुख एनबीएफसी–आईएफसी के रूप में, हडको विभिन्न प्रकार की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और तकनीकी–वित्तीय परामर्श सेवाएं भी प्रदान करता है। इसका कॉर्पोरेट प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण शाखा, हुमन सेटल्मन्ट मैनिज्मन्ट इंस्टिट्यूट (HSMI), नई दिल्ली में स्थित है। पिछले कुछ वर्षों में, हडको ने लगातार मजबूत वित्तीय प्रदर्शन और निरंतर विकास दिया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के दौरान, कंपनी ने ₹4,034.37 करोड़ का कर पश्चात लाभ और ₹1,60,724.30 करोड़ से अधिक का ऋण बही दर्ज किया, और साथ ही उद्योग में सर्वोत्तम परिसंपत्ति गुणवत्ता में बनाए रखा। प्रमुख रेटिंग एजेंसियों से हडको को उच्चतम घरेलू क्रेडिट रेटिंग (AAA) प्राप्त है, जो मजबूत सरकारी स्वामित्व, मजबूत पूंजी पर्याप्तता और कम क्रेडिट जोखिम को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, हडको की रेटिंग भारत की संप्रभु रेटिंग के साथ संरेखित है, जो कंपनी के रणनीतिक महत्व और संप्रभु समर्थन की ताकत को पहचानती है। राष्ट्रीय महत्व, वित्तीय शक्ति, परिचालन उत्कृष्टता और भारत के शहरी परिवर्तन में योगदान करने के अवसरों के अपने अनूठे मिश्रण के साथ, हडको बुनियादी ढांचा वित्तपोषण में चुनौतीपूर्ण अवसर चाहने वाले प्रतिभाशाली पेशेवरों के लिए एक समृद्ध और फायदेमंद कैरियर और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का अवसर प्रदान करता है।
2. अपने बढ़ते व्यावसायिक कार्यों का समर्थन करने के लिए, हडको नीचे दिए गए 08 पार्श्व–स्तरीय कार्यकारी पदों पर भर्ती के लिए प्रतिभाशाली, सक्षम, प्रतिबद्ध, ऊर्जावान और लचीले पेशेवरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैः

क्र सं.	पद / ग्रैड – आईडीए वेतन स्केल (01.01.2017 से लागू)	पदों की संख्या (जिनके लिए आरक्षित)	अधिकतम आयु सीमा	योग्यता विनिर्देश	न्यूनतम योग्यता–पश्चात अनुभव / सीटीसी	अनुभव की अपेक्षित प्रकृति
(a)	(b)	(c)	(d)	(e)	(f)	(g)
परियोजना डिसप्लिन (02 रिक्तियां)						
1.	उप महाप्रबंधक (ई –5) ₹80,000–2,20,000	01 (01 ओबीसी–एनसीएल)	45 वर्ष	सिविल / इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स / मैकेनिकल इंजीनियरिंग या समकक्ष में न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातक की डिग्री *वांछनीय – वित्त विशेषज्ञता के साथ एमबीए / दो साल का पीजी डिप्लोमा*	11 वर्ष / सीटीसी ₹27.46 लाख प्रति साल	रियल एस्टेट, सड़क, ऊर्जा परिवर्तन, हवाई अड्डों, बंदरगाहों और शहरी बुनियादी ढांचे (पानी की आपूर्ति, सीवरेज, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, मेट्रो रेल, आदि) जैसे क्षेत्रों में सरकारी, निजी या पीपीपी (जैसे, डीबीएफओटी, बीओटी, टीओटी) बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए वित्तीय मॉडलिंग, परियोजना विकास, परियोजना प्रबंधन, परियोजना निगरानी सहित परियोजना मूल्यांकन में व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए।
2.	सहायक महाप्रबंधक (ई –4) ₹70,000–2,00,000	01 (01 ओबीसी–एनसीएल)	40 वर्ष		07 वर्ष / सीटीसी ₹22.79 लाख प्रति साल	
वित्त डिसप्लिन (06 रिक्तियां)						
3.	उप महाप्रबंधक (ई –5) ₹80,000–2,20,000	03 (02 यूआर, 01 एससी)	45 वर्ष	सीए / सीएमए या वित्त विशेषज्ञता के साथ दो साल का पूर्णकालिक एमबीए / पीजी डिप्लोमा न्यूनतम 60% अंक या समकक्ष सीजीपीए / ग्रेड के साथ (सीए / सीएमए के मामले में नहीं)	11 वर्ष / सीटीसी ₹27.46 लाख प्रति साल	बजट, खातों, कराधान, बैंकिंग, ऋण मूल्यांकन, ऋण और वसूली प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, ईआरपी कार्यान्वयन और नियामक अनुपालन सहित वित्तीय प्रबंधन में अनुभव होना चाहिए।
4.	वरिष्ठ प्रबंधक (ई –3) ₹60,000–1,80,000	03 (01 यूआर, 01 एससी, 01 ईडब्लूएस)	35 वर्ष		05 वर्ष / सीटीसी ₹18.99 लाख प्रति साल	

ध्यान दें:

a) आयु, योग्यता के बाद का अनुभव, निम्न–स्तरीय अनुभव, सीटीसी, आदि को 01.08.2026 से गिना जाएगा।

b) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष तक और ओबीसी (एनसीएल) उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष तक आयु में छूट की अनुमति है। भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट लागू सरकारी मानदंडों के अनुसार होगी।

c) अनुभव की गणना ऊपर निर्दिष्ट आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने की तारीख से की जाएगी।

d) उम्मीदवारों के पास केंद्रीय / राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (पीएसई), सरकार–नियंत्रित संयुक्त उद्यमों, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों या अन्य संस्थानों में काम करने का अनुभव होना चाहिए। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों, एनबीएफसी (आईएफसी सहित), बहुपक्षीय संगठनों या अन्य वित्तीय संस्थानों में काम करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

e) सीटीसी मानदंड सरकारी संस्थाओं के अलावा अन्य में काम करने वाले उम्मीदवारों और सरकारी संस्थाओं में काम करने वाले उम्मीदवारों के लिए लागू है जहां वेतन–पैमाना आईडीए / सीडीए वेतन–पैमाने के साथ तुलनीय नहीं है।

f) दिव्यांगजन श्रेणी के लिए कोई पद आरक्षित नहीं है। हालांकि, उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने के इच्छुक दिव्यांगजन उम्मीदवार यह सत्यापित कर सकते हैं कि क्या उनकी विकलांगता उस पद / डिसप्लिन के लिए पहचानी गई है, जिसके लिए वे आवेदन करना चाहते हैं।

g) सभी योग्यताएं / भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय / संस्थान से होनी चाहिए और पाठ्यक्रम यूजीसी / केंद्र सरकार के उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित होने चाहिए। जो उम्मीदवार अपनी योग्यता दूरस्थ शिक्षा / अंशकालिक माध्यम से प्राप्त करते हैं, वे भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते उनकी योग्यता केंद्र सरकार के पद और सेवाओं के लिए रोजगार के लिए उपयुक्त वैधानिक निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त हो।

h) योग्यता की समकक्षता हडको प्रबंधन के विवेक पर तय की जाएगी।

I) शैक्षिक योग्यता में प्रतिशत के अंश को नजरअंदाज किया जाएगा और अगले उच्च पूर्णांक में पूर्णांकित नहीं किया जाएगा अर्थात 59.9% को 60% से कम माना जाएगा।

j) जहां कहीं भी डिग्री / डिप्लोमा में सीजीपीए / ओजीपीए / डीजीपीए या लेटर ग्रेड प्रदान किया जाता है, डिग्री / डिप्लोमा में इसके समकक्ष अंकों का प्रतिशत या रूपांतरण सूत्र को प्रमाणित करने वाले संस्थान / विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक दस्तावेज प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

k) प्रासंगिक अनुशासन में इंजीनियरिंग में 05 वर्ष बीइ / बी. टेक. + एमइ / एम. टेक. एकीकृत दोहरी डिग्री वाले उम्मीदवारों पर भी विचार किया जाएगा।

l) जिन उम्मीदवारों ने दोहरी विशेषज्ञता के साथ एमबीए / पीजीडीएम / एमएमएस योग्यता प्राप्त की है, वे सुनिश्चित करें कि कम से कम एक विशेषज्ञता वित्त में होनी चाहिए।

3. दिव्यांगजनों के लिए पदों की पहचानः

डिसप्लिन	पद पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त विकलांगता श्रेणी				
	(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
परियोजना	- -	D, HH	OA, OL, LC, Dw, AAV,	SLD	MD (a) से (d) तक शामिल सिवाय D और SLD
वित्त	- -	D, HH	OA, OL, BL, OAL, LC, Dw, AAV	SLD	MD (a) से (d) तक शामिल सिवाय D

संक्षिप्त नामः

D=बधिर, HH= सुनने में कठिनाई, OA=एक हाथ, OL=एक पैर, BL=दोनों पैर, OAL=एक हाथ और एक पैर, LC=कुष्ठ रोग से इलाज, Dw=बौनापन, AAV=एसिड अटैक पीड़ित,SLD= विशिष्ट सीखने की अक्षमता, MD=बहु विकलांगता

4. वेतन पैकेजः

स्तर	न्यूनतम मूल वेतन (प्रति माह)	अनुमानित वार्षिक सीटीसी
ई–5	₹80,000	₹30.47 लाख
ई–4	₹70,000	₹26.66 लाख
ई–3	₹60,000	₹22.13 लाख

ध्यान दें:

a) उपर्युक्त सीटीसी में न्यूनतम मूल वेतन, औद्योगिक दैनिक भत्ता (आईडीए) मूल वेतन का 55.7%, एचआरए (मूल वेतन का 30%), पर्कस और भत्ते (मूल वेतन का 35%), सुपरएनुएशन लाभ (मूल वेतन का 30%) और अधिकतम क्षमता पर पीआरपी (डीपीई द्वारा निर्दिष्ट स्लैब के अनुसार) शामिल हैं।

b) उल्लेखित सीटीसी के अलावा, अन्य लाभ जैसे कि वाहन, कंपनी लीज आवास (एचआरए के बदले), चिकित्सा प्रतिपूर्ति, ऋण और अग्रिम, समूह बीमा, सामाजिक सुरक्षा और कार्यात्मक लाभ / प्रतिपूर्ति भी प्रदान की जाती है।

c) कर्मचारी सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभों के हकदार हैं (हडको / सीपीएसई में न्यूनतम 15 वर्ष की निरंतर सेवा और सेवानिवृत्ति के बाद के नियमों के अनुसार)।

d) आईडीए (औद्योगिक महंगाई भत्ता) समय–समय पर वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दरों के आधार पर बदल सकता है।

e) सीटीसी की गणना के लिए मेट्रो शहरों के लिए लागू एचआरए दर को अपनाया गया है।

f) वास्तविक पीआरपी भुगतान व्यक्ति, टीम और कंपनी के प्रदर्शन पर निर्भर करता है।

g) निजी क्षेत्र के उम्मीदवारों का वेतन उस पद के वेतनमान के न्यूनतम पर निर्धारित किया जाएगा, जिस पर उन्हें नियुक्त किया जाता है। अन्य उम्मीदवारों के लिए, वेतन डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार तय किया जाएगा।

5. कार्य अनुभव

5.1. चयन के लिए पात्र होने के लिए, उम्मीदवार के पास क्रमशः पैरा 2(ई) और पैरा 2(एफ) में निर्दिष्ट योग्यताएं और पोस्ट–योग्यता कार्यकारी अनुभव होना चाहिए।

5.2. सरकारी संगठनों / सीपीएसई / सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों आदि से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास कट–ऑफ तिथि पर पिछले वर्ष में तत्काल निम्न वेतनमान में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। केवल वे उम्मीदवार जो अपेक्षित निम्न वेतनमान पर स्थायी आधार पर पद धारण करते हैं (अर्थात समय–सीमा, यथास्थिति ग्रेड, तदर्थ आधार आदि के अलावा), योग्य माने जाएंगे। हालांकि, यह आवश्यकता ऐसे उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगी जो पहले से ही कट–ऑफ तिथि पर समकक्ष वेतनमान या उससे अधिक में हैं।

5.3. निजी संगठनों से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को कट–ऑफ तिथि पर पिछले वर्ष में पैरा 2 (एफ) में निर्दिष्ट राशि के बराबर या उससे अधिक सीटीसी के साथ पद पर न्यूनतम एक वर्ष तक काम करना चाहिए। ऐसे उम्मीदवारों को अपने पद के साथ संगठन के पदानुक्रम के साथ एक वार्षिक सीटीसी विवरण (विस्तृत ब्रेक–अप और वेतन संरचना के साथ) जमा करना चाहिए। कट–ऑफ तिथि से पिछले एक वर्ष में कई संगठनों में अनुभव के मामले में, मासिक आनुपातिक सीटीसी की गणना करके संचयी सीटीसी की गणना की जाएगी। ऐसे मामलों में, उम्मीदवारों को लागू सीटीसी संरचना के साथ कट–ऑफ तिथि से पिछले एक वर्ष की अवधि के लिए मासिक वेतन पर्ची जमा करने की आवश्यकता होती है।

5.4. केवल कंपनी के रोल्स पर नियमित / निश्चित अवधि / संविदात्मक रोजगार पर विचार किया जाएगा। किसी कंपनी में तीसरे पक्ष / एजेंसी के माध्यम से निश्चित अवधि / अनुबंध के माध्यम से रोजगार पर विचार नहीं किया जाएगा।

5.5. प्रतिनियुक्ति पर रहने वालों के लिए, मूल विभाग में वेतनमान के साथ ग्रेड / रैंक तत्काल निचली वेतनमान निर्धारित करने के प्रयोजनों के लिए संदर्भ बिंदु होगा।

5.6. शिक्षण अनुभव, विश्राम अवधि / असाधारण अवकाश आदि को पात्रता के प्रयोजन के लिए कार्य अनुभव में नहीं गिना जाएगा और पदों के लिए आवेदन करते समय, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने कार्य अनुभव की गणना करते समय ऐसी अवधियों को शामिल न करें। एक से अधिक संगठनों में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों के लिए, एक संगठन से कार्यमुक्त होने की तारीख और दूसरे संगठन में शामिल होने की तारीख के बीच 15 दिनों तक की कोई भी अंतराल अवधि अनुभव के रूप में गिनी जाएगी।

5.7. सरकारी स्वामित्व वाले / राज्य सरकार के संगठनों के उम्मीदवारों के संबंध में, जिनके वेतनमान की तुलना नहीं की जा सकती है या सीडीए / आईडीए वेतनमान के साथ समानता नहीं है, पात्रता निर्धारित करने के लिए समकक्ष या निम्न ग्रेड का निर्णय संगठनात्मक पदानुक्रम, वेतनमान, परिलब्धियां / सीटीसी, विभिन्न ग्रेडों में सेवा की अवधि और पदानुक्रम में उम्मीदवार की स्थिति के आधार पर किया जाएगा। ऐसे उम्मीदवारों को सभी प्रासंगिक सहायक दस्तावेज जमा करने होंगे, जिसमें उनके नवीनतम पदोन्नति / वेतन निर्धारण आदेश, संगठन का वर्तमान वेतन संरचना और शामिल होने / पोस्टिंग आदेश आदि शामिल हैं।

5.8. सार्वजनिक क्षेत्र / सरकारी क्षेत्र / सरकार के स्वायत्त निकायों आदि में काम करने वालों को आवेदन 'उचित चैनल के माध्यम से' जमा करना होगा या साक्षात्कार के समय 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' जमा करना होगा। वैकल्पिक रूप से, उन्हें वर्तमान नियोक्ता से उचित राहत आदेश प्रस्तुत करना चाहिए, जिसमें सेवा लाभों का हस्तांतरण डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होगा।

6. चयन प्रक्रिया

6.1. सभी आवेदनों की जांच की जाएगी ताकि साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए आयु,

(शेष पृष्ठ 5 पर)

(पृष्ठ 4 का शेष)

योग्यता के बाद के अनुभव, वर्तमान वेतन स्तर और अन्य अधिसूचित मानदंडों के संबंध में उम्मीदवार की पात्रता का पता लगाया जा सके। इस प्रक्रिया के दौरान, हडको उम्मीदवारों से अतिरिक्त दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए संपर्क कर सकता है।

6.2. केवल वे आवेदन जो प्रथम दृष्टया योग्य पाए जाते हैं, उन्हें 1:15 के अनुपात में शॉर्टलिस्टिंग के लिए शामिल किया जाएगा (उपलब्धता के अधीन); यदि किसी पद के लिए आवेदनों की संख्या अधिक है, तो हडको निर्दिष्ट न्यूनतम पात्रता आवश्यकताओं से अधिक मानदंडों वाले उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

6.3. केवल ऐसे उम्मीदवार जो साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किए जाने के लिए उपयुक्त पाए जाते हैं, उन्हें आवेदन में इंगित ईमेल–आईडी के माध्यम से साक्षात्कार के लिए स्थान और समय की सूचना दी जाएगी।

6.4. साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट नहीं किए गए उम्मीदवारों के साथ कोई संचार नहीं किया जाएगा। इसके अलावा, उम्मीदवारों को कृपया ध्यान दें कि विज्ञापन की तारीख से 120 दिनों के भीतर हडको से कोई संचार प्राप्त नहीं होने की स्थिति में, यह माना जा सकता है कि उसकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया गया है।

6.5. साक्षात्कार से पहले दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अपने सभी मूल प्रमाण पत्र लाने होंगे।

6.6. साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले आउटस्टेशन उम्मीदवारों को उनके आवेदन में इंगित पत्राचार पते से सबसे छोटे मार्ग से एकल से–और–फ्रॉम यात्रा की लागत की प्रतिपूर्ति की जाएगी, दस्तावेज सत्यापन, यात्रा के प्रमाण और साक्षात्कार में उपस्थिति के सफल दस्तावेज जमा करने के अधीन। प्रतिपूर्ति निकटतम रेलवे स्टेशन से वास्तविक भाड़े या 2A एसी रेल भाड़े तक सीमित होगी, जो भी कम हो। जो उम्मीदवार मूल दस्तावेजों के प्रमाण के अभाव में, विज्ञापित मानदंडों को पूरा नहीं करने या किसी अन्य कारण से साक्षात्कार में भाग लेने में असमर्थ हैं, वे यात्रा खर्चों की प्रतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे।

6.7. चयन केवल साक्षात्कार में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। साक्षात्कार में तीन मापदंड शामिल होंगे, अर्थात्, नौकरी का ज्ञान (50 अंक), कार्य अनुभव की गुणवत्ता और प्रकृति (20 अंक) और समग्र व्यक्तित्व (30 अंक)। साक्षात्कार के लिए न्यूनतम उत्तीर्ण अंक अनारक्षित और ईदबलुएस श्रेणी के लिए 70 अंक, ओबीसी–एनसीएल श्रेणी के लिए 60 अंक और एससी/एसटी श्रेणी के लिए 50 अंक हैं।

6.8. उम्मीदवारों के पास हिंदी/अंग्रेजी में साक्षात्कार में भाग लेने का विकल्प होगा।

6.9. चयनित उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से पत्राचार पते और आवेदन में दिए गए ईमेल–आईडी पर सूचित किया जाएगा।

6.10. उम्मीदवार को हडको में शामिल होने के समय वर्तमान नियोक्ता से उचित राहत आदेश प्रस्तुत करना चाहिए।

7. सामान्य शर्तें

7.1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।

7.2. केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य माध्यम से दिए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

7.3. सभी नियुक्तियां निगम के नियमों के अनुसार चिकित्सा फिटनेस के अधीन हैं।

7.4. कोई भी व्यक्ति नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा यदि उसे नैतिक अधमता से जुड़े अपराध के लिए कानून की अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया है। जो किसी निगम या राज्य या केंद्र सरकार के विभाग या स्थानीय प्राधिकरण या किसी स्वायत्त सांविधिक निकाय की सेवा से बर्खास्त, हटाए गए या अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए हैं, वे पात्र नहीं होंगे।

7.5. कोई भी व्यक्ति जिसके एक से अधिक जीवनसाथी हैं या जिसने किसी ऐसे व्यक्ति के साथ विवाह किया है जिसका जीवनसाथी जीवित है, किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा जब तक कि ऐसा विवाह उम्मीदवार और विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू व्यक्तिगत कानून के तहत अनुमेय न हो।

7.6. इस भर्ती से संबंधित सभी जानकारी केवल हडको की वेबसाइट www.hudco.org.in पर 'कैरियर्स' टैब पर उपलब्ध होगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपडेट के लिए समय–समय पर वेबसाइट की जांच करें। इस भर्ती से संबंधित कोई भी शुद्धि, स्पष्टीकरण या परिशिष्ट केवल वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

7.7. किसी पद के लिए आवेदन करते समय, उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह कट–ऑफ तिथि पर निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करता है और यह कि प्रस्तुत विवरण सभी मामलों में सही हैं। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या उसके बाद, यह पता चलता है कि किसी उम्मीदवार ने कोई गलत/अधूरी जानकारी प्रस्तुत की है या योग्य माने जाने के लिए कोई भौतिक तथ्य दबाया है या चयन प्रक्रिया के दौरान अनुचित साधनों का सहारा लिया है या प्रतिरूपण का दोषी पाया गया है या स्थल के अंदर/बाहर व्यक्तिगत साक्षात्कार के सुचारू संचालन को प्रभावित करने वाली गड़बड़ी पैदा की है, तो उसकी उम्मीदवारी स्वतः ही तत्काल रद्द/अस्वीकृत हो जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद उम्मीदवार की ओर से कोई भी मिथ्याकरण पाया जाता है, तो उसकी सेवा बिना किसी नोटिस/मुआवजे के समाप्त की जा सकती है।

7.8. यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने के लिए पात्र है और कई पदों के लिए आवेदन करना चाहता है, तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन शुल्क (जैसा लागू हो) के साथ अलग आवेदन जमा करना होगा। किसी उम्मीदवार द्वारा एक ही पद के लिए कई/डुप्लिकेट आवेदनों के मामले में, केवल नवीनतम आवेदन पर विचार किया जाएगा।

7.9. उम्मीदवार की नियुक्ति उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र के सत्यापन, अन्य प्रशंसापत्रों के सत्यापन और निर्धारित प्राधिकारियों द्वारा चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन के अधीन अनंतिम रहेगी। सत्यापन के दौरान कोई प्रतिकूल टिप्पणी पाए जाने की स्थिति में, उम्मीदवार की सेवाओं को बिना कोई कारण बताए तत्काल समाप्त किया जा सकता है। हडको ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ, अपने विवेक से, आगे की कार्यवाई करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है।

7.10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन पत्र में अपनी श्रेणी स्पष्ट रूप से इंगित करनी चाहिए (यहां तक कि अनारक्षित रिक्ति के लिए आवेदन करते समय भी) और दस्तावेज सत्यापन के समय निर्दिष्ट प्रारूप में अपनी श्रेणी का प्रमाण प्रस्तुत करना चाहिए। क्रीमी लेयर से संबंधित ओबीसी उम्मीदवार ओबीसी श्रेणी के लिए स्वीकार्य किसी भी आरक्षण/रियायत के हकदार नहीं हैं। श्रेणी में परिवर्तन के अनुरोधों पर विचार नहीं किया जाएगा और उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र में उल्लिखित श्रेणी पर ही विचार किया जाएगा। अन्य पिछड़ा वर्ग/आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा 01.04.2026 से या उसके बाद जारी किया जाना चाहिए।

7.11. सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने ऐसी जाति/समुदायों की सूची अधिसूचित की है जिन्हें "अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी)" (जिसे केंद्रीय सूची भी कहा जाता है) के रूप में माना जाता है। यह राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। केवल ऐसे अधिसूचित समुदायों/जातियों (केन्द्रीय सूची) से संबंधित और "गैर–क्रीमी लेयर" से संबंधित उम्मीदवारों को ओबीसी (एनसीएल) के लिए लागू छूट और रियायतों के प्रयोजन के लिए माना जाएगा।

7.12. विज्ञापित पद अस्थायी हैं। यदि आवश्यकता हो तो हडको भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने/प्रतिबंधित करने/संशोधित करने/बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है, बिना कोई नोटिस जारी किए या कोई नया विज्ञापन जारी किए या इसका कोई कारण बताए। हडको, जहां भी आवश्यक हो, किसी भी घटना की स्थिति में अपने विवेक से व्यक्तिगत साक्षात्कार फिर से आयोजित कर सकता है। इस संबंध में हडको का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

7.13. उम्मीदवार द्वारा भुगतान किए गए आवेदन शुल्क (और लागू बैंक शुल्क) के धनवापसी का अनुरोध किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य भर्ती/परीक्षा/चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है।

7.14. किसी भी रूप में प्रचार करना अयोग्यता माना जाएगा।

7.15. पूरे देश में हडको का संचालन है और चयनित उम्मीदवारों को देश में कहीं भी तैनात किया जा सकता है। निगम में चयन/शामिल होने पर किसी भी विकल्प पोस्टिंग के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

7.16. यदि कोई दस्तावेज/प्रमाण पत्र हिंदी/अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य भाषा में जारी किया जाता है, तो उम्मीदवारों को आवेदन के साथ हिंदी/अंग्रेजी में इसका विधिवत नोटरीकृत अनुवाद प्रस्तुत करना होगा और साक्षात्कार के समय इसे प्रस्तुत करना होगा।

7.17. उपरोक्त अधिसूचित पदों के विरुद्ध भर्ती हडको भर्ती नियमों के प्रावधानों द्वारा शासित होगी। नियुक्ति की शर्तें और सेवा शर्तें समय–समय पर संशोधित विषय पर अधिसूचित नियमों द्वारा शासित होंगी।

7.18. अंग्रेजी के अलावा अन्य संस्करणों की व्याख्या में अस्पष्टता या विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण प्रबल होगा।

7.19. यदि उपयुक्त उम्मीदवार नहीं पाया जाता है तो हडको के पास किसी पद के लिए उम्मीदवार का चयन नहीं करने का अधिकार सुरक्षित है। इस भर्ती से संबंधित सभी मामलों में हडको का निर्णय, जिसमें आवेदनों की जांच, शॉर्टलिस्टिंग और अंतिम चयन शामिल है, सभी उम्मीदवारों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा। जो उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट/चयनित नहीं हुए हैं उनसे कोई पूछताछ/पत्राचार नहीं किया जाएगा।

7.20. केवल पात्रता मानदंडों की पूर्ति उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं देगी।

7.21. जिन उम्मीदवारों की चयन नहीं हुई है, उनके रिकार्ड चयन सूची के प्रकाशन के तारीख से 06 महीने से अधिक समय तक सुरक्षित नहीं रखे जाएंगे।

7.22. इस भर्ती प्रक्रिया से संबंधित सभी विवाद/मामले केवल दिल्ली की अदालतों के अधिकार क्षेत्र के अधीन हैं।

8. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पर विस्तृत निर्देश https://www.hudco.org.in. पर करियर टैब पर अपलोड किए गए हैं। अनारक्षित, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और अन्य पिछड़ा वर्ग – गैर क्रीमी लेयर श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क ₹1500 (एक हजार पांच सौ रुपये मात्र) है। यह आवेदन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांगजन श्रेणी के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। आवेदन जमा करने के दौरान हुई देरी/विफल/खंडित भुगतान/गलत बैंक खाते में आवेदन शुल्क के भुगतान/कई भुगतान प्रयासों और/या तकनीकी समस्याओं के कारण आवेदन जमा न करने के लिए हडको जिम्मेदार नहीं है। उम्मीदवारों को भविष्य में सत्यापन के लिए मूल भुगतान रसीद/लेनदेन संदर्भ को अपने पास रखने की सलाह दी जाती है।

9. आवेदन के समय उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजः

9.1. उम्मीदवार का विधिवत भरा हुआ प्रारूप (प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है)।

9.2. जन्म तिथि का प्रमाण (एसएससी/दसवीं कक्षा/मैट्रिक प्रमाणपत्र)।

9.3. लागू जाति/श्रेणी प्रमाण पत्र (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति / आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग /अन्य पिछड़ा वर्ग – गैर क्रीमी लेयर /भूतपूर्व सैनिक आदि के लिए)।

9.4. निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र जिसमें विकलांगता का प्रकार, विकलांगता का प्रतिशत आदि स्पष्ट रूप से दर्शाया गया हो।

9.5. आवश्यक योग्यता से संबंधित दस्तावेज (अंतिम डिग्री प्रमाण पत्र, सभी सेमेस्टर की अंकतालिका/समेकित अंकतालिका जिसमें वर्ग/प्रभाग/सीजीपीए/प्रतिशत, मोड, अवधि के साथ विशेषज्ञता) यदि वर्ग/प्रभाग और प्रतिशत प्रमाण पत्र या अंकतालिका में इंगित नहीं किया गया है, तो उम्मीदवार को संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा जारी सीजीपीए से प्रतिशत समकक्षता प्राप्त करने के लिए रूपांतरण सूत्र प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा आवेदन अस्वीकार किया जा सकता है।

9.6. किसी भी अतिरिक्त योग्यता से संबंधित दस्तावेज।

9.7. उम्मीदवार की उम्मीदवारी का समर्थन करने वाले किसी भी अन्य विवरण के साथ पिछले कार्य अनुभव पर विस्तृत लेख (जो एक पृष्ठ से अधिक नहीं हैं)।

9.8. अनुभव प्रमाण पत्र/कार्य की प्रकृति और रोजगार की अवधि को विधिवत बताते हुए पिछले संगठन (संगठनों) का राहत पत्र।

9.9. भुगतान प्रमाण–स्केल/कट–ऑफ तिथि से पिछले एक वर्ष के लिए वर्तमान नियोक्ता का सीटीसी। सीटीसी दस्तावेज की अनुपलब्धता की स्थिति में, उम्मीदवार के सीटीसी को स्थापित करने के लिए कट–ऑफ तिथि पर पिछले 12 महीनों की वेतन पर्ची प्रस्तुत की जानी है।

9.10. खराब गुणवत्ता/अपठनीय दस्तावेजा/अधूरे आवेदनों/विसंगतियों वाले आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।

9.11. सभी दस्तावेज उम्मीदवार द्वारा स्व–सत्यापित होने चाहिए.

10. आवेदन भरने पर कोई प्रश्न, हमारे हेल्पलाइन नंबर पर संबोधित किया जा सकता है: 011–24649610–15 एक्सटेंशन नंबर – 1168/1156/1153 सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9:30 बजे से शाम 6:49 बजे तक।

ऑनलाइन आवेदन की आरंभ तिथि	27.08.2026 को सुबह 10:30 बजे से
निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	16.09.2026 को शाम 18:00 बजे तक

EN 22/74

भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल–132001

वॉक्–इन साक्षात्कार

युवा पेशेवर–II के दो पदों तथा युवा पेशेवर–I के एक पद के चयन के लिए वॉक्–इन साक्षात्कार 11 सितंबर, 2026 को प्रातः 10:30 बजे भाकृअनुप–भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, करनाल–132001 में आयोजित किया जाएगा. ये पद पूर्णतः अस्थायी और निश्चित अवधि के हैं. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया **www.iari.res.in** देखें.

अध्यक्ष

EN 22/18

भारत सरकार

उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

सिरसा रोड, हिसार (हरियाणा) - 125001

संख्या: 3-11014/1/2025-स्था. (ई-164747)

कार्यालय अधीक्षक [साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ख' अराजपत्रित, अनुसचिवीय, लेवल-6 (रु.35400-112400)] का एक रिक्त पद को 'प्रतिनियुक्ति आधार पर', कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान [बुदनी (मध्य प्रदेश)/हिसार (हरियाणा)/अनंतपुर (आन्ध्र प्रदेश)/ विश्वनाथ चारिआली, (असम)] में तत्काल भरने के लिए केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केन्द्र शासित प्रशासन में कार्यरत पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पात्रता शर्तों का पूर्ण विवरण एवं आवेदन-पत्र के प्रारूप इत्यादि, अधोलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं :-

- **www.agricoop.nic.in**
- **fmttibudni.gov.in**
- **nrfmtti.gov.in**
- **srfmtti.dacnet.nic.in**
- **nerfmtti.nic.in**

निर्धारित प्रपत्र में सम्यक रूप से भरे गये आवेदन-पत्र (तीन प्रतियों में) पूर्ण विवरण एवं दस्तावेज के साथ रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अंदर **निदेशक, उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान, ट्रैक्टर नगर, सिरसा रोड, हिसार - 125001 (हरियाणा)** को 'उचित माध्यम' के द्वारा भिजवाया जाना चाहिए।

(निदेशक)

EN 22/11

CSIR-North East Institute of Science and Technology

[Council of Scientific & Industrial Research]
Jorhat-785006, Assam
Advertisement No. 05/2026-REC & 06/2026-REC

"Government strives to have a work force which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply"

ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तारीख : 29.08.2026 (8:30 AM.)

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 28.09.2026 (5:00 PM .)

CSIR- नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, जोरहाट, भारत सरकार के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (CSIR) के तहत एक स्वायत्त संस्था, वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) का एक प्रमुख संस्थान है. CSIR NEIST नीचे दी गई जानकारी के अनुसार, निम्नलिखित पदों के लिए उत्साही, युवा, गतिशील और प्रतिभाशाली नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:

पद का नाम	पदों की संख्या और आरक्षण की स्थिति	आवश्यक योग्यता	पे मैट्रिक्स लेवल और कुल परिलब्धियां * (लगभग)	अधिकतम आयु सीमा* (वर्ष)
कनिष्ठ आशुलिपिक	UR - 01 for PwBD SC – 01	10+2/12वीं या इसके समकक्ष योग्यता और DoPT द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार स्टेनोग्राफी में दक्षता.	Pay Level-4 (Rs. 25,500 – Rs. 81,100/-) As per 7th CPC	27
जूनियर सचिवालय सहायक	UR-01 (For ESM)	10+2/12वीं या इसके बराबर की योग्यता, और DoPT द्वारा समय-समय पर तय किए गए नियमों के अनुसार कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड और कंप्यूटर के इस्तेमाल में दक्षता.	Pay Level-2 (Rs.19,900-Rs. 63,200/-) As per 7th CPC	28
जूनियर हिंदी अनुवादक	UR-01	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेजी में मास्टर डिग्री या इसके समकक्ष डिग्री, जिसमें डिग्री स्तर पर अंग्रेजी या हिंदी एक अनिवार्य या वैकल्पिक विषय के रूप में, या परीक्षा के माध्यम के रूप में रही हो.	Pay Level-6 (Rs. 35,400.00 - Rs. 1,12,400.00/-) As per 7th CPC	30

***Posts are reserved for PwBD candidates.**

Abbreviations used : UR-Unreserved, **EWS**-Economically Weaker Section, **OBC (NCL)**-Other Backward Classes (Non-Creamy Layer), **SC**-Scheduled Caste, **ST**-Scheduled Tribes, **PwBD**-Person with Benchmark Disability; **ESM**-Ex-servicemen.

* विस्तृत विज्ञापन के लिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे संस्थान की वेबसाइट **www.neist.res.in** पर जाएं.

Controller of Administration

CBC 36216/11/0010/2627 EN 22/33

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

सुरक्षा समन्वयक [संविदा (कॉण्ट्रैक्ट) आधार पर] के पद हेतु आवेदन

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एक सांविधिक विनियामक निकाय (रेग्यूलेटरी बॉडी) है, जिसकी स्थापना संसद के अधिनियम के तहत की गई है. इसका उद्देश्य है- प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों की रक्षा करना और सिक्यूरिटीज़ मार्केट (प्रतिभूति बाजार) का विकास करने तथा उसे विनियमित (रेग्यूलेट) करना. सेबी सुरक्षा समन्वयक (सिक्यूरिटी को-ऑर्डिनेटर) [संविदा (कॉण्ट्रैक्ट) आधार पर] के 01 (एक) पद हेतु भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है.

इस विज्ञापन के संबंध में अधिक जानकारी, सेबी की वेबसाइट (**www.sebi.gov.in**) पर दी हुई है.

CBC 15204/11/0065/2627 EN 22/30

भारत सरकार Government of India

उपभोक्ता मामले विभाग
Department of Consumer Affairs

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांकः 11.08.2026

रिक्ति सूचना

पूर्णतः अस्थायी आधार पर 40,000/- रुपये प्रति माह के समेकित पारिश्रमिक पर 02 [दो] **युवा पेशेवरों** की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. अनिवार्य योग्यता, अनुभव, अन्य नियम एवं शर्तों तथा आवेदन के प्रारूप/मोड हेतु **https://consumeraffairs.gov.in** पर जाएं. इच्छुक अभ्यर्थी **(केवल भारतीय नागरिक)** दिनांक **22 अगस्त, 2026 से 5 सितंबर, 2026 तक (शाम 5:30 बजे तक) [URL: https://jagograhakjago.gov.in/vacancy]** पर केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं. ऑनलाइन मोड के अलावा अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा.

अवर सचिव, भारत सरकार
उपभोक्ता मामले विभाग

EN 22/5

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम लिमिटेड

(भारत सरकार एवं सहभागी राज्य सरकारों का संयुक्त उद्यम)
गति शक्ति भवन, आईएनए, नई दिल्ली-110023

रिक्ति सूचना

(सं. 30 एवं 31/2026)

एनसीआरटीसी निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

क्र. सं.	पद एवं वेतनमान	रिक्तियों की संख्या एवं श्रेणी	अधिकतम आयु (वर्ष)	अर्हता	भर्ती का तरीका
1.	सहायक प्रबंधक/सिविल रु. 50,000-1,60,000 (ई2) (रिक्ति सूचना सं. 30/2026)	01 (अनारक्षित)	40	**अनिवार्यः** बी.ई./बी.टेक. (सिविल) अथवा इसके समकक्ष (पूर्णकालिक).	नियमित वेतनमान पर संविदा
2.	सहायक प्रबंधक/सिविल रु. 50,000-1,60,000 (ई2) (रिक्ति सूचना सं. 31/2026)	01		**वांछनीयः** निर्माण प्रबंधन में पी.जी. डिग्री/डिप्लोमा अथवा इसके समकक्ष.	तत्काल आमेलन

- आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एनसीआरटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत रिक्ति सूचना के अनुसार होगी.
- यह एक सांकेतिक विज्ञापन है. पात्रता मानदंड, आवेदन-पत्र, पदों के संबंध में जानकारी/विवरण, चयन प्रक्रिया, संशोधन आदि के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया एनसीआरटीसी की वेबसाइट **www.ncrtc.in** के **Career** अनुभाग में रिक्ति सूचना सं. 30/2026 एवं 31/2026 देखें.

EN 22/4

राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान
National Institute of Homoeopathy

एक स्वायत्त संस्थान / An Autonomous Institute

भारत सरकार / Govt. of India

आयुष मंत्रालय / Ministry of Ayush

अनुबंध आधार पर सहायक प्रोफेसर और सलाहकार की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार की सूचना

राष्ट्रीय होमियोपैथी संस्थान (एनआईएच) की ओर से एनआईआईआई, कोलकाता और दिल्ली में अनुबंध आधार पर निम्नलिखित पदों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित हैं:

पदों के नाम	पदस्थापन का स्थान	पदों की सं.	विज्ञापन सं.	साक्षात्कार की तिथि एवं समय	साक्षात्कार का स्थान और रिपोर्टिंग समय	मासिक समेकित पारिश्रमिक	आयु (साक्षात्कार की तिथि के अनुसार)	नियुक्ति की अवधि
सहायक प्रोफेसर, केस टेकिंग और रिपर्टरी	एनआईएच कोलकाता	01	सीओएन. ईएनजी/ 02/2026	**21.09.2026 सुबह 11:00 बजे**	**राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कोलकाता रिपोर्टिंग समयः सुबह 9:00 बजे**	रु. 55,000/-	अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष और सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए 63 वर्ष होगी.	1 वर्ष तक या पदों को नियमित आधार पर भरे जाने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो.
सहायक प्रोफेसर, प्रैक्टिस ऑफ	एनआईएच दिल्ली	02	सीओएन. एनआईएच-डी/ 02/2026	**21.09.2026 सुबह 11:00 बजे**	**राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, नरेला, दिल्ली रिपोर्टिंग समयः सुबह 9:00 बजे**			
कंसल्टेंट (फिजियोथेरेपिस्ट)	एनआईएच कोलकाता	01	सीओएन. ईएनजी/ 03/2026	**21.09.2026 सुबह 11:00 बजे**	**राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान, कोलकाता रिपोर्टिंग समयः सुबह 9:00 बजे**	रु. 40,000/-	ऊपरी आयु सीमा 64 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.	31.03.2027 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो.

*(नोटः रिक्तियों की संख्या भिन्न हो सकती है)

अधिक जानकारी के लिए, कृपया https://nih.ayush.gov.in/ पर लॉग इन करें.

निदेशक,
एनआईएच, कोलकाता.

CBC 17209/11/0004/2627

EN 22/31

भाकृअनुप- भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान

218, कौलगढ़ मार्ग, देहरादून- 248195, उत्तराखंड
Tel. (O) 0135 275 7214
Fax : 0135 275 7214, 275 4213 & 2755386
Email: caoiiswc@gmail.com, वेबसाइटः cswcrtiweb.org

विज्ञापन संख्या 04/2026/ICAR-IISWC/Adm.

निम्नलिखित विवरण के अनुसार योग्य उम्मीदवारों को इस संस्थान में दिनांक 01.09.2026 को निम्नलिखित अस्थायी पदों पर चयन हेतु वॉक्-इन-साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जाता है:-

परियोजना का नाम	**जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त-पोषित परियोजना शीर्षक "Impact of Climate Change on Water Resources of Burhi Gandak Basin"**	**झरना एवं नदी पुनर्जीवन प्राधिकरण, उत्तराखंड द्वारा वित्त पोषित परियोजना शीर्षक 'एक जनपद-एक नदी' कमल गंगा नदी, पुरोला में Prioritisation and Rejuvenation Planning**
पद का नाम एवं संख्या	**वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता-1 पद**	**युवा पेशेवर-I - 01 पद**

विस्तृत विज्ञापन भा.कृ.अ.प.- भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून की वेबसाइट **http://www.cswcrtiweb.org/** पर प्रकाशित किया जा रहा है.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी (प्रशासन)

EN 22/10

काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् (आईसीएफआरई))
(पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संस्थान)
आईपीआईआरटीआई परिसर, पी.बी. सं 2273 (पीन्या मेट्रो स्टेशन के पीछे)
एचएमटी लिंक रोड, ऑफ तुमकुर रोड, पीओ. यशवंतपुर, बेंगलुरु – 560022
ई-मेल: pgdc_iwst@icfre.org / upadhyayvk@icfre.org / dir_iwst@icfre.org

प्रवेश सूचना

आईसीएफआरई– आईडब्ल्यूएसटी द्वारा वुड एवं वुड पैनल उत्पाद प्रौद्योगिकी में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की 37 वें बैच में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आई. डब्ल्यू. एस. टी. की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है तथा विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के साथ ₹ 500/- (अप्रतिदेय) का डिमांड ड्राफ्ट, जो "निदेशक, आई. डब्ल्यू. एस. टी. " के पक्ष में बेंगलुरु में देय हो, तथा सभी आवश्यक प्रमाण/पत्रों-अंकतालिकाओं की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न कर निर्धारित तिथि तक प्राप्त होना है।

शैक्षणिक योग्यता	विज्ञान स्नातक (बी.एससी.) – रसायन विज्ञान/ भौतिकी/ गणित/ वानिकी/ कृषि अथवा अभियांत्रिकी (बी.ई./बी.टेक.) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से।
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय)

वेबसाइट: www.lgbrimh.gov.in ई-मेल : mail@lgbrimh.gov.in

पोस्ट बॉक्स सं. : 15, फैक्स नं. : (03712) 233623

TEZPUR:: 784001 :: ASSAM

सं. LGB/Estt/246/01/Part-V/4850 दिनांक: 17 अगस्त, 2026

विज्ञापन सं. 03/2026

लोकप्रिय गोपीनाथ बरदलै क्षेत्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, तेजपुर, असम द्वारा भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में मनोचिकित्सा के सहायक प्रोफेसर (बाल एवं किशोर मनोचिकित्सा, डीएएम, जराचिकित्सा मानसिक स्वास्थ्य), सूक्ष्म जीवविज्ञान के सहायक प्रोफेसर और नैदानिक मनोविज्ञान के सहायक प्रोफेसर के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर है. शैक्षिक अर्हता, अनुभव, आयु आदि जैसी आवश्यकताओं का विवरण संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है. इच्छुक उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरण संस्थान की वेबसाइट www.lgbrimh.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं.

विशेष कार्य अधिकारी, उप निदेशक

EN 22/45 एलजीबीआरआईएमएच

प्रारूप

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय), भारत सरकार के अधीन पोर्ट स्वास्थ्य संगठन/एयरपोर्ट स्वास्थ्य संगठन/भूमि सीमा संगरोध केन्द्र में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्वास्थ्य निरीक्षक के पद हेतु आवेदन-पत्र का प्रपत्र

1. आवेदक का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) एवं पूर्ण पता, मोबाइल/दूरभाष संख्या सहित :

.....

2. जन्मतिथि (ईसवी सन् के अनुसार) :.....
3. सेवानिवृत्ति की तिथि :.....
4. शैक्षणिक योग्यता :.....
5. क्या आप पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूर्ण करते हैं?

(यदि किसी योग्यता को नियमों के अंतर्गत निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उसका सक्षम प्राधिकारी का विवरण दें.)

क्रम सं.	अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव	अधिकारी द्वारा धारित शैक्षणिक योग्यता/अनुभव
1.		
2		

6. कृपया स्पष्ट करें कि उपर्युक्त विवरणों के आधार पर क्या आप स्वास्थ्य निरीक्षक के पद हेतु निर्धारित पात्रता की शर्तों को पूर्ण करते हैं? : .....
7. सेवा विवरण (कालानुक्रमिक क्रम में).

(यदि नीचे दिया गया स्थान पर्याप्त न हो तो हस्ताक्षर सहित पृथक पत्रक संलग्न करें।)

कार्यालय/ संस्थान/संगठन	धारित पद	से	तक	वेतनमान/पे बैंड एवं ग्रेड पे/ वर्तमान मूल वेतन	कार्यों का विवरण

8. वर्तमान नियुक्ति का स्वरूप : .....
(तदर्थ/अस्थायी/स्थायी)
9. यदि वर्तमान नियुक्ति प्रतिनियुक्ति/संविदा के आधार पर है, तो निम्नलिखित विवरण दें—

(क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि .....

(ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा की अवधि .....

(ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम .....

10. केंद्रीय सरकार में वर्तमान नियुक्ति से संबंधित अतिरिक्त विवरण.
11. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? : .....

यदि हां, तो संशोधित वेतनमान लागू होने की तिथि तथा पूर्व संशोधित वेतनमान/पे-बैंड/ग्रेड-पे का विवरण दें.

12. वर्तमान में प्राप्त कुल मासिक परिलब्धियां (Emoluments) : .....
13. क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं?:.....
14. जिस इकाई (Unit) हेतु आप विचार किए जाना चाहते हैं, उसका नाम:

(i) ..... (प्रथम वरीयता)

(ii) ..... (द्वितीय वरीयता)

(iii) ..... (तृतीय वरीयता)

15. टिप्पणी (यदि कोई हो) : .....

घोषणा- मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा मुझे पूर्ण जानकारी है कि मेरे द्वारा प्रस्तुत जीवन-वृत्त (Curriculum Vitae) एवं उसके समर्थन में संलग्न दस्तावेजों का चयन समिति द्वारा पद के चयन के समय परीक्षण एवं मूल्यांकन किया जाएगा.

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

नाम.....

पता (दूरभाष संख्या सहित) .....

दिनांक : .....

स्थान : .....

संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी/नियोजक द्वारा प्रमाणित किया जाए

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ..... द्वारा आवेदन-पत्र में दी गई समस्त जानकारी उनके सेवा अभिलेखों से सत्यापित की गई है तथा सही पाई गई है.
2. संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई सतर्कता मामला लंबित नहीं है तथा उन्हें सतर्कता संबंधी अनापत्ति प्राप्त है.
3. अधिकारी का सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र तथा विगत 10 वर्षों के दौरान लगाए गए प्रमुख/लघु दंडों (यदि कोई हो) का विवरण संलग्न है.
4. संबंधित अधिकारी की अद्यतन एपीएआर/सीआर अथवा विगत 05 वर्षों की सत्यापित प्रतियां (राजपत्रित अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित) संलग्न हैं.

नियोजक/संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी के हस्ताक्षर

फाइल संख्या :.....

दिनांक : .....

नाम :.....

पदनाम : .....

कार्यालय की मुहर : .....

EN 22/73

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई)
टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

वी. एन. पुरव मार्ग, मानखुर्द, मुंबई-400 088

विज्ञापन सं. 03/2026

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान के राष्ट्रीय केंद्र, होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र (एचबीसीएसई) में निम्नलिखित स्थायी एवं अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

स्थायी पद	पदों की संख्या एवं आरक्षण	वेतन	अधिकतम आयु	ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि
वैज्ञानिक सहायक-बी	01-ईडब्ल्यूएस	वेतन स्तर 06, वेतन चरण 01	28 वर्ष	19/09/2026

अस्थायी पद

पद	पदों की संख्या एवं आरक्षण	मानदेय/वृत्तिका	अधिकतम आयु	चयन प्रक्रिया की तिथि
परियोजना सहायक	01-अनारक्षित	रु. 41,100/-(एचआरए 5,859/- सहित)	28 वर्ष	22/09/2026
लिपिक प्रशिक्षु	01-अनारक्षित	रु. 22000/-	28 वर्ष	23/09/2026

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया https://www.hbcse.tifr.res.in/get-involved/work-at-hbcse देखें.

शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो, तो केवल एचबीसीएसई की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा.

प्रमुख, प्रशासनिक प्रचालन

CBC 48143/11|0007/2627

EN 22/67

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

चतुर्थ तल, बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्केट, नई दिल्ली - 110 001

भारतीय विशिष्ट प्राधिकरण तकनीकी केंद्र, बेंगलुरु में अनुभाग अधिकारी के पद को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करने विषयक.

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण तकनीकी केंद्र, बेंगलुरु में अनुभाग अधिकारी के एक पद को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है. निर्धारित प्रपत्र में आवेदन निदेशक (एचआर), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई), आधार कॉम्प्लेक्स, एनटीआई लेआउट, टाटा नगर, कोडिगेहल्ली, टेक्नोलॉजी सेंटर, बेंगलुरु - 560092 को भेजे जा सकते हैं. सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 07.09.2026 है. चूंकि ये रिक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी है, अतः गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए या अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट https://old.uidai.gov.in/images/VC_74_2026_Hindi.pdf पर उपलब्ध हैं.

निदेशक (मा.सं)

आधार नामांकन और अपडेट सेवा अब आधार सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है. नजदीकी केंद्रों की जानकारी के लिए uidai.gov.in पर जाएं या 1947 पर कॉल करें

CBC 54103/11/0081/2627

EN 22/76

संख्या 26-22/2019-डीडी-III

भारत सरकार

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

5वां तल, बी विंग, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

राष्ट्रीय न्यास, नई दिल्ली के अध्यक्ष की नियुक्ति

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय न्यास के **अध्यक्ष** के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है.

2. कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए इस विभाग की वेबसाइट https://depwd.gov.in/ देखें. **आवेदन 'रोजगार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 3 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने होंगे.**

CBC 38117/11/0011/2627

EN 22/98

अस्वीकरण

रोजगार समाचार में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने होते हैं. यह आवश्यक नहीं है कि ये विचार सरकार अथवा उस संगठन के हों, जिससे वे संबंधित हैं. रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापनों की सामग्री संगठन अथवा उनके प्रतिनिधियों से संबंधित होती है. अभ्यर्थियों को आवेदन करने से पहले सामग्रियों के सही होने और उनके प्रभावों के बारे में स्वयं को अवश्य संतुष्ट कर लेना चाहिए. इन विज्ञापनों की विषयवस्तु/पाठ्य सामग्री को लेकर उत्पन्न किसी भी दायित्व के प्रति रोजगार समाचार जिम्मेदार नहीं है.

एनटीपीसी-सेल पावर कम्पनी लिमिटेड
(एनटीपीसी एवं सेल का संयुक्त उद्यम)

NSPCL/HR-Rectt/01/26

विज्ञापन 01/2026

वरिष्ठ सहायक अधिकारी/वरिष्ठ सहायक अभियंता के पदों हेतु आवेदन आमंत्रित

एनटीपीसी सेल पावर कंपनी लिमिटेड (एनएसपीसीएल), दो महारत्न कंपनियों–एनटीपीसी लिमिटेड एवं सेल–का एक प्रतिष्ठित संयुक्त उद्यम है। एनएसपीसीएल की तीन इकाइयाँ – भिलाई, दुर्गापुर एवं राउरकेला में हैं, जिनकी कुल स्थापित क्षमता 1119 मेगावाट है। एनएसपीसीएल, सेल की इकाइयों, संघ शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव तथा छत्तीसगढ़ राज्य को विद्युत की आपूर्ति करता है। इसके अतिरिक्त, एनएसपीसीएल ने नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी प्रवेश किया है। एनएसपीसीएल , योग्य एवं प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों से निम्नलिखित पदों (E1 ग्रेड) के लिए आवेदन आमंत्रित करता है:

पद/श्रेणी	वरिष्ठ सहायक अधिकारी (मानव संसाधन)	वरिष्ठ सहायक अधिकारी (विधि)	वरिष्ठ सहायक अभियंता (इलेक्ट्रिकल)	वरिष्ठ सहायक अभियंता (मैकेनिकल)	वरिष्ठ सहायक अभियंता (कन्ट्रोल एवं इंस्ट्रुमेंटेशन)	वरिष्ठ सहायक अभियंता (सूचना प्रौद्योगिकी)
वेतनमान (आईडीए पैटर्न)	Rs. 40,000/- –1,40,000/-					
ऊपरी आयु सीमा	32 वर्ष (ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार)					
पदों की संख्या	04	01	04	04	02	02
योग्यता/अनुभव	जरूरी योग्यता/अनुभव के लिए – कृपया एनएसपीसीएल की वेबसाइट पर दिए गए विस्तृत विज्ञापन को देखें।					

योग्यता उपयुक्त वैधानिक प्राधिकारी द्वारा मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से होनी चाहिए। पोस्टिंग का स्थान विस्तृत विज्ञापन के अनुसार होगा और एनएसपीसीएल कंपनी की आवश्यकता के अनुसार उम्मीदवार को किसी भी परियोजना में पोस्ट करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

पूर्ण विवरण और ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया https://www.nspcl.co.in/page/10 पर जाएँ।

ऑनलाइन आवेदन की महत्वपूर्ण तिथियां:

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि	07.09.2026 (प्रातः 10:00 बजे से)
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि	22.09.2026 (सायं 06:00 बजे तक)

इस विज्ञापन के संबंध में किसी भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र को केवल एनएसपीसीएल की वेबसाइट https://www.nspcl.co.in/page/10 पर ही जारी किया जाएगा। अभ्यर्थियों को अद्यतन जानकारी के लिए वेबसाइट नियमित रूप से देखने की सलाह दी जाती है।

EN 22/82

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
एनएएमएस बिल्डिंग, अंसारी नगर,
नई दिल्ली - 110029

रिक्ति सूचना – A-12011/1/2025-ESTB

आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय है जो राष्ट्रीय स्तर पर आधुनिक चिकित्सा और संबद्ध विशिष्टताओं के क्षेत्र में उच्च मानकों की स्नातकोत्तर परीक्षा आयोजित करता है. एनबीईएमएस प्रतिनियुक्ति के आधार पर कार्यकारी निदेशक-एनबीईएमएस के पद को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है;

पद	:	कार्यकारी निदेशक (प्रतिनियुक्ति पर)
पदों की संख्या	:	01
वेतनमान	:	रु. 144200 – रु. 218200 (वेतन मैट्रिक्स का स्तर 14) + एनपीए
आयु सीमा	:	30 अक्तूबर 2026 को 55 साल से अधिक नहीं.
शैक्षिक योग्यता	:	मेडिसिन या सर्जरी या पब्लिक हेल्थ और/या उनकी किसी भी शाखा में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री.

विस्तृत विज्ञापन, योग्यता, अनुभव और आवेदन पत्र **www.natboard.edu.in** पर उपलब्ध है.

विधिवत भरा हुआ तथा उचित माध्यम से अग्रेषित आवेदन पत्र, निर्धारित प्रारूप में सहायक दस्तावेजों के साथ अंतिम तिथि जोकि **30 अक्तूबर 2026** है, तक या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए.

12 अगस्त 2026

नई दिल्ली

अपर निदेशक (स्थापना)

EN 22/50

आनुवंशिकी संभाग

भा.कृ.अ.प- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
नई दिल्ली- 110012

Rice/2026-27

ऑनलाइन साक्षात्कार

आनुवंशिकी संभाग भा.कृ.अ.प.- भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली में **परियोजना सहयोगी-I** (रु. 31,000/-+ एचआरए प्रतिमाह) भा.कृ.अ.प. वित्त पोषित परियोजना "चावल में पचने योग्य प्रोटीन की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार हेतु एक राष्ट्रीय मिशन मोड कार्यक्रम" के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उम्मीदवार साक्षात्कार का आयोजन किया जायेगा. ईमेल आईडी **rice.qualitylab@gmail.com** पर आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 07/09/2026 ईमेल पर विज्ञप्ति रूप से अनुरोध के आधार पर है, विस्तृत जानकारी के लिए, **www.iari.res.in** देखें.

EN 22/41

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया

(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था)

रोज़गार सूचना सं. 2(4)/I/एसटीपीआई-मुख्यालय/2026-27

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) के अधीन एक स्वायत्त संस्था - सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) की ओर से नीचे दी गई ग्रुप 'बी' और उससे नीचे की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं गैर-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रिक्तियों को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं। ये रिक्तियां स्थायी नियुक्ति और/या सीधी भर्ती के आधार पर भरी जानी प्रस्तावित हैं.

क्र.सं. 1

पद का कोड	:	ए-5 (गैर-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)	
पद का नाम	:	प्रशासनिक अधिकारी (ए-V)	
वेतन मैट्रिक्स स्तर	:	लेवल 7 (44900-142400 रुपये)	
आयु सीमा (अधिकतम)	:	आमेलन के आधार पर नियुक्ति हेतु	56 वर्ष
	:	सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु	40 वर्ष (भारत सरकार की नियमावली के अनुसार छूट)
पद की सं.	:	*02 (अना-02)	➢ 01 (अना)-एसटीपीआई-बेंगलुरु ➢ 01 (अना)-एसटीपीआई-गुवाहाटी
भर्ती का तरीका	:	आमेलन/ सीधी भर्ती के आधार पर	

अनिवार्य योग्यताएं एवं अनुभवः

सीधी भर्ती के लिएः

- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री और कार्मिक/प्रशासन/सतर्कता के क्षेत्र में छह वर्ष का अनुभव. **या**
- किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातकोत्तर डिग्री और कार्मिक/प्रशासन/सतर्कता के क्षेत्र में चार वर्ष का अनुभव.

वांछनीयः कार्मिक/वित्तीय/खरीद प्रबंधन में डिप्लोमा **या**

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एमबीए और कार्मिक/प्रशासन/सतर्कता के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव.

आमेलन के लिएः

केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों के अधिकारियों को आमेलन के आधार पर नियुक्ति दी जाएगी, जोः

(i) नियमित आधार पर समान पद धारण करते हैं या वेतन मैट्रिक्स स्तर-6 (35400-112400 रुपये) में पांच (5) वर्ष की नियमित सेवा की है, और प्रशासन/कार्मिक/सतर्कता में अनुभव रखते हैं.

(ii) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताएं रखते हैं.

क्र.सं. 2

पद का कोड	:	ईएस-5 (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)	
पद का नाम	:	मेंबर टेक्निकल सपोर्ट स्टाफ (एमटीएसएस) (ईएस-V)	
वेतन मैट्रिक्स स्तर	:	लेवल 6 (35400-112400 रुपये)	
आयु सीमा (अधिकतम)	:	आमेलन के आधार पर नियुक्ति हेतु	56 वर्ष
	:	सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु	36 वर्ष (भारत सरकार की नियमावली के अनुसार छूट)
पद की सं.	:	*01 (अना-01)	➢ 01 (अना)-एसटीपीआई-हैदराबाद
भर्ती का तरीका	:	आमेलन/ सीधी भर्ती के आधार पर	

अनिवार्य योग्यताएं और अनुभवः

सीधी भर्ती के लिएः

- इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/दूरसंचार में तीन वर्षीय डिप्लोमा या इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर एप्लीकेशन/आईटी में स्नातक की डिग्री या डीओईएसीसी 'ए' लेवल प्रमाणपत्र धारक होना.

अनुभवः दो वर्ष का अनुभव.

आमेलन आधार पर नियुक्ति हेतु : केंद्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों के अधिकारियों का आमेलनः

(i) वेतन मैट्रिक्स स्तर-5 (29200-92300 रुपये) में तीन (3) वर्ष की नियमित सेवा के साथ नियमित आधार पर समान पद धारण करना.

(ii) सीधी भर्ती हेतु उल्लेखित योग्यता धारण करना.

*नोटः क्रमांक 1 और 2 में उल्लिखित कुल 3 रिक्तियों में से 1 रिक्ति पीएच (वीएच) के लिए आरक्षित है.

क्र.सं. 3

पद का कोड	:	ईएस-4 (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)	
पद का नाम	:	मेंबर टेक्निकल सपोर्ट स्टाफ (एमटीएसएस) (ईएस-IV)	
वेतन मैट्रिक्स स्तर	:	लेवल 5 (29200-92300 रुपये)	
आयु सीमा (अधिकतम)	:	आमेलन के आधार पर नियुक्ति हेतु	56 वर्ष
	:	सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु	34 वर्ष (भारत सरकार की नियमावली के अनुसार छूट)
पद की सं.	:	**03 (अजा-01, अपिव-01, ईडब्ल्यूएस-01)	➢ 01 (अजा)-एसटीपीआई-इंदौर (भोपाल) ➢ 01 (अपिव)- एसटीपीआई-नोएडा ➢ 01 (ईडब्ल्यूएस)-एसटीपीआई-हैदराबाद
भर्ती का तरीका	:	आमेलन/ सीधी भर्ती के आधार पर	

अनिवार्य योग्यताएं और अनुभवः

सीधी भर्ती के लिएः

- इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/दूरसंचार में तीन वर्षीय डिप्लोमा या इलेक्ट्रॉनिक्स/कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर अनुप्रयोग/आईटी में स्नातक या डीओईएसीसी 'ए' स्तर का प्रमाणपत्र होना चाहिए.

अनुभवः एक वर्ष

आमेलन आधार पर नियुक्ति हेतुः केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्वायत्त निकायों के अधिकारियों को आमेलन के आधार पर नियुक्त किया जाएगा, जोः

(i) नियमित आधार पर समान पद धारण करते हैं या वेतन मैट्रिक्स स्तर-4 (25500-81100 रुपये) में तीन (3) वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हैं.

(ii) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताएं रखते हैं.

क्र.सं. 4

पद का कोड	:	ए-2 (गैर-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)	
पद का नाम	:	असिस्टेंट (ए-II)	
वेतन मैट्रिक्स स्तर	:	लेवल 4 (25500-81100 रुपये)	
आयु सीमा (अधिकतम)	:	आमेलन के आधार पर नियुक्ति हेतु	56 वर्ष
	:	सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु	32 वर्ष (भारत सरकार की नियमावली के अनुसार छूट)
पद की सं.	:	**01 (अना-01)	➢ 01 (अना)-एसटीपीआई-नई दिल्ली
भर्ती का तरीका	:	आमेलन/ सीधी भर्ती के आधार पर	

अनिवार्य योग्यताएं और अनुभवः

सीधी भर्ती के लिएः किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री.

वांछनीयः: कंप्यूटर संचालन में छह महीने का प्रमाणन पाठ्यक्रम वांछनीय है.

आमेलन के आधार पर नियुक्ति के लिएः केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त निकायों के अधिकारियों को आमेलन के आधार पर नियुक्त किया जाएगा, जोः

(i) नियमित आधार पर अनुरूप पद धारण करते हैं या वेतन मैट्रिक्स स्तर-2 (रु. 19900-63200) में पांच (5) वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हैं.

(ii) सीधी भर्ती के लिए निर्धारित योग्यताएं धारण करते हैं.

(शेष पृष्ठ 31 पर)

(पृष्ठ 30 का शेष)

क्र.सं. 5

पद का कोड	:	एस-I (गैर-विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी)	
पद का नाम	:	ऑफिस अटेंडेंट (एस-I)	
वेतन मैट्रिक्स स्तर	:	लेवल-1 (18000-56900 रुपये)	
आयु सीमा (अधिकतम)	:	सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्ति हेतु	30 वर्ष (भारत सरकार की नियमावली के अनुसार छूट)
पद की सं.	:	**03 (अपिव-02, अजा-01)	➢ 01 (अपिव)-एसटीपीआई-बैंगलोर ➢ 01 (अपिव)-एसटीपीआई-नोएडा ➢ 01 (अजा)-एसटीपीआई-नोएडा
भर्ती का तरीका	:	सीधी भर्ती के आधार पर	

अनिवार्य योग्यताएं:
सीधी भर्ती के लिए: मैट्रिकुलेट या समकक्ष.
वांछनीय: टाइपिंग, कंप्यूटर और फोटोकॉपी/फैक्स मशीन/टी-कॉफी मेकर आदि के संचालन का ज्ञान.

**नोट: क्रम संख्या 3, 4 और 5 में उल्लिखित कुल 7 रिक्तियों में से, 03 रिक्तियां पीएच-(02-वीएच और 01-एमडी) के लिए आरक्षित हैं.

आवेदन कैसे करें: उपरोक्त पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार वेबसाइट **www.stpi.in** पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, आवेदन का कोई अन्य तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र को ठीक से भरें और ऑनलाइन आवेदन की सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करें. **केंद्र/राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्त संगठनों में कार्यरत व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन करते समय अपने संगठन से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की एक प्रति जमा कर सकते हैं.** भर्ती प्रक्रिया के आगे के लिए केवल पूर्ण रूप से भरे गए ऑनलाइन आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा.
आवेदन शुल्क: प्रत्येक आवेदन के लिए उम्मीदवार को 500 (केवल पांच सौ रुपये) का आवेदन शुल्क देना होगा. भुगतान का तरीका और प्रक्रिया ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर बताई जाएगी. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति/पीएच श्रेणी के उम्मीदवारों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। एक बार भुगतान किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.
चयन प्रक्रिया: उपरोक्त पदों के लिए चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी:

क्र.सं.	पदों का नाम	वेतन मैट्रिक्स लेवल	चयन का तरीका
1.	प्रशासनिक अधिकारी (ए-V)	लेवल 7 (44900-142400 रुपये)	लिखित परीक्षा
2.	सदस्य तकनीकी सहायता कर्मचारी (एमटीएसएस) ईएस-V	लेवल 6 (35400-112400 रुपये)	लिखित परीक्षा
3.	सदस्य तकनीकी सहायता कर्मचारी (एमटीएसएस) ईएस-IV	लेवल 5 (29200-92300 रुपये)	लिखित परीक्षा
4.	असिस्टेंट (ए-II)	लेवल 4 (25500-81100 रुपये)	लिखित परीक्षा
5.	ऑफिस अटेंडेंट (एस-I)	लेवल 1 (18000-56900 रुपये)	लिखित परीक्षा और कौशल जांच

ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक पूर्ण रूप से भरे गए ऑनलाइन आवेदनों में से चयन के बाद उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.
लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को ही नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाएगा.
ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन के 45 दिनों के भीतर.
(अनिवार्य योग्यता और अनुभव, आवेदन कैसे करें, आवेदन प्रक्रिया, सामान्य नियम और शर्तें, चयन मानदंड, ऑनलाइन आवेदन जमा करने की प्रारंभिक तिथि, ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, लिखित परीक्षा केंद्र आदि के बारे में जानकारी के लिए, उम्मीदवार एसटीपीआई की वेबसाइट **www.stpi.in** देख सकते हैं.)

EN 22/55

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड में पूर्णकालिक सदस्य की नियुक्ति

दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत स्थापित एक सांविधिक निकाय, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) में पूर्णकालिक सदस्य के एक (1) पद पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

अधिक जानकारी और आवेदन प्रारूप के लिए कारपोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट **www.mca.gov.in** या आईबीबीआई की वेबसाइट **www.ibbi.gov.in** को संदर्भित किया जा सकता है.

CBC 07101/11/0038/2627

EN 22/35

राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028

मोबाइल नं.: प्रधानाचार्य: 9413310842 प्रशासनिक अधिकारी: 9413310843
ई-मेल: **informsdholpur@gmail.com** एवं **principalrmsd@gmail.com**

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिए शिक्षकों की आवश्यकता

1. संविदा के आधार पर

क्र. सं.	पद का नाम एवं समेकित मासिक वेतन (रु. में)	पदों की संख्या	अनिवार्य अर्हता	वांछनीय अर्हता	आयु सीमा
1.	मास्टर (राजपत्रित) (पीजीटी), अंग्रेजी (रु. 30,000/-)	02	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में स्नातकोत्तर के साथ बी.एड.	उच्चतर माध्यमिक/वरिष्ठ माध्यमिक कक्षाओं में अध्यापन का तीन वर्ष का अनुभव. इतिहास/राजनीति विज्ञान/अर्थशास्त्र/ भूगोल/हिंदी/संस्कृत विषयों में से कम से कम दो विषयों के साथ स्नातक.	40 वर्ष से अधिक नहीं
2.	सहायक मास्टर (टीजीटी), एसएसटी (रु. 20,000/-)	01	मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एसएसटी के साथ स्नातक एवं बी.एड.		

2. पूर्ण शैक्षिक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ आवेदन, सादे कागज पर लिखित/टंकित रूप में अथवा ई-मेल के माध्यम से, सभी निर्धारित विवरण देते हुए "**प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, धौलपुर (राजस्थान)-328028**" को इस विज्ञापन के उपर्युक्त पते पर प्रकाशन की तारीख से **07 दिनों के भीतर** भेजा जा सकता है. लिखित परीक्षा और साक्षात्कार/शिक्षण अभ्यास की तारीख की सूचना ई-मेल/दूरभाष के माध्यम से दी जाएगी.

EN 22/54

F. No. A-12011/6/2023-S.O (E-VII) 1/258154/2026

भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग

केन्द्रीय जल आयोग

स्थापना-सात
सेवा भवन, पांचवां तल, कमरा नं. 528 (उ.) आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066

रिक्ति सूचना

केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली, भारत सरकार, के कार्यालय में **स्टोरकीपर**, समूह-C, {वेतन स्तर-4 (रु. 25500-81100/-) Non-Ministerial} के 01 पद को प्रतिनियुक्ति या आमेलन के आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित करता है. रिक्ति सूचना के साथ आवेदन के लिए प्रारूप और अन्य विवरण केन्द्रीय जल आयोग की वेबसाइट **http//cwc.gov.in/recruitment** पर उपलब्ध हैं.

उक्त पद में रुचि रखने वाले और योग्य अधिकारी/उम्मीदवार अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उचित चैनल के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता को इस रिक्ति सूचना के एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से **60 दिनों** के भीतर भेज सकते हैं.

(निशा गुप्ता)
अवर सचिव

EN 22/39

दूरभाष: 011-29583287, ई-मेल: estt7@nic.in

NIC

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार
ए-ब्लॉक, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

विज्ञापन क्रमांक: एनआईसी / एसटीए / 2026/2

पहले के विज्ञापन नंबर NIC /STA/2026/2 के संदर्भ में, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) वेतन स्तर-6 (रु. 35400 - रु. 112400) में इच्छुक उम्मीदवारों से **वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक-'ए'** (समूह 'बी', गैर-राजपत्रित, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पद) के पद पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

2. वे उम्मीदवार, जिनके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और वर्ष 2024/2025/ 2026 के लिए वैध GATE स्कोर हैं, वे निम्नलिखित विषयों में आवेदन करने के पात्र हैं:
(i) कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस); **(ii)** इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ईसी); **और (iii)** डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डीए).
3. विस्तृत विज्ञापन NIC की वेबसाइट **https://recruitment.nic.in** पर उपलब्ध होगा.
4. एनआईसी बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया में संशोधन / रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.
5. कोई भी अतिरिक्त जानकारी/संशोधन/परिशिष्ट केवल एनआईसी भर्ती वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा.

CBC 06106/11/0003/2627

EN 22/78

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉर्पोरेट केंद्र, मुंबई

फोन: 022-22820427; फैक्स: 022-22820411; ई-मेल: crpd@sbi.co.in

भारतीय स्टेट बैंक में कनिष्ठ सहयोगियों (ग्राहक सहायता एवं विक्रय) की भर्ती

विज्ञापन सं. CRPD/CR/2026-27/17

आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क का भुगतान : 11.08.2026 से 31.08.2026 तक

भारतीय स्टेट बैंक में लिपिक संवर्ग में **कनिष्ठ सहयोगी** (ग्राहक सहायता और विक्रय) के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवार केवल एक राज्य / केंद्र शासित प्रदेश में रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं. इस भर्ती योजना के अंतर्गत उम्मीदवार केवल एक बार ही परीक्षा के लिए उपस्थित हो सकते हैं. किसी विशेष राज्य / केंद्र शासित प्रदेश की रिक्तियों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को उस राज्य / केंद्र शासित प्रदेश की निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा (प्रत्येक राज्य / केंद्र शासित प्रदेश के लिए नीचे दी गई रिक्ति तालिका में उल्लेखित) में कुशल (पढ़ना, लिखना, बोलना और समझना) होना चाहिए. चयनित स्थानीय भाषा के ज्ञान के लिए परीक्षा का आयोजन चयन प्रक्रिया के एक भाग के रूप में किया जाएगा. यह ऑनलाइन मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद लेकिन बैंक में शामिल होने से पहले आयोजित की जाएगी. इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में विफल रहने वाले उम्मीदवारों के लिए नियुक्ति प्रस्तावित नहीं होगी. जो उम्मीदवार इस बात के प्रमाण के साथ 10वीं या 12वीं कक्षा की अंक-सूची/प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हैं कि उन्होंने निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का अध्ययन किया है, उन्हें भाषा की परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी. **कनिष्ठ सहयोगियों के लिए 5 वर्ष की सेवा पूरी होने से पहले इंटर सर्कल ट्रांसफर/इंटर स्टेट ट्रांसफर का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, 5 साल की सेवा पूरी करने के बाद, केवल असाधारण मामलों में जैसे कि बहुत ज़्यादा मानवीय आधार (Extreme Compassionate Ground) अथवा पति या पत्नी के आधार पर बैंक अपने विवेक से उस पद के लिए उस समय लागू ट्रांसफर पॉलिसी /निर्देशों के अनुसार ट्रांसफर के अनुरोध पर विचार कर सकता हैं.**

प्रारंभिक परीक्षा संभवत: **सितंबर 2026** के महीने में आयोजित की जाएगी और मुख्य परीक्षा संभवत: **नवंबर 2026 के महीने** में आयोजित की जाएगी. उम्मीदवारों को विवरणों और अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से बैंक की वेबसाइट **https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings** देखने की सलाह दी जाती है. यह परीक्षा चयन प्रक्रिया के अंतर्गत बिंदु क्रमांक 4 के अंतर्गत वर्णित होगी.

रिक्तियाँ :

सर्कल	राज्य/ केंद्र शासित प्रदेश	भाषा*	नियमित रिक्तियाँ												बैकलॉग रिक्तियाँ##											
			श्रेणी						पीडब्ल्यूबीडी				एक्सएस		अ.जा./अ. ज. जा./ अ. पि. व.				पीडब्ल्यूबीडी					एक्सएस		
			अ. जा.	अ. ज. जा.	अ. पि. व.	ई डब्ल्यू एस	सामा.	कुल	वी आई	एच आई	एल डी	डी और ई@	एक्स एस	डी एक्स एस	अ. जा.	अ. ज. जा.	अ. पि. व.	कुल	वी आई	एच आई	एल डी	डी और ई	कुल	एक्स एस	डी एक्स एस	कुल
गांधीनगर	गुजरात	गुजराती	23	49	89	33	136	330	4	4	3	3	33	14	0	0	0	0	24	25	23	21	93	167	138	305
बेंगलूरू	कर्नाटक	कन्नड़	121	53	205	76	305	760	8	8	8	7	76	34	0	0	0	0	0	8	7	2	17	27	12	39
भोपाल	मध्य प्रदेश	हिंदी	16	22	16	11	48	113	2	1	1	1	11	5	0	0	0	0	8	13	6	10	37	100	59	159
	छत्तीसगढ़		34	91	17	28	117	287	3	3	3	3	28	12	12	89	0	101	5	5	4	5	19	43	21	64
भुवनेश्वर	उड़ीसा	उड़िया	176	242	132	110	440	1100	11	11	11	11	110	49	0	0	0	0	4	4	2	3	13	2	16	18
चंडीगढ़	जम्मू एवं कश्मीर यूटी	उर्दू/हिंदी	6	9	22	8	39	84	1	1	1	1	8	3	0	0	0	0	0	1	1	1	3	2	3	5
	हिमाचल प्रदेश	हिंदी	2	0	1	0	6	9	1	0	0	0	0	0	0	3	0	3	0	2	0	2	4	10	6	16
	लद्दाख यूटी	उर्दू/ लद्दाखी/ भोटी (बोधि)	0	0	1	0	6	7	1	0	0	0	0	0	4	0	12	16	1	1	0	0	2	5	2	7
चेन्नई	तमिलनाडु	तमिल	267	14	380	141	608	1410	15	14	14	14	141	63	0	2	0	2	3	10	1	7	21	69	37	106
हैदराबाद	तेलंगाना	तेलुगु/उर्दू	41	18	70	26	105	260	3	3	3	2	26	11	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
जयपुर	राजस्थान	हिंदी	59	45	70	35	141	350	4	4	3	3	35	15	0	0	0	0	1	5	1	3	10	49	26	75
कोलकाता	पश्चिम बंगाल	बंगाली/ नेपाली	127	27	122	55	224	555	6	6	6	5	55	24	0	25	0	25	11	13	11	11	46	93	56	149
	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	हिंदी/ अंग्रेजी	0	1	4	1	9	15	1	0	0	0	1	0	0	5	1	6	1	1	1	0	3	7	3	10
	सिक्किम	नेपाली/ अंग्रेजी	3	12	14	6	25	60	1	1	1	0	6	2	0	1	0	1	1	1	1	0	3	5	2	7
लखनऊ	उत्तर प्रदेश $	हिंदी/उर्दू	52	2	67	25	104	250	3	3	2	2	25	11	1	0	0	1	0	1	2	0	3	30	0	30
महाराष्ट्र/ मुंबई मेट्रो	महाराष्ट्र $	मराठी	171	154	463	171	759	1718	18	18	17	17	171	77	37	3	51	91	2	5	12	11	30	236	45	281
मुंबई मेट्रो	गोवा	कोंकणी	1	7	11	6	37	62	1	1	1	0	6	2	0	0	1	1	1	0	0	0	1	1	0	1
गुवाहाटी	अरुणाचल प्रदेश	अंग्रेजी	0	24	0	5	26	55	1	1	1	0	5	2	0	32	0	32	1	2	1	0	4	12	5	17
	असम	असमिया/ बंगाली/ बोडो	7	13	29	11	50	110	2	1	1	1	11	4	0	0	0	0	5	7	4	7	23	65	32	97
	मणिपुर	मणिपुरी/ अंग्रेजी	0	4	1	1	8	14	1	0	0	0	1	0	2	1	0	3	0	2	0	0	2	6	3	9
	मेघालय	अंग्रेजी/ गारो/ खासी	0	10	1	2	11	24	1	0	0	0	2	1	2	0	1	3	2	2	1	2	7	14	6	20
	मिजोरम	मिज़ो	0	14	1	3	14	32	1	1	0	0	3	1	0	0	2	2	2	1	0	0	3	5	1	6
	नागालैंड	अंग्रेजी	0	12	0	2	13	27	1	1	0	0	2	1	0	0	0	0	2	2	1	0	5	11	4	15
	त्रिपुरा	बंगाली/ कोकबोरोक	8	14	0	4	22	48	1	1	0	0	4	2	0	0	0	0	2	2	1	1	6	5	3	8
कुल			**1114**	**837**	**1716**	**760**	**3253**	**7680**	**91**	**83**	**76**	**70**	**760**	**333**	**58**	**161**	**68**	**287**	**76**	**113**	**80**	**86**	**355**	**964**	**480**	**1444**

##बैकलॉग वैकेंसी, SC/ST/OBC उम्मीदवारों के लिए स्पेशल रिक्रूटमेंट ड्राइव (विज्ञापन संख्या CRPD/CR/SPLDRIVE/2026-27/16) में विज्ञापित वैकेंसी (राज्य-वार/श्रेणी-वार) के अलावा हैं.

***स्थानीय भाषा की परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन के समय उम्मीदवार को **एक भाषा का** विकल्प चुनना होगा.

@दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 के खंड (डी) और (ई) के अंतर्गत बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति.

$ महाराष्ट्र (महाराष्ट्र सर्कल/मुंबई मेट्रो सर्कल), **उत्तर प्रदेश** (लखनऊ सर्कल) राज्यों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को एसबीआई की आधिकारिक वेबसाइट : https://sbi.co.in (यहां पर : **होम पेज - ब्रांच लोकेटर** (नीचे दाईं ओर ड्रॉप पिन आइकन) - खोज विकल्पों में से चुनें सर्कल - सर्कल का नाम चुनें - कैप्चा दर्ज करें) से उन परिचालन क्षेत्रों को देख लेना चाहिए, जिनके लिए वे आवेदन करना चाहते हैं.

(शेष पृष्ठ 33 पर)

(पृष्ठ 32 का शेष)

संक्षिप्ताक्षर : अ.जा. – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **अ. पि. व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **ईडब्ल्यूएस** – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग; **सामा.** – सामान्य श्रेणी; **पीडब्ल्यूबीडी** – बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्ति; **वीआई** – दृष्टिबाधित; **एचआई** – श्रवण बाधित; **एलडी** – लोकोमोटर दिव्यांग; **डी और ई** – दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 34 की श्रेणी (डी) और (ई); **एक्सएस** – भूतपूर्व सैनिक; **डीएक्सएस** – दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक/भूतपूर्व सैनिक का/की आश्रित.

उपरोक्त रिक्तियां अनंतिम हैं और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर उक्त रिक्तियों में भिन्नता हो सकती है. उम्मीदवार केवल एक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की रिक्तियों के लिए आवेदन कर सकते हैं. **कनिष्ठ सहयोगियों के लिए 5 वर्ष की सेवा पूरी होने से पहले इंटर सर्कल ट्रांसफर/इंटर स्टेट ट्रांसफर का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, 5 साल की सेवा पूरी करने के बाद, केवल असाधारण मामलों में जैसे कि बहुत ज़्यादा मानवीय आधार (Extreme Compassionate Ground) अथवा पति या पत्नी के आधार पर बैंक अपने विवेक से उस पद के लिए उस समय लागू ट्रांसफर पॉलिसी /निर्देशों के अनुसार ट्रांसफर के अनुरोध पर विचार कर सकता हैं.** हालांकि, उसे अपने खर्च पर आवेदन किए गए राज्य के किसी केंद्र (बैंक द्वारा निर्धारित) पर निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की परीक्षा देनी होगी. मेरिट लिस्ट राज्यवार, श्रेणीवार तैयार की जाएगी और उम्मीदवारों को उनके चयन की स्थिति में उस राज्य में नियुक्त किया जाएगा, जिसके लिए वे आवेदन कर रहे हैं.

विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आरक्षण प्रचलित शासकीय दिशा–निर्देशों के अनुसार होगा.

ए. पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/डीएक्सएस अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण समस्तरीय आरक्षण है और इन्हें विभिन्न मूल श्रेणियों की रिक्तियों में शामिल किया गया है.

बी. कुल रिक्तियों में से 4.5% रिक्तियाँ विकलांग भूतपूर्व सैनिकों और युद्ध में हताहत सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित हैं, जबकि 10% रिक्तियाँ एक्सएस (कुल 14.50%) के लिए नियत की गई हैं.

नियुक्ति के मामले में पहली प्राथमिकता विकलांग भूतपूर्व सैनिकों और दूसरी प्राथमिकता युद्ध में हताहत रक्षा कर्मियों या गंभीर रूप से विकलांग (रक्षा सेवाओं के कारण 50% से अधिक विकलांगता वाले) के आश्रितों को दी जाएगी.

1. पात्रता मानदंड :

ए. आयु सीमा : (01.04.2026 तक)

01.04.2026 को 20 वर्ष से कम और 28 वर्ष से अधिक नहीं, यानी उम्मीदवार का जन्म 02.04.1998 से पहले और 01.04.2006 के बाद नहीं होना चाहिए (दोनों दिन सम्मिलित).

ऊपरी आयु सीमा में छूट शासकीय दिशा–निर्देशों के अनुसार है.

ऊपरी आयु सीमा में छूट एसबीआई के प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं के लिए लागू होगी, जिनकी नियुक्ति प्रारंभ तिथि 01.01.2022 को या उसके बाद है और जिन्होंने पंजीकरण की अंतिम तिथि अर्थात 31.08.2026 को या उससे पहले एसबीआई में एक वर्ष का निर्दिष्ट शाखा अनुभव सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, बशर्ते कि उनका आचरण और प्रदर्शन पूरी प्रशिक्षण अवधि के दौरान संतोषजनक पाया गया हो. सफलतापूर्वक प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के समापन का तात्पर्य कौशल मूल्यांकन परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) उत्तीर्ण करना और एसबीआई–एनएसडीसी/बीएफएसआई–एसएससी द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया जाने वाला संयुक्त राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाण पत्र प्राप्त करना है.

बी. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता : (31.12.2026 तक)

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक या केंद्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता. इंटीग्रेटेड ड्युअल डिग्री (आईडीडी) प्रमाण–पत्र धारक उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आईडीडी उत्तीर्ण करने की तिथि 31.12.2026 को या उससे पहले हो.

जो लोग अपने स्नातक के अंतिम वर्ष/सेमेस्टर में हैं, वे भी इस शर्त के अधीन अनंतिम रूप से आवेदन कर सकते हैं कि यदि उनका चयन अनंतिम रूप से हो तो उन्हें 31.12.2026 को या उससे पहले अपनी स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा.

2. दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) के लिए आरक्षण :

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 34 के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों को 4% समस्तरीय आरक्षण प्रदान किया गया है.

3. भूतपूर्व सैनिक : संपूर्ण विवरणों के लिए कृपया हमारी करियर वेबसाइट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

4. चयन प्रक्रिया : इस चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षण (प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा) और निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा का परीक्षण शामिल होगा.

चरण–I : प्रारंभिक परीक्षा : ऑनलाइन प्रारंभिक परीक्षा जिसमें 100 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ परीक्षा शामिल है, ऑनलाइन आयोजित की जाएगी. यह परीक्षा 1 घंटे की अवधि की होगी जिसमें 3 खंड शामिल होंगे :–

क्र.	परीक्षा का नाम	परीक्षा का माध्यम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
1.	अंग्रेजी भाषा	अंग्रेजी	30	30	20 मिनट
2.	संख्यात्मक क्षमता	*	35	35	20 मिनट
3.	तार्किक क्षमता	*	35	35	20 मिनट
	कुल	*	100	100	1 घंटा

उपरोक्तानुसार प्रत्येक परीक्षा का एक अलग समय होगा. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक होंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए नियत अंक का 1/4 भाग काट लिया जाएगा. व्यक्तिगत परीक्षा या कुल स्कोर के लिए कोई की गई न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित नहीं हैं. अनुभाग वार अंक नहीं रखे जाएंगे. मुख्य परीक्षा के लिए बैंक द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार प्रत्येक राज्य/श्रेणी से पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार (लगभग 10 गुणा रिक्त–पदों की संख्या, उपलब्धता के आधार पर) बुलाए जायेंगे. मुख्य परीक्षा के लिए सभी उम्मीदवारों (राज्य–श्रेणीवार) को उनके समग्र अंकों के आधार पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो कुल अंक के अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी.

चरण–II : मुख्य परीक्षा : ऑनलाइन मुख्य परीक्षा की संरचना इस प्रकार होगी :

क्र.	परीक्षा का नाम	परीक्षा का माध्यम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक	अवधि
1.	सामान्य/वित्तीय जागरूकता	*	50	50	35 मिनट
2.	सामान्य अंग्रेजी	अंग्रेजी	40	40	35 मिनट
3.	मात्रात्मक कौशल	*	50	50	45 मिनट
4.	तार्किक क्षमता और कंप्यूटर कौशल	*	50	60	45 मिनट
कुल			190	200	2 घंटा 40 मिनट

उपरोक्तानुसार प्रत्येक परीक्षा का एक अलग समय होगा.

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में गलत उत्तरों के लिए ऋणात्मक अंक होंगे. प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न के लिए नियत अंक का 1/4 वां अंक काट लिया जाएगा.

उम्मीदवारों को कुल मिलाकर न्यूनतम प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक है (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम/डीईएसएम उम्मीदवारों के लिए इस पर 5% छूट उपलब्ध). कुल योग पर न्यूनतम योग्यता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे. व्यक्तिगत विषय के लिए कोई न्यूनतम योग्यता अंक निर्धारित नहीं हैं. खंड–वार अंक नहीं रखे जाएंगे..

चरण–III. स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा: अनंतिम रूप से चयनित उम्मीदवारों, जिन्होंने आवेदित राज्य की किसी भी निर्दिष्ट स्थानीय भाषा का अध्ययन (कक्षा 10वीं या 12वीं में) नहीं किया है, को स्थानीय भाषा प्रवीणता परीक्षा (एलएलपीटी) देनी होगी। परीक्षा का पैटर्न इस प्रकार होगा:

क्र.	परीक्षा का नाम	अनुभाग	अंशों की संख्या	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक
1.	गैर–मौखिक परीक्षा	वस्तुनिष्ठ	3	15	15
		व्यक्तिपरक	3	15	15
2.	मौखिक परीक्षा				20

उम्मीदवारों को व्यक्तिगत परीक्षा में बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने होंगे (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएस/डीएक्सएस उम्मीदवारों के लिए, इसमें 5% की छूट उपलब्ध है).

एसबीआई के प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं को मुख्य परीक्षा में अधिकतम अंकों का 2.5% (अर्थात 200 अंकों में से 5 अंक) बोनस अंक प्रदान करके वेटेज दिया जाता है. ये बोनस अंक उम्मीदवार के कुल अंकों में जोड़कर अंतिम कुल अंक निर्धारित किए जाएँगे. ये बोनस अंक केवल तभी दिए जाएँगे जब कोई प्रशिक्षु, जिसकी नियुक्ति प्रारंभ तिथि 01.01.2022 को या उसके बाद हो और जिसने पंजीकरण की अंतिम तिथि अर्थात 31.08.2026 को या उससे पहले एसबीआई में निर्दिष्ट शाखा में एक वर्ष का अनुभव सफलतापूर्वक पूरा कर लिया हो, बशर्ते कि संपूर्ण प्रशिक्षण अवधि के दौरान उसका आचरण और प्रदर्शन संतोषजनक पाया जाए. **सफलतापूर्वक प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के समापन का तात्पर्य कौशल मूल्यांकन परीक्षा (ट्रेड टेस्ट) में उत्तीर्ण होना और एसबीआई–एनएसडीसी/बीएफएसआई–एससससी द्वारा संयुक्त रूप से जारी किया जाने वाला संयुक्त राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रमाण पत्र प्राप्त करना है.**

राज्यवार, श्रेणीवार मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी. परीक्षा (मुख्य परीक्षा) में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को संबंधित राज्यों और श्रेणियों में अवरोही क्रम में उनके कुल अंकों के अनुसार रखा जाएगा.

टिप्पणी : परीक्षा के संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी एक्वाएंट योरसेल्फ बुकलेट में दी जाएगी, जिसे पात्र उम्मीदवारों को परीक्षा के लिए कॉल लेटर के साथ उपलब्ध करवाया जाएगा.

*** आवेदित राज्य के अनुसार परीक्षा के माध्यम की सूची :**

क्र.	राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	परीक्षा का माध्यम
1	अंडमान और निकोबार	अंग्रेजी, हिंदी
2	अरुणाचल प्रदेश	अंग्रेजी, हिंदी
3	असम	अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली
4	छत्तीसगढ़	अंग्रेजी, हिंदी
5	गोवा	अंग्रेजी, हिंदी, कोंकणी
6	गुजरात	अंग्रेजी, हिंदी, गुजराती
7	हिमाचल प्रदेश	अंग्रेजी, हिंदी
8	जम्मू और कश्मीर	अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू
9	कर्नाटक	अंग्रेजी, हिंदी, कन्नड़
10	लद्दाख	अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू
11	मध्य प्रदेश	अंग्रेजी, हिंदी
12	महाराष्ट्र	अंग्रेजी, हिंदी, मराठी
13	मणिपुर	अंग्रेजी, हिंदी, मणिपुरी
14	मेघालय	अंग्रेजी, हिंदी
15	मिजोरम	अंग्रेजी, हिंदी
16	नागालैंड	अंग्रेजी, हिंदी
17	उड़ीसा	अंग्रेजी, हिंदी, उड़िया
18	राजस्थान	अंग्रेजी, हिंदी
19	सिक्किम	अंग्रेजी, हिंदी
20	तमिलनाडु	अंग्रेजी, हिंदी, तमिल
21	तेलंगाना	अंग्रेजी, हिंदी, तेलुगु, उर्दू
22	त्रिपुरा	अंग्रेजी, हिंदी
23	उत्तर प्रदेश	अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू
24	पश्चिम बंगाल	अंग्रेजी, हिंदी, बंगाली

निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा का परीक्षण :

जो उम्मीदवार चयन के लिए पात्र होते हैं और 10वीं या 12वीं की अंक तालिका/प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं, जिसमें स्पष्ट रूप से चयनित स्थानीय भाषा के अध्ययन का प्रमाण उपलब्ध हो, उन्हें भाषा की कोई परीक्षा नहीं देनी होगी. अन्य के मामले में (चयन के लिए पात्रता प्राप्त), अस्थायी चयन के बाद निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जो बैंक की सेवा में आने से पहले होगी. इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने में विफल रहने वाले उम्मीदवारों के लिए नियुक्ति प्रस्तावित नहीं होगी. निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा में प्रवीण नहीं पाए जाने वाले उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा.

अनंतिम चयन (विशिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की पात्रता के अद्यधीन).

प्रारंभिक परीक्षा (चरण–I) में प्राप्त अंकों को चयन के लिए नहीं जोड़ा जाएगा और अंतिम मेरिट सूची तैयार करने के लिए केवल मुख्य परीक्षा (चरण–II) में प्राप्त कुल अंकों पर ही विचार किया जाएगा. अनंतिम चयन परीक्षा (मुख्य परीक्षा) में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा.

अंतिम चयन निम्नांकित शर्तों के अधीन होगा –

i. पद के लिए पात्रता का सत्यापन और ऑनलाइन आवेदन में दी गई जानकारी.

ii. निर्दिष्ट चयनित स्थानीय भाषा की परीक्षा, जहां लागू हो, में अर्हता, जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है.

चयन के लिए अनंतिम रूप से पात्र उम्मीदवारों के परिणाम बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए जाएंगे.

प्रतीक्षा सूची : रिक्त–पदों के 50% तक एक प्रतीक्षा सूची (राज्य वार/श्रेणी वार) बनाकर रखी जाएगी. केवल इस बैच के किसी चयनित उम्मीदवार के योगदान न करने और त्यागपत्र देने पर इस प्रतीक्षा सूची से तिमाही आधार पर प्रतीक्षा सूची में रखे गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे परंतु यह नियुक्ति–पत्र केवल उन्हीं उम्मीदवारों को जारी किए जाएंगे जिन्होंने चयन के लिए बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम पात्रता अंक प्राप्त किए हैं. यह प्रतीक्षा सूची अंतिम परिणाम घोषित करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए वैध रहेगी.

5. वेतनमान: रु. 24050–1340/3–28070–1650/3–33020–2000/4–41020–2340/7–57400–4400/1–61800–2680/1–64480.

प्रारंभिक मूल वेतन रु. 26730/– (रु. 24050/– और साथ ही स्नातकों के लिए स्वीकार्य दो अग्रिम वेतन वृद्धि) है.

6. परिवीक्षा अवधि : चयनित उम्मीदवार नियुक्ति के समय लागू बैंक के सेवा विनियमों के नियमों व शर्तों द्वारा शासित होंगे.

(शेष पृष्ठ 34 पर)

(पृष्ठ 33 का शेष)

7. **परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण :** बैंक भारत सरकार द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप अ.जा./अ.ज.जा./भूतपूर्व सैनिक/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूबीडी के उम्मीदवारों के लिए परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था करेगा. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण ऑनलाइन आयोजित किया जाएगा. सभी पात्र उम्मीदवार जो परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुनते हैं और इसका लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन में संबंधित कॉलम भरना चाहिए. परीक्षा–पूर्व प्रशिक्षण का विकल्प चुनने वाले उम्मीदवारों को अपना पंजीकरण नंबर और जन्म तिथि दर्ज करके बैंक की वेबसाइट से प्रशिक्षण के लिए अपना कॉल लेटर डाउनलोड करना चाहिए. कॉल लेटर की कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी.

8. **आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार : (नॉन रिफंडेबल)**

क	श्रेणी	शुल्क/सूचना प्रभार
1.	अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी/ईएसएम/डीईएसएम	शून्य
2.	सामान्य/अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस	रु. 750/–

एक बार भुगतान किया गया शुल्क/सूचना प्रभार किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित रखा जा सकता है.

संपूर्ण विवरणों के लिए बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in/web/careers/current-openings पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन देखें.

मुंबई

बैंक मुद्रण त्रुटियों, यदि कोई हों, के लिए उत्तरदायी नहीं है.

दिनांक: 11.08.2026

EN 22/102

महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (भारत सरकार का उपक्रम) ENGINEERS INDIA LIMITED (A Govt. of India Undertaking)

पंजीकृत कार्यालयः इंजीनियर्स इंडिया भवन, 1, भीकाजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110066

निश्चित अवधि के आधार पर अनुभवी कार्मिकों की नियुक्ति

इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड, नवरत्न श्रेणी का सार्वजनिक उपक्रम तथा भारत की अग्रणी समग्र समाधान इंजीनियरिंग परामर्शी कंपनी को **पाइपलाइन एवं अपतटीय परियोजनाओं में तैनाती हेतु निश्चित अवधि के आधार पर** मैकेनिकल, सिविल, महासागर/मरीन तथा नेवल आर्किटेक्चर जैसे इंजीनियरिंग क्षेत्रों में उत्कृष्टता के प्रति उत्साही और देश की विकास गाथा में भागीदार बनने के इच्छुक ऊर्जावान उम्मीदवारों की आवश्यकता है:–

पदनाम	शैक्षणिक योग्यता और न्यूनतम योग्यता पश्चात संबंधित अनुभव	अवधि	आवश्यकता (संख्या)	आरक्षण
एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड–I (पाइपलाइन/पाइपिंग इंजीनियर)	मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (इंजीनियरिंग) के लिए 2 वर्ष	2 वर्ष	6	अनारक्षित–2, अ.जा.–1, अ.ज.जा.–1, अ.पि.व.–1, ईडब्ल्यूएस–1
एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड–I (ऑफशोर स्ट्रक्चरल इंजीनियर)	सिविल/महासागर/मरीन/नेवल आर्किटेक्चर में बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (इंजीनियरिंग) के लिए 2 वर्ष	2 वर्ष	4	अनारक्षित–2, अ.जा.–1 एवं अ.पि.व.–1
एसोसिएट इंजीनियर ग्रेड–I (परियोजना इंजीनियर)	मैकेनिकल/सिविल/महासागर/मरीन/नेवल आर्किटेक्चर में बी.ई./बी.टेक./बी.एससी. (इंजीनियरिंग) के लिए 2 वर्ष	2 वर्ष	2	अनारक्षित–1 एवं अ.पि.व.–1

उपर्युक्त पदों के लिए इच्छुक उम्मीदवार कंपनी की वेबसाइट http://www.engineersindia.com पर दिए गए विस्तृत विज्ञापन को ध्यान से पढ़ें और ऑनलाइन आवेदन भरकर जमा करें। ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक दिनांक **25.08.2026 से 08.09.2026** तक उपलब्ध रहेगा। पात्र और इच्छुक उम्मीदवार उपर्युक्त निर्धारित अवधि के दौरान पंजीकरण पूर्ण करें और अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करें। ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक जमा करने पर उम्मीदवार को एक पंजीकरण संख्या प्रदान की जाएगी। कृपया जमा किए गए आवेदन का प्रिंटआउट ले। चयन प्रक्रिया हेतु उपयुक्त एवं पात्र अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया जाएगा।

तिथि, स्थान और रिपोर्टिंग का समय

चयन प्रक्रिया ईआईएल गुरुग्राम, चेन्नई, बेंगलुरु, कोलकाता, मुंबई एवं वडोदरा कार्यालय में की जाएगी। चयन प्रक्रिया की निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान की सूचना उम्मीदवारों को उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी पर अलग से दी जाएगी।

नोटः उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे विस्तृत विज्ञापन के अनुसार सभी शैक्षिक और अनुभव संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा न करने वाले उम्मीदवारों पर विचार नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर चयन प्रक्रिया शाम 8 बजे तक और यदि आवश्यक हो, तो अगले दिन भी आयोजित की जा सकती है। केवल उन उम्मीदवारों पर ही विचार किया जाएगा जिन्होंने ऑनलाइन पंजीकरण किया है और वैध पंजीकरण संख्या वाले प्रिंटआउट के साथ रिपोर्ट किया है। **जिन उम्मीदवारों ने अपना ऑनलाइन आवेदन जमा नहीं किया है, उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

मा.सं.वि./भर्ती/विज्ञापन/2026–27/07

EN 22/89

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं रोबोटिक्स केंद्र

सी.वी. रमन नगर, बेंगलुरु-560093, कर्नाटक

जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए वॉक्-इन साक्षात्कार

पदः जेआरएफ — 01 रिक्ति

विषयः कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजीनियरिंग/डेटा विज्ञान/कृत्रिम बुद्धिमत्ता/सूचना विज्ञान

साक्षात्कार की तिथिः 19 सितंबर, 2026

स्थानः सीएआईआर, बेंगलुरु

अर्हताओं तथा अन्य संबंधित जानकारी के विस्तृत विवरण के लिए कृपया डीआरडीओ की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.drdo.gov.in)** देखें।

CBC 10301/11/0080/2627

EN 22/65

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना
All India Institute of Medical Sciences, Patna

फुलवारीशरीफ, पटना- 801507

संख्याः FTS-15070(XV)/Deputation/2026 दिनांकः 11.08.2026

प्रतिनियुक्ति पर रिक्ति सूचना

केंद्र/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/स्वायत्त निकाय/विश्वविद्यालय/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/मंत्रालय/अनुसंधान एवं विकास संगठन/केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पुलिस विभाग/अर्धसैनिक बलों सहित सशस्त्र बलों के पात्र अधिकारियों से, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना में प्रतिनियुक्ति के आधार पर निम्नलिखित समूह 'क' पदों को भरने हेतु, यथालागू, निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों हेतु आवेदन करने के लिए अपेक्षित आवश्यक अर्हता, अनुभव आदि निम्नानुसार हैं:-

क्र. सं.	पद का नाम	वेतन मैट्रिक्स एवं स्तर	पदों की संख्या
01.	अधीक्षण अभियंता	स्तर-13 (₹ 1,23,100 - ₹ 2,15,900)	1
02.	मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष	स्तर-13 (₹ 1,23,100 - ₹ 2,15,900)	1
03.	वरिष्ठ विश्लेषक (सिस्टम विश्लेषक)	स्तर-12 (₹ 78,800 - ₹ 2,09,200)	1
04.	उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
05.	अस्पताल वास्तुकार	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
06.	वरिष्ठ क्रय-सह-भंडार अधिकारी	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
07.	कार्यकारी अभियंता (एसी एवं आर)	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
08.	कार्यकारी अभियंता (विद्युत)	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
09.	मुख्य चिकित्सा सामाजिक सेवा अधिकारी	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
10.	सीएसएसडी (CSSD) अधिकारी	स्तर-11 (₹ 67,700 - ₹ 2,08,700)	1
11.	वरिष्ठ आहार विशेषज्ञ (सहायक खाद्य प्रबंधक)	स्तर-10 (₹ 56,100 - ₹ 1,77,500)	2
12.	लेखा अधिकारी	स्तर-10 (₹ 56,100 - ₹ 1,77,500)	3*
13.	सुरक्षा अधिकारी	स्तर-10 (₹ 56,100 - ₹ 1,77,500)	1
14.	मुख्य चिकित्सा अभिलेख अधिकारी	स्तर-10 (₹ 56,100 - ₹ 1,77,500)	1
15.	पर्यवेक्षी चिकित्सा सामाजिक सेवा अधिकारी	स्तर-10 (₹ 56,100 - ₹ 1,77,500)	1

*** दो (02) पद अनंतिम हैं, वर्तमान में कार्यरत दो लेखा अधिकारियों के कार्य जारी न रहने की प्रत्याशा में।**

निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण किए गए आवेदन को अपेक्षित दस्तावेजों सहित उचित माध्यम से भेजने की अंतिम तिथि, एम्स पटना की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् www.aiimspatna.edu.in पर विज्ञापन के प्रकाशन से 30 दिन तक है। आवेदन का प्रारूप तथा पदों से संबंधित आयु, अर्हता, अनुभव एवं अन्य जानकारी का विवरण एम्स पटना की आधिकारिक वेबसाइट अर्थात् www.aiimspatna.edu.in पर उपलब्ध है। आगे कोई भी परिशिष्ट, शुद्धिपत्र एवं अधिसूचनाएँ, यदि कोई हों, संस्थान की वेबसाइट www.aiimspatna.edu.in पर उपलब्ध होंगी।

ह०/-
कार्यकारी निदेशक
एम्स, पटना

EN 22/103

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.

भारत सरकार का नवरत्न उपक्रम । A Navratna Undertaking of Govt. of India

सी–3, मथुरा रोड, अपोलो हॉस्पिटल के सामने, नई दिल्ली–110076

सांकेतिक भर्ती सूचना

(रोज़गार अधिसूचना संख्या 05/2026)

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड (कॉनकॉर), जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत एक 'नवरत्न' केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है, नीचे दी गई जानकारी के अनुसार एग्जीक्यूटिव और सुपरवाइजरी कैडर में निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है:–

क्र. सं.	पद के नाम/वेतनमान	श्रेणी						आयु सीमा
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.–एनसीएल	ईडब्ल्यूएस	अना.	कुल	
1.	प्रबंधन प्रशिक्षु (सीएंडओ)/₹50,000–3%–₹1,60,000	04	03	04	02	12	25	18–28 वर्ष
2.	प्रबंधन प्रशिक्षु (लेखा)/₹50,000–3%–₹1,60,000	01	01**	03	-	04	09*	18–28 वर्ष
3.	प्रबंधन प्रशिक्षु (लेखा)/अनुपालन/₹50,000–3%–₹1,60,000	*प्रबंधन प्रशिक्षु (लेखा)/अनुपालन के लिए 1 पद शामिल						18–28 वर्ष
4.	प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी)/₹ 50,000–3%–₹ 1,60,000	01	-	01	-	02	04	18–28 वर्ष
5.	प्रबंधन प्रशिक्षु (एमआईएस)/₹ 50,000–3%–₹1,60,000	01	-	01**	-	01	03	18–28 वर्ष
6.	प्रबंधन प्रशिक्षु (सिविल)/₹50,000–3%–₹1,60,000	-	-	01	-	01	02	18–28 वर्ष
7.	प्रबंधन प्रशिक्षु (पीएंडए)/₹ 50,000–3%–₹1,60,000	-	-	-	-	02	02	18–28 वर्ष
8.	सहायक अधिकारी (सीएंडओ)/₹40,000–3%–₹1,36,000	03	02	05	01	09	20	18–32 वर्ष
9.	सहायक अधिकारी (लेखा)/₹40,000–3%–₹1,36,000	-	-	01	-	01	02	18–32 वर्ष
10.	सहायक अधिकारी (तकनीकी)/₹ 40,000–3%–₹1,36,000	01	-	01	-	02	04	18–32 वर्ष
11.	सहायक अधिकारी (एमआईएस)/₹40,000–3%–₹1,36,000	-	-	01	-	01	02	18–32 वर्ष
12.	सहायक अधिकारी (सिविल)/₹40,000–3%–₹1,36,000	01	-	01	-	02	04	18–32 वर्ष
**पिछली लंबित (बैकलॉग) रिक्तियां					कुल		77	

ऑनलाइन पंजीकरण/आवेदन जमा करने की प्रक्रिया **31.08.2026, प्रातः 10:00 बजे** से प्रारंभ होगी तथा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.09.2026 को रात्रि 11:55 बजे तक** होगी। इच्छुक अभ्यर्थी योग्यता, अनुभव, आयु में छूट, वेतनमान, सामान्य निर्देश आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कॉनकॉर की वेबसाइट **https://www.concorindia.co.in → HR & Career Section → Recruitment and Result** पर देख सकते हैं। आगे, यदि कोई शुद्धिपत्र अथवा अन्य कोई सूचना जारी की जाती है, तो उसे केवल कॉनकॉर की वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

EN 22/86

सं. Admin-12011(16)/5/2026-eoffice
भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन
(औषधि अनुभाग)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, केंद्रीय औषधि प्रयोगशाला, कोलकाता में नीचे उल्लिखित पद को संयुक्त पद्धति अर्थात पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण के माध्यम से भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है. इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे पूर्ण बायोडाटा सहित अपना आवेदन **श्री रंजन डोले, उप निदेशक (प्रशासन), केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO), एफडीए भवन, कोटला रोड, नई दिल्ली-110002 को रोज़गार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें.**

2. अधिक जानकारी के लिए कृपया सीडीएससीओ की वेबसाइट **https://cdsco.gov.in** देखें.

क्र. सं.	पद का नाम	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन	पदों की संख्या	जिस कार्यालय के लिए पद भरा जाना है
1.	अनुसंधान सहायक (भेषजगुण विज्ञान)	वेतन स्तर-7 (रु. 44,900-1,42,400)	01	सीडीएल, कोलकाता

उप निदेशक (प्रशासन)
सी.डी.एस.सी.ओ. मुख्यालय

CBC 17194/11/0021/2627 EN 22/80

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

रिक्ति परिपत्र संख्या : 1-11/2026-मानव संसाधन

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के मुख्यालय नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के पद को भरने के संबंध में.

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है:

पद का नाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन लेवल-6 (रुपये 35400-112400)

2. आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 22 सितम्बर 2026 है.

3. अन्य विवरण तथा आवेदन पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते है.

CBC 06202/11/0042/2627 EN 22/83

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029

रिक्ति परिपत्र संख्या : 1-10/2026-मानव संसाधन

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के मुख्यालय नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर प्रधान निजी सचिव के पद को भरने के संबंध में.

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है:

पद का नाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन
प्रधान निजी सचिव	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन लेवल-11 (रुपये 67700-208700)

2. आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 22 सितम्बर 2026 है.

3. अन्य विवरण तथा आवेदन पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते है.

CBC 06202/11/0044/2627 EN 22/84

महत्वपूर्ण सूचना

हम सं.लो.से.आ., क.च.आ., रेलवे भर्ती बोर्ड आदि द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम प्रकाशित करते समय पूरी सावधानी रखते हैं. यद्यपि, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आधिकारिक अधिसूचना/गजट की जांच कर लें. अनजाने में हुई मुद्रण त्रुटि के लिए रोज़गार समाचार जिम्मेदार नहीं होगा.

SAGARMALA
भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

मुख्य अभियंता एवं प्रशासक कार्यालय
अंडमान लक्षद्वीप बंदरगाह संकर्म
श्री विजयपुरम-744101
Phone : 232864, 232862, 232753
Fax : 03192-233245

Government of India
Ministry of Ports, Shipping & Waterways
ITUWTSA NEW DELHI 2024

Office of the Chief Engineer & Administrator
Andaman Lakshadweep Harbour Works
Sri Vijaya Puram-744101
Website: http://andssw1.and.nic.in/alhw
Email: alhw.and@nic.in/ee-alhw@and.nic.in/ nit_alhw@rediffmail.com

नं. ALHW/ADM/1/16/2024-ESTT-HO/12334 दिनांक : 12.08.2026

रिक्ति परिपत्र

पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत **अंडमान लक्षद्वीप हार्बर वर्क्स (ALHW)** में प्रतिनियुक्ति, जिसमें अल्पकालिक अनुबंध आधार भी शामिल है, पर सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल-12 में एक (01) उप मुख्य अभियंता (सिविल) के पद को भरने के संबंध में.

सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार लेवल-12 में (6ठे केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार पूर्व-संशोधित वेतनमान पीबी-3, 15,600–39,100 + रु. 7,600 ग्रेड पे) प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के आधार पर उप मुख्य अभियंता (सिविल) के एक पद को भरा जाए. प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्ष होगी तथा आवश्यकता के अनुसार इसे बढ़ाया या कम किया जा सकता है. पदस्थापन का स्थान अंडमान एवं निकोबार तथा लक्षद्वीप द्वीप समूह होगा. लेवल-12 में लागू वेतन एवं भत्ते, जैसे महंगाई भत्ता, विशेष क्षेत्र भत्ता, द्वीप विशेष भत्ता, मकान किराया भत्ता/आवास, यात्रा भत्ता आदि केंद्र सरकार की नीतियों के अनुसार देय होंगे. पद के लिए पात्रता की शर्तें, शैक्षणिक योग्यताएं, आवश्यक अनुभव तथा अन्य विवरण अनुलग्नक-I में दिए गए हैं.

2. प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) के वेतन तथा अन्य नियम एवं शर्तें समय-समय पर संशोधित DoP&T कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-Estt (Pay-II), दिनांक 17.06.2010 के अनुसार विनियमित होंगी. कैडर नियंत्रण प्राधिकरणों से अनुरोध है कि पात्र एवं इच्छुक अधिकारियों के आवेदन, संलग्न निर्धारित प्रोफॉर्मा (अनुलग्नक-II) में, दो प्रतियों में उचित माध्यम से भेजें. इसमें स्वायत्त एवं सांविधिक निकायों के वे अधिकारी भी शामिल हैं, जिनकी सेवाएं चयन होने की स्थिति में कार्यमुक्त की जा सकती हैं.

आवेदन रोज़गार समाचार तथा अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के आसपास के प्रमुख स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों (चेन्नई, कोलकाता, विशाखापत्तनम, कोच्चि आदि) में सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर अवर सचिव (ALHW), पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय, कमरा संख्या 535, परिवहन भवन, 1-पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली-110001 के पते पर भेजे जाएं. आवेदन पत्र/प्रोफॉर्मा अनुलग्नक-II में तथा नियोक्ता के कैडर नियंत्रण प्राधिकरण/विभागाध्यक्ष द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण-पत्र अनुलग्नक-III में है. विवरण/अनुलग्नकों के लिए लिंक: **andssw1.and.nic.in/alhw**

आवेदन के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज:

क. आवेदक की अद्यतन ACR/APAR डोजियर, अथवा पिछले पांच (05) वर्षों की ACR/APAR की स्पष्ट छायाप्रतियां, जिनके प्रत्येक पृष्ठ पर कम से कम अवर सचिव पद के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया हो.

ख. सतर्कता स्वच्छता प्रमाण-पत्र

ग. सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र

घ. पिछले दस वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए किसी बड़े या छोटे दंड, यदि कोई हो, का विवरण दर्शाने वाला प्रमाण-पत्र/विवरण.

ङ. कैडर नियंत्रण प्राधिकरण/विभागाध्यक्ष द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, जिसमें यह प्रमाणित किया गया हो कि उम्मीदवार द्वारा दिए गए विवरणों का सेवा अभिलेखों के अनुसार सत्यापन कर लिया गया है और वे सही पाए गए हैं.

3. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन, अथवा उपर्युक्त दस्तावेजों में से किसी के बिना प्राप्त आवेदन, या अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदन, अथवा निर्धारित प्रोफॉर्मा में नहीं होने वाले आवेदन अस्वीकार किए जा सकते हैं. जो अधिकारी इस पद के लिए आवेदन करते हैं, उन्हें बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

4. कैडर प्राधिकरण, आवेदन अग्रेषित करते समय यह सत्यापित एवं प्रमाणित करेंगे कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरण सही हैं. यह भी पुष्टि की जानी चाहिए कि चयन होने पर संबंधित अधिकारी को उनके वर्तमान कर्तव्यों से कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

5. सभी मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि इस रिक्ति की सूचना अपने संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा अन्य संस्थानों में प्रसारित करें.

प्रशासनिक अधिकारी (ALHW)
फोन नं.: 03192-232862

EN 22/91

NIF-India

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान - भारत
भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का स्वायत्तशासी संस्थान
अमरापुर, महुड़ी रोड, गांधीनगर, गुजरात-382650
फ़ोन: 02764261134; वेब: www.nif.org.in

विज्ञापन सं. 02/2026

राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान - भारत (NIF) से सीधी भर्ती के द्वारा योग्य भारतीय नागरिकों से वैज्ञानिक पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करता है.

पद का नाम	पदों की संख्या	श्रेणी - वार रिक्ति विवरण	वेतन स्तर (7वें CPC के अनुसार)	आयु सीमा
वैज्ञानिक 'D'	01	अनारक्षित-01	12	अधिकतम 40 वर्ष
वैज्ञानिक 'C'	04	अनारक्षित-01, अनुसूचित जाति-01, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर)-02	11	अधिकतम 35 वर्ष
वैज्ञानिक 'B'	05	अनारक्षित-04, अन्य पिछड़ा वर्ग - 01 (नॉन-क्रीमी लेयर)	10	अधिकतम 35 वर्ष

आवेदन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश जैसे विस्तृत शैक्षणिक योग्यता (आवश्यक एवं वांछनीय), अनुभव मानदंड, आयु सीमा, और अन्य सामान्य नियमों व शर्तों की पूरी जानकारी के लिए, कृपया राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (NIF) की आधिकारिक वेबसाइट **https://nif.org.in/careers** तथा हमारे आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (X, Facebook, एवं Linkedin) का अवलोकन करें.

उपरोक्त पद के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **30 दिन** होगी.

निदेशक, रा.न.प्र.-भारत

CBC 36118/11/0001/2627 EN 22/99

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
एएससी सेंटर (दक्षिण)-बैंगलोर

रोज़गार सूचना

1. निम्नलिखित पदों के लिए भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो नीचे उल्लिखित आवश्यक योग्यताओं/ विशिष्टताओं को पूरा करते हों. आवेदन केवल निर्धारित प्रारूप में सादे कागज पर टाइप किए हुए अथवा साफ-सुथरे हस्तलिखित होने चाहिए. सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन के साथ, उचित डाक टिकट लगा हुआ स्वयं के पते वाला पंजीकृत लिफाफा तथा सभी आवश्यक दस्तावेजों की विधिवत स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न करके निम्न पते पर भेजा जाना चाहिए: **प्रिसाइडिंग ऑफिसर, सिविलियन डायरेक्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड, सिविल सीआर, एएससी सेंटर (दक्षिण), अग्रैम पोस्ट, बेंगलुरु - 560007**
प्रस्तावित रिक्तियां निम्नानुसार हैं:-

पद का नाम एवं पे मैट्रिक्स में वेतन स्तर	वेतन मैट्रिक्स स्तर	पदों की संख्या	श्रेणी-वार वितरण (वर्टिकल आरक्षण)					क्षेतीज आरक्षण
			यूआर	एससी	एसटी	ओबीसी	ईडब्ल्यूएस	
फायरमैन (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) रु. 19,900 + DA तथा नियमानुसार अन्य भत्ते	2	28	11 (जिसमें 1 PWD, 1 ESM, 1 MSP शामिल)	4	2	8 (जिसमें 1 ESM शामिल)	3	1. 4% दिव्यांग व्यक्तियों (PWD) के लिए आरक्षित, 2. 10% पूर्व-सैनिकों (ESM) के लिए आरक्षित, 3. 5% मेधावी खेल व्यक्तियों (MSP) के लिए, नियुक्ति प्राधिकारी के विवेकानुसार आरक्षित
लीडिंग फायरमैन (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) रु. 21,700 + DA तथा नियमानुसार अन्य भत्ते	3	1	-	-	-	-	1	
फायर इंजन ड्राइवर (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) रु. 21,700 + DA तथा नियमानुसार अन्य भत्ते	3	1	-	-	-	-	1	
लाइब्रेरियन (केवल पुरुष उम्मीदवारों के लिए) रु. 25,500 + DA तथा नियमानुसार अन्य भत्ते	4	1	1	-	-	-	-	
कुल		31	12	4	2	8	5	

नोट्स:-

1.1 शारीरिक रूप से दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए लीडिंग फायरमैन, फायर इंजन ड्राइवर और लाइब्रेरियन ट्रेड में कोई रिक्ति नहीं है.

1.2 उम्मीदवार केवल एक ट्रेड के लिए आवेदन कर सकता है. यदि उम्मीदवार एक से अधिक ट्रेड के लिए आवेदन करता है, तो उसका आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा.

1.3 सभी पत्राचार, जिसमें लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर भेजना भी शामिल है, केवल ई-मेल के माध्यम से किया जाएगा. केवल भौतिक प्रति भेजी जाएगी. अतः उम्मीदवारों को अपना कार्यशील मोबाइल नंबर और ई-मेल पता अवश्य अंकित करना चाहिए.

1.4 आवेदकों को सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों की स्पष्ट एवं पठनीय, स्व-सत्यापित प्रतियां प्रस्तुत करनी होंगी (मैट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र, अंक-पत्र, आधार कार्ड, PAN कार्ड, निवास प्रमाण-पत्र, अनुभव प्रमाण-पत्र, जाति/श्रेणी (SC/ST/OBC/PH (PWD)/ESM/EWS आदि) के प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रति भी आवेदन के साथ हार्ड कॉपी में संलग्न करनी होगी.

2. ऊपर उल्लखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम है. कमांडेंट, ASC सेंटर (दक्षिण), पोस्ट- अग्रैम, बेंगलुरु-07 को आवश्यकता होने पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित है.

3. आवेदकों की जानकारी के लिए पद एवं स्थान के अनुसार प्रस्तावित रिक्तियां निम्नलिखित हैं:-

क्रम सं.	पद का नाम	स्टेशन/स्थान का नाम	रिक्तियों की संख्या
3.1	फायरमैन	भालुकमारा, जोरहाट	1
3.2	फायरमैन	बरेली	4
3.3	फायरमैन	बेंगडुबी	4
3.4	फायरमैन	नसीराबाद	1
3.5	फायरमैन	रुड़की	1
3.6	फायरमैन	चंडीमंदिर	1
3.7	फायरमैन	उधमपुर	2
3.8	फायरमैन	अंबाला	1
3.9	फायरमैन	फतेहगढ़	1
3.10	फायरमैन	लखनऊ	1
3.11	फायरमैन	नारंगी, गुवाहाटी	1
3.12	फायरमैन	दिल्ली	2
3.13	फायरमैन	बुधखरबु	1
3.14	फायरमैन	मिसामारी	1
3.15	फायरमैन	सूरतगढ़	2
3.16	फायरमैन	किरकी	1
3.17	फायरमैन	जैसलमेर	2
3.18	फायरमैन	राजौरी	1
3.19	लीडिंग फायरमैन	अमृतसर	1
3.20	फायर इंजन ड्राइवर	देवलाली	1
3.21	लाइब्रेरियन	बेंगलुरु	1
		कुल	31

4. योग्यता के मानदंड:-

क्रम सं.	संक्षेप में	विवरण
4.1	योग्यता	**फायरमैन** 4.1.1 किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 4.1.2 सभी प्रकार के अग्निशामकों (Fire Extinguishers), होज़ फिटिंग्स तथा अग्निशमन उपकरणों जैसे फायर इंजन, ट्रेलर, पंप, फोम ब्रांच आदि के उपयोग एवं रखरखाव का ज्ञान होना चाहिए. 4.1.3 प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों (First-aid Fire Fighting Appliances) तथा ट्रेलर फायर पंप के उपयोग एवं रखरखाव से परिचित होना चाहिए. 4.1.4 विभिन्न प्रकार की आग बुझाने में प्रयुक्त अग्निशमन विधियों के मूल सिद्धांतों का ज्ञान होना चाहिए.
		4.1.5 पैदल एवं उपकरण-आधारित अग्निशमन सेवा अभ्यास (Fire Service Drills) से परिचित होना चाहिए तथा फायर क्रू के सदस्यों को सौंपे गए कार्यों को करने में सक्षम होना चाहिए.
4.2	योग्यता	**लीडिंग फायरमैन** 4.2.1 किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 4.2.2 सभी प्रकार के अग्निशामकों, होज़ फिटिंग्स तथा अग्निशमन उपकरणों जैसे फायर इंजन, ट्रेलर, पंप, फोम ब्रांच आदि के उपयोग एवं रखरखाव का ज्ञान होना चाहिए. 4.2.3 B क्रेन के कार्य को प्रशिक्षित करने, मार्गदर्शन देने और नियंत्रित करने में सक्षम होना चाहिए तथा स्वतंत्र रूप से एक शिफ्ट का प्रभार संभालने में सक्षम होना चाहिए.
4.3		**फायर इंजन ड्राइवर** 4.3.1 किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 4.3.2 संबंधित ट्रेड के कार्य में दक्ष होना चाहिए. 4.3.3 भारी वाहनों को चलाने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए तथा वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना आवश्यक है. 4.3.4 फायरमैन कोर्स करने के बाद किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्रमाणित होना वांछनीय है.
4.4		**लाइब्रेरियन** 4.4.1 किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन (10वीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण. 4.4.2 संबंधित ट्रेड के कार्य में दक्ष होना चाहिए.
4.5	शारीरिक मानक एवं सहनशक्ति परीक्षण (कौशल परीक्षण)	**फायरमैन** 4.5.1 उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और कठिन/शारीरिक रूप से श्रमसाध्य कार्य करने में सक्षम होना चाहिए तथा नीचे दिए गए शारीरिक दक्षता परीक्षण को उत्तीर्ण करना आवश्यक है. 4.5.2 **कद:** बिना जूते के 165 सेमी. अनुसूचित जनजाति (ST) के सदस्यों को कद में 2.5 सेमी की छूट दी जाएगी. 4.5.3 **सीना (बिना फुलाए):** 81.5 सेमी 4.5.4 **सीना (फुलाने पर):** 85 सेमी 4.5.5 **वजन:** न्यूनतम 50 किलोग्राम 4.5.6 **सहनशक्ति परीक्षण** 4.5.6.1 **व्यक्ति को उठाकर ले जाना:** 65.5 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति को 183 मीटर की दूरी 96 सेकंड के भीतर ले जाना होगा. 4.5.6.2 **लंबी कूद:** 2.7 मीटर चौड़ी खाई को दोनों पैरों पर उतरते हुए पार करना होगा. 4.5.6.3 **रस्सी पर चढ़ना:** हाथों और पैरों का प्रयोग करते हुए 3 मीटर ऊर्ध्वाधर रस्सी पर चढ़ना होगा.

(शेष पृष्ठ 37 पर)

(पृष्ठ 36 का शेष)

क्रम सं.	संक्षेप में	विवरण
4.6		**लीडिंग फायरमैन :** 4.6.1 उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और कठिन/शारीरिक रूप से श्रमसाध्य कार्य करने में सक्षम होना चाहिए तथा नीचे दिए गए शारीरिक दक्षता परीक्षण को उत्तीर्ण करना आवश्यक है. **4.6.2 कदः** बिना जूते के 165 सेमी. अनुसूचित जनजाति (ST) के सदस्यों को कद में 2.5 सेमी की छूट दी जाएगी. **4.6.3 सीना (बिना फुलाए):** 81.5 सेमी **4.6.4 सीना (फुलाने पर):** 85 सेमी **4.6.5 वजनः** न्यूनतम 50 किलोग्राम **4.6.6 सहनशक्ति परीक्षण** **4.6.6.1 व्यक्ति को उठाकर ले जानाः** 65.5 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति को 183 मीटर की दूरी 96 सेकंड के भीतर ले जाना होगा. **4.6.6.2 लंबी कूदः** 2.7 मीटर चौड़ी खाई को दोनों पैरों पर उतरते हुए पार करना होगा. **4.6.6.3** रस्सी पर चढ़नाः हाथों और पैरों का प्रयोग करते हुए 3 मीटर ऊर्ध्वाधर रस्सी पर चढ़ना होगा.
4.7		**फायर इंजन ड्राइवर** 4.7.1 उम्मीदवार शारीरिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए और कठिन/श्रमसाध्य कार्य करने में सक्षम होना चाहिए तथा नीचे दिए गए शारीरिक दक्षता परीक्षण को उत्तीर्ण करना आवश्यक है. **4.7.2 कदः** बिना जूते के 165 सेमी. अनुसूचित जनजाति (ST) के सदस्यों को कद में 2.5 सेमी की छूट दी जाएगी. **4.7.3 सीना (बिना फुलाए):** 81.5 सेमी **4.7.4 सीना (फुलाने पर):** 85 सेमी **4.7.5 वजनः** न्यूनतम 50 किलोग्राम **4.7.6 सहनशक्ति परीक्षण (कौशल परीक्षण)** **4.7.6.1 व्यक्ति को उठाकर ले जानाः** 65.5 किलोग्राम वजन वाले व्यक्ति को 183 मीटर की दूरी 96 सेकंड के भीतर ले जाना होगा. **4.7.6.2 लंबी कूदः** 2.7 मीटर चौड़ी खाई को दोनों पैरों पर उतरते हुए पार करना होगा. **4.7.6.3 रस्सी पर चढ़नाः** हाथों और पैरों का प्रयोग करते हुए 3 मीटर ऊर्ध्वाधर रस्सी पर चढ़ना होगा.
4.8	**आयु सीमा**	4.8.1 फायरमैन, लीडिंग फायरमैन, फायर इंजन ड्राइवर और लाइब्रेरियन पदों के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए. **आयु सीमा में छूट** 4.8.2 सरकारी कर्मचारियों और पूर्व-सैनिक उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा में, संबंधित मौजूदा सरकारी नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी.(सशस्त्र बलों में की गई कुल सेवा + 3 वर्ष) 4.8.3 SC/ST उम्मीदवारों को अपने आरक्षित पद के लिए आवेदन करने पर अधिकतम 5 वर्ष की आयु छूट दी जाएगी. OBC (नॉन-क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों को अधिकतम 3 वर्ष की आयु छूट दी जाएगी. **4.8.4 दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आयु में छूटः** UR श्रेणीः 10 वर्ष, OBC (नॉन-क्रीमी लेयर): 13 वर्ष, SC/ST: 15 वर्ष 4.8.5 SC/ST/OBC उम्मीदवार यदि अनारक्षित (UR) पद के विरुद्ध आवेदन करते हैं, तो उन्हें SC/ST/OBC के लिए मिलने वाली आयु एवं अन्य छूट का लाभ नहीं दिया जाएगा. 4.8.6 PH (दिव्यांग) उम्मीदवार के पास सरकारी अस्पताल के CMO/सिविल सर्जन द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र होना चाहिए, जिसमें दिव्यांगता प्रमाणित की गई हो. 4.8.7 केंद्रीय सरकार में 3 वर्ष की निरंतर सेवा वाले विभागीय उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 40 वर्ष तक होगी. SC/ST उम्मीदवारों के लिए अधिकतम आयु 45 वर्ष तक होगी.

5. परीक्षा की योजना

सभी उम्मीदवारों की तकनीकी ट्रेड परीक्षा तथा, जहां लागू हो, शारीरिक परीक्षा ली जाएगी. केवल तकनीकी ट्रेड परीक्षा और शारीरिक परीक्षा में सफल होने के बाद ही उम्मीदवार लिखित परीक्षा के लिए पात्र होगा. चयन सख्ती से मेरिट (योग्यता) के आधार पर किया जाएगा. चयन प्रक्रिया में, जहां आवश्यक हो, कौशल/शारीरिक/प्रायोगिक परीक्षा तथा लिखित परीक्षा शामिल होगी. सभी ग्रुप "C" पदों पर चयन केवल उम्मीदवारों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा. हालांकि, उम्मीदवार को संबंधित कौशल/शारीरिक/प्रायोगिक परीक्षा में भी निर्धारित योग्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा.

6. लिखित परीक्षा के विषय, प्रश्नों की संख्या, अधिकतम अंक और परीक्षा की अवधि निम्नानुसार हैं:

पेपर	विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	परीक्षा की अवधि
भाग-I	सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति -वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न	25	25	2 घंटे
भाग-II	सामान्य जागरूकता-वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न	50	50	
भाग-III	सामान्य अंग्रेजी-वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न-	50	50	
भाग-IV	संख्यात्मक अभिरुचि-वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न	25	25	

नोटः लिखित परीक्षा का प्रश्न-पत्र द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी एवं हिंदी में होगा. हालांकि, अंग्रेजी भाषा विषय के प्रश्न केवल अंग्रेजी में होंगे. गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की नकारात्मक अंकन (Negative Marking) होगी.

7. परीक्षा का पाठ्यक्रम

7.1 सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति-

प्रश्न मैट्रिकुलेशन (10वीं) स्तर के होंगे और इनमें गैर-मौखिक (Non-Verbal) प्रकार के प्रश्न शामिल होंगे.

परीक्षा में निम्न विषयों- समानता, समानताएं एवं अंतर, स्थान संबंधी ज्ञान/स्थान कल्पना, समस्या समाधान विश्लेषण, निर्णय/निर्णय क्षमता, निर्णय लेना, दृश्य स्मृति, भेद करने की क्षमता, अवलोकन, संबंध अवधारणाएं, आकृति वर्गीकरण, अंकगणितीय संख्या श्रृंखला, गैर-मौखिक श्रृंखला से प्रश्न पूछे जा सकते हैं . इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार की अमूर्त विचारों एवं प्रतीकों को समझने की क्षमता तथा उनके संबंध, अंकगणितीय गणना और अन्य विश्लेषणात्मक कार्यों से संबंधित प्रश्न भी पूछे जाएंगे.

7.2 सामान्य जागरूकताः

प्रश्न मैट्रिकुलेशन स्तर के होंगे. प्रश्न उम्मीदवार की अपने आसपास के वातावरण तथा समाज में उसके अनुप्रयोग के संबंध में सामान्य जागरूकता की जांच करने के लिए तैयार किए जाएंगे. इसमें वर्तमान घटनाओं तथा दैनिक जीवन के सामान्य अवलोकन और अनुभव से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं के प्रश्न शामिल होंगे, जिनकी अपेक्षा मैट्रिक स्तर के शिक्षित व्यक्ति से की जा सकती है. भारत और उसके पड़ोसी देशों से संबंधित प्रश्न भी पूछे जाएंगे, विशेष रूप से- खेल, इतिहास, संस्कृति, भूगोल, आर्थिक परिदृश्य, सामान्य राजव्यवस्था, भारतीय संविधान, वैज्ञानिक अनुसंधान आदि. इन प्रश्नों के लिए किसी विशेष विषय का अलग से गहन अध्ययन आवश्यक नहीं होगा.

7.3 अंग्रेजी भाषा :

प्रश्न मैट्रिकुलेशन स्तर के होंगे. उम्मीदवार की निम्नलिखित विषयों- अंग्रेजी भाषा की मूल बातें, शब्दावली, व्याकरण, वाक्य संरचना, समानार्थी शब्द, विलोम शब्द, शब्दों का सही प्रयोग, लेखन क्षमता की समझ का परीक्षण किया जाएगा.

7.4 संख्यात्मक अभिरुचि :

इस पेपर में निम्नलिखित विषयों- संख्या पद्धति, पूर्ण संख्याओं की गणना, दशमलव एवं भिन्न, संख्याओं के बीच संबंध, मूलभूत अंकगणितीय संक्रियाएं, प्रतिशत, अनुपात एवं समानुपात, औसत, ब्याज, लाभ एवं हानि, छूट, तालिकाओं एवं ग्राफ का प्रयोग, क्षेत्रमिति, समय एवं दूरी, अनुपात एवं समय, समय एवं कार्य आदि से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे.

(शेष पृष्ठ 38 पर)

(पृष्ठ 37 का शेष)

8. आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश

8.1 "उम्मीदवार को आवेदन पत्र भरने से पहले विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ना चाहिए." सभी उम्मीदवार यह सुनिश्चित कर लें कि वे विज्ञापन में दिए गए नियमों के अनुसार संबंधित पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र हैं.

8.2 उम्मीदवारों को कवर लिफाफे के ऊपर बड़े अक्षरों में निम्नलिखित विवरण लिखना होगा:

8.2.1 "_____ पद के लिए आवेदन"

8.2.2 मैट्रिकुलेशन/समकक्ष परीक्षा में प्राप्त कुल प्रतिशत को बड़े अक्षरों में लिखना होगा तथा उम्मीदवार को उस पर हस्ताक्षर भी करने होंगे. प्रतिशत के अनुसार स्याही का रंग निम्न होगा:

8.2.2.1 50% या उससे कम: लाल स्याही

8.2.2.2 51% से 60%: नीली स्याही

8.2.2.3 61% से अधिक: काली स्याही

नोट : प्राप्त अंकों का प्रतिशत: (प्राप्त अंक ÷ अधिकतम अंक) × 100 या CGPA: CGPA × 9.5% या ग्रेडिंग A = 90-100%

(न्यूनतम प्रतिशत को ध्यान में रखा जाएगा.)

8.2.3 आवेदन के कवर लिफाफे का निर्धारित प्रारूप परिशिष्ट-I में संलग्न है.

8.2.4 यदि आवेदक सरकारी कर्मचारी है, तो लिफाफे पर "GOVT EMPLOYEES" लिखना अनिवार्य है.

8.2.5 10 वर्ष से कम आयु में बनाया गया आधार कार्ड स्वीकार नहीं किया जाएगा.

8.2.6 आधार कार्ड एवं PAN कार्ड पर आवेदक का नाम स्कूल प्रमाण-पत्र के अनुसार सही-सही अंकित होना चाहिए.

8.2.7 आवेदन कवर लिफाफे का प्रारूप **परिशिष्ट-I** में संलग्न है.

8.3 लिफाफे पर विभिन्न रंगों की स्याही से प्रतिशत लिखते समय दशमलव संख्या 0.5 से कम होने पर उसे नीचे की पूर्ण संख्या में राउंड ऑफ किया जाएगा. दशमलव संख्या 0.5 या उससे अधिक होने पर उसे ऊपर की पूर्ण संख्या में राउंड ऑफ किया जाएगा, यानी 48.49% के लिए 48% और 50.50% के लिए 51%.

8.4 आयु प्रमाण : आवेदन पत्र में उम्मीदवार द्वारा भरी गई जन्म तिथि तथा मैट्रिकुलेशन परीक्षा प्रमाण-पत्र में दर्ज जन्म तिथि को आयु निर्धारित करने के लिए स्वीकार किया जाएगा. इसके बाद जन्म तिथि में परिवर्तन के लिए किए गए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही उसे स्वीकार किया जाएगा. आयु की गणना आवेदन प्राप्त करने की निर्धारित अंतिम तिथि के आधार पर की जाएगी.

8.5 परीक्षा की तारीखों की सूचना पात्र उम्मीदवारों को बाद में दी जाएगी.

8.6 यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा. कौशल/शारीरिक/प्रायोगिक परीक्षा, लिखित परीक्षा तथा, जहां लागू हो, चिकित्सा परीक्षा का कार्यक्रम कॉल लेटर में बताया जाएगा. उम्मीदवारों को परीक्षाओं के दौरान रहने और भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी.

8.7 OBC, SC, ST तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है. प्रमाण-पत्र कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (DoPT) के O.M. No. 36039/1/2019-Estt (Res), दिनांक 31-01-2019 में निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार तथा नीचे दिए गए परिशिष्ट-II के प्रारूप में होना चाहिए. SC/ ST/ OBC/ EWS/ ESM/ PWD/ MSP उम्मीदवारों को सामान्य श्रेणी की रिक्तियों के विरुद्ध सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अधिकार है. ऐसे मामलों में SC/ST/OBC/EWS/ESM/PWD/MSP उम्मीदवारों को कोई विशेष छूट या रियायत नहीं दी जाएगी. शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता, अनुभव तथा जन्म तिथि के समर्थन में सभी दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए.

8.8 केंद्र/राज्य सरकार/PSU में कार्यरत व्यक्तियों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा. साथ ही अपने विभाग/प्रतिष्ठान से यह प्रमाण-पत्र देना होगा कि उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित या लंबित नहीं है और चयन होने की स्थिति में उन्हें कार्यमुक्त करने में विभाग को कोई आपत्ति नहीं है. उपरोक्त पहलुओं को शामिल करने वाला अनापत्ति प्रमाण-पत्र विज्ञापन प्रकाशित होने की तारीख को या उसके बाद जारी किया जाना चाहिए.

8.9 01 जनवरी 2004 या उसके बाद सरकारी सेवा में नियुक्त होने वाले नए कर्मचारियों पर नई परिभाषित अंशदायी पेंशन प्रणाली लागू होगी, जिसे नई पेंशन योजना के नाम से जाना जाता है.

8.10 कमांडेंट, ASC सेंटर (दक्षिण) किसी भी प्रकार की डाक संबंधी देरी या डाक के असफल/गुम होने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे.

8.11 केवल निर्धारित मूल आवश्यक योग्यता पूरी कर लेना उम्मीदवार को स्वतः कौशल/शारीरिक/ प्रायोगिक तथा लिखित परीक्षा के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देता. यदि किसी पद की किसी श्रेणी के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो प्रशासनिक कारणों से उम्मीदवारों की संख्या सीमित करने के लिए न्यूनतम आवश्यक योग्यता में प्राप्त अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग की जा सकती है, जैसा कि संबंधित ग्रेड/पद के भर्ती नियमों में निर्धारित है.

8.12 सभी चयनित उम्मीदवारों पर अखिल भारतीय सेवा दायित्व लागू होगा. चयनित उम्मीदवारों को उस रिक्ति या डिपो/यूनिट की परवाह किए बिना, जिसके विरुद्ध उन्होंने आवेदन किया है, कठिन क्षेत्रों, उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों तथा दूरस्थ/दुर्गम क्षेत्रों में सेवा करनी पड़ सकती है. चयन के बाद उम्मीदवार को परिवीक्षा अवधि से गुजरना होगा. इस अवधि के दौरान उसका प्रदर्शन संतोषजनक होना आवश्यक होगा. चयनित उम्मीदवारों को अपनी पसंद के क्रम में तीन स्टेशनों का विकल्प देने की सलाह दी जाती है.

8.13 कमांडेंट, ASC सेंटर (दक्षिण) आवश्यकता पड़ने पर रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, क्योंकि अधिसूचना में दी गई पदों/रिक्तियों की संख्या अनंतिम (Tentative) है. किसी भी प्रशासनिक कारण से भर्ती प्रक्रिया को किसी भी चरण पर रद्द, स्थगित या समाप्त किया जा सकता है. इस संबंध में भविष्य में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

8.14 भर्ती नियमों में निर्धारित योग्यताओं के अतिरिक्त/अन्य/उच्च शैक्षणिक योग्यता रखने के लिए कोई अतिरिक्त वेटेज/अंक नहीं दिए जाएंगे.

8.15 सभी पूर्व-सैनिक उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी Ex-Servicemen Certificate प्रस्तुत करना होगा.

इसके साथ Discharge Certificate की स्व-सत्यापित प्रति तथा परिशिष्ट-III में दिए गए प्रारूप के अनुसार एक घोषणा-पत्र भी जमा करना होगा.

8.16 आवेदन अस्वीकार/रद्द किए जाने के कारण

8.16.1 अपूर्ण या बिना हस्ताक्षर वाला आवेदन.

8.16.2 ऐसे आवेदन जिनके साथ आवश्यक सहायक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां संलग्न नहीं हैं.

8.16.3 आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद एएसी सेंटर (दक्षिण) में प्राप्त हुआ आवेदन.

8.16.4 ऐसे आवेदन जिनके साथ दो अतिरिक्त फोटो विधिवत स्व-सत्यापित करके संलग्न नहीं की गई हैं, उन्हें तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

8.16.5 ऐसे उम्मीदवार जो निर्धारित QR (योग्यता संबंधी आवश्यकता) को पूरा नहीं करते हैं.

8.16.6 ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने एक से अधिक ट्रेड के लिए आवेदन किया है.

8.17 उम्मीदवार आवेदन पत्र अंग्रेजी या हिंदी, किसी भी भाषा में भर सकते हैं.

8.18 उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करने वाले OBC उम्मीदवारों को नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार घोषणा-पत्र देना होगा, जो परिशिष्ट-IV में दिया गया है.

8.19 सेवारत सेना/नौसेना/वायुसेना के रक्षा कर्मियों तथा सेवारत रक्षा नागरिक कर्मचारियों को उपरोक्त पदों के लिए आवेदन करते समय अपने रिकॉर्ड कार्यालय (Record Office) द्वारा जारी **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** संलग्न करना होगा. इस NOC को Officer-in-Charge of Records द्वारा विधिवत स्वीकृत होना चाहिए.

8.20 केंद्र/राज्य सरकार के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण-पत्र आवश्यक होगा. मेडिकल बोर्ड में कम से कम 3 सदस्य होने चाहिए, जिनमें से कम से कम एक सदस्य संबंधित क्षेत्र का विशेषज्ञ होना चाहिए. यह प्रमाण-पत्र चलने-फिरने, मस्तिष्क, दृष्टि या श्रवण संबंधी दिव्यांगता का आकलन करने तथा दिव्यांगता का प्रतिशत प्रमाणित करने के लिए होना चाहिए (40% या उससे अधिक). PH उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा प्रमाण-पत्र नीचे दिए गए प्रारूप में **परिशिष्ट-V** के अनुसार होना चाहिए.

(शेष पृष्ठ 39 पर)

(पृष्ठ 38 का शेष)

8.21 परिशिष्ट-VI में दिए गए प्रारूप के अनुसार एडमिट कार्ड आवेदन पत्र के साथ दो प्रतियों में भेजना होगा.

8.22 उपरोक्त पदों के लिए इंटरव्यू नहीं लिया जाएगा. कौशल/शारीरिक/प्रायोगिक परीक्षा तथा लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी. अंतिम चयन उम्मीदवार द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा तथा संबंधित कौशल/ शारीरिक/ प्रायोगिक परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा.

8.23 प्राप्त अंकों के पुनर्मूल्यांकन या पुनः जांच का कोई प्रावधान नहीं है.

इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

8.24 कौशल/शारीरिक/प्रायोगिक परीक्षा के बाद लिखित परीक्षा केवल एएससी सेंटर (दक्षिण), बेंगलुरु (कर्नाटक) में आयोजित की जाएगी. परीक्षा केंद्र बदलने के संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा.

8.25 आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज

निम्नलिखित दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न करना आवश्यक है. यदि ये दस्तावेज संलग्न नहीं किए गए, तो उम्मीदवार का आवेदन तुरंत या भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अस्वीकार किया जा सकता है.

8.25.1 सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों/दस्तावेजों की स्व-सत्यापित एवं स्पष्ट/पठनीय प्रतियां जमा करनी होंगी.

8.25.2 आधार कार्ड

8.25.3 निवास प्रमाण-पत्र

8.25.4 मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र.

8.25.5 कक्षा 10वीं/मैट्रिकुलेशन की अंकतालिका

8.25.6 अनुभव प्रमाण-पत्र

8.25.7 सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति/श्रेणी प्रमाण-पत्र, जैसे- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग व्यक्ति, पूर्व-सैनिक, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग

8.25.8 एडमिट कार्ड

9. एएससी सेंटर (दक्षिण) का फैसला अंतिम होगा : योग्यता, आवेदन स्वीकार या अस्वीकार करने, गलत जानकारी के लिए पेनल्टी, परीक्षा में गड़बड़ी, सही उम्मीदवारों के चयन का तरीका और चुने गए उम्मीदवारों को पोस्ट देने से जुड़े सभी मामलों में सिविल रिक्रूटमेंट सेल, एएससी सेंटर (दक्षिण) का फैसला अंतिम और उम्मीदवार पर बाध्यकारी होगा; इस संबंध में किसी भी पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.

10. सभी आवेदकों के लिए चेतावनी. ऐसी स्थिति हो सकती है जब कुछ बेईमान लोग आपको गैर-कानूनी तरीके से नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर संपर्क करें. आपको ऐसे झूठे भरोसे या शोषण का शिकार नहीं होना चाहिए और ऐसे लोगों को किसी भी तरह से बढ़ावा नहीं देना चाहिए. इस बात पर जोर दिया जाता है और भरोसा दिलाया जाता है कि चयन परीक्षा और प्रक्रिया पूरी तरह से मेरिट के आधार पर होगी. कौशल/शारीरिक/प्रायोगिक और लिखित परीक्षा पारदर्शी तरीके से होगी और चयन पूरी तरह से आवेदक की मेरिट के आधार पर किया जाएगा.

11. उम्मीदवारी रद्द करना. अगर आवेदक अपने चयन के लिए किसी गड़बड़ी या प्रभाव डालने की कोशिश में या किसी अन्य ऐसी हरकत में शामिल पाया जाता है, या किसी सिविल/ आपराधिक मामले में शामिल पाया जाता है या उसके खिलाफ FIR दर्ज की जाती है, तो किसी भी चरण पर उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी.

कमांडेंट,
एएससी सेंटर (दक्षिण)

आवेदन का प्रारूप

सेवा में
प्रिसाइडिंग ऑफिसर,
सिविलियन डायरेक्ट रिक्रूटमेंट बोर्ड,
सीएचक्यू, एएससी सेंटर (दक्षिण),
अग्रैम पोस्ट, बैंगलोर -07

हाल की पासपोर्ट साइज फोटो (स्वयं सत्यापित)

1. जिस पद के लिए आवेदन किया है : .....
2. उम्मीदवार का नाम (पूरा नाम) : .....
3. मोबाइल नंबर (चालू) : .....
4. ई-मेल आईडी (चालू) : .....
5. आधार नंबर : .....
6. पिता का नाम : .....
7. जन्म तिथि (मैट्रिकुलेशन सर्टिफिकेट के अनुसार) (दिन/माह/वर्ष) : .....
8. पत्राचार का पताः-
   - मकान नंबर/ गली/ गांव : .....
   - पोस्ट ऑफिस : .....
   - जिला : .....
   - राज्य : .....
   - पिन कोड : .....
9. स्थायी पताः-
   - मकान नंबर/ गली/ गांव : .....
   - पोस्ट ऑफिस : .....
   - जिला : .....
   - राज्य : .....
   - पिन कोड : .....
10. शैक्षणिक योग्यता : .....

(मैट्रिक/आईटीआई/डिप्लोमा/12वीं/ग्रेजुएशन/पोस्ट ग्रेजुएशन)

क्रम सं.	योग्यता	स्कूल/कॉलेज का नाम	बोर्ड/यूनिवर्सिटी का नाम	प्राप्तांकों का %	रिमार्क्स

12. लिंग (पुरुष/महिला/अन्य) : .....
13. श्रेणी : .....
(UR/SC/ST/OBC/EWS/PH/ESM/MSP)
14. यदि भूतपूर्व सैनिक के पद के लिए आवेदन किया है : .....
(सेना/नौसेना/वायु सेना में भर्ती की तारीख और रिटायरमेंट की तारीख और डिस्चार्ज बुक/ सर्टिफिकेट/अनापत्ति प्रमाण-पत्र की कॉपी संलग्न करें)
15. अगर PH श्रेणी में पोस्ट के लिए आवेदन किया है:-

दिव्यांगता का प्रकार (OH/ HH/ VH/ मानसिक बीमारी/ एक से अधिक दिव्यांगता)	दिव्यांगता का प्रतिशत (40% और उससे अधिक)	रिमार्क्स
		सरकारी अस्पताल के CMO/ सिविल सर्जन द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र साथ लगाएं जो दिव्यांगता की पुष्टि करता हो.

16. क्या किसी रोजगार एक्सचेंज में रजिस्ट्रेशन कराया है : .....
(अगर हां, तो रजिस्ट्रेशन नंबर और रोजगार एक्सचेंज का नाम बताएं)
17. क्या सेंट्रल गवर्नमेंट सर्विस में काम कर रहे हैं : हां/ नहीं
(अगर हां, तो नीचे दिए गए प्रारूप के अनुसार जानकारी दें और HoD द्वारा साइन किया हुआ सर्विस सर्टिफिकेट संलग्न करें)

नियोक्ता का नाम	पद का नाम	नियुक्ति की तारीख	कब से काम कर रहे हैं	ऑफिस का पता

(शेष पृष्ठ 40 पर)

(पृष्ठ 39 का शेष)

18. उन स्टेशनों के नाम जहां कैंडिडेट पोस्टिंग चाहता है, अगर चुना जाता है, प्राथमिकता के क्रम में:-

(a) पहली पसंद : .....

(b) दूसरी पसंद : .....

(c) तीसरी पसंद : .....

घोषणा

मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता हूं कि आवेदन फॉर्म में दी गई जानकारी मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही और सच्ची है. मैं समझता हूं कि अगर किसी भी स्तर पर कोई जानकारी गलत या अशुद्ध पाई जाती है या विज्ञापन की जरूरतों के अनुसार योग्यता मानदंडों को पूरा नहीं किया जाता है, तो मेरी उम्मीदवारी/ नियुक्ति रद्द/ समाप्त की जा सकती है. मैं कहीं भी सेवा करने के लिए तैयार हूं. मैं सहमत हूं कि विभाग को मुझे भारत में कहीं भी स्थानांतरण करने का अधिकार है.

(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)

तारीख : .....

जगह : .....

संलग्न दस्तावेज:-

(i) दो स्व-सत्यापित फोटो (फोटो के पीछे नाम और पिता का नाम).

(ii) एक स्व-पता लिखा रजिस्टर्ड लिफाफा, जिस पर सही डाक टिकट लगे हों.

(iii) प्रमाण-पत्र की स्व-सत्यापित प्रतियां (_____) शीट.

(iv) एडमिट कार्ड की दो प्रतियां.

परिशिष्ट I

आवेदन कवर (लिफाफा) का प्रारूप

4 ¾ इंच ↑

इस पद के लिए आवेदन		
मैट्रिकुलेशन/समकक्ष परीक्षा में प्रतिशत	% (50% तक केवल लाल स्याही में) % (51% से 60% के बीच केवल नीली स्याही में) % (61% और उससे अधिक केवल काली स्याही में)	(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

सेवा में,

11 इंच

<----------> ↓

परिशिष्ट-II

सरकार.....

(प्रमाण-पत्र जारी करने वाले अधिकारी का नाम और पता)

आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय और संपत्ति प्रमाण-पत्र

प्रमाण-पत्र संख्या..... **दिनांक**.....

..... **वर्ष के लिए मान्य**

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी... जो... के पुत्र/पुत्री/पत्नी हैं और... गांव/गली... पोस्ट ऑफिस... पिन कोड... के स्थायी निवासी हैं (जिनकी फोटो नीचे प्रमाणित है), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हैं, क्योंकि उनके 'परिवार' की कुल वार्षिक आय वित्तीय वर्ष... के लिए 8 लाख रुपये (केवल आठ लाख रुपये) से कम है. उनके परिवार के पास निम्नलिखित संपत्तियां नहीं हैं:

I. ..... एकड़ या उससे अधिक कृषि भूमि.

II. 1000 वर्ग फुट या उससे अधिक का आवासीय फ्लैट.

III. अधिसूचित नगर पालिकाओं में 100 वर्ग गज या उससे अधिक का आवासीय प्लॉट.

IV. अधिसूचित नगर पालिकाओं के अलावा अन्य क्षेत्रों में 200 वर्ग गज या उससे अधिक का आवासीय प्लॉट.

2. श्री/श्रीमती/कुमारी... उस जाति से संबंधित हैं जिसे..... के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है.

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (केंद्रीय सूची).

आवेदक की हालिया पासपोर्ट आकार की प्रमाणित तस्वीर

कार्यालय की मुहर के साथ हस्ताक्षर,

नाम.....

पद.....

- **नोट 1:** आय में सभी स्रोत शामिल हैं, जैसे वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा आदि.
- **नोट 2:** इस उद्देश्य के लिए "परिवार" शब्द में वह व्यक्ति शामिल है जो आरक्षण का लाभ लेना चाहता है, उसके माता-पिता और 18 वर्ष से कम उम्र के भाई-बहन, साथ ही उसका जीवनसाथी और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी शामिल हैं.
- **नोट 3:** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की स्थिति निर्धारित करने के लिए भूमि/संपत्ति रखने के नियम को लागू करते समय, अलग-अलग स्थानों या शहरों में 'परिवार' के पास मौजूद संपत्ति को एक साथ जोड़ा गया है.

परिशिष्ट-III

पूर्व-सैनिक श्रेणी के तहत सिविल पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों द्वारा दिया जाने वाला वचन-पत्र

मैं यह समझता/समझती हूं कि यदि इस आवेदन से संबंधित भर्ती/परीक्षा के आधार पर मेरा चयन होता है, तो मेरी नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि मैं नियुक्ति करने वाले अधिकारी की संतुष्टि के लिए ऐसे दस्तावेजी सबूत पेश करूं जिनसे यह साबित हो कि मुझे सशस्त्र बलों से विधिवत रूप से मुक्त/सेवानिवृत्त/कार्यमुक्त किया गया है और मैं समय-समय पर संशोधित 'पूर्व-सैनिक (केंद्रीय सिविल सेवाओं और पदों में पुनः रोजगार) नियम, 1979' के तहत पूर्व-सैनिकों को मिलने वाले लाभों का हकदार हूं.

मैं यह भी समझता/समझती हूं कि यदि मैंने ऐसी नियुक्ति से पहले कभी भी पूर्व-सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की सुविधा का लाभ उठाकर सिविल क्षेत्र (जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्वायत्त निकाय/वैधानिक निकाय, राष्ट्रीयकृत बैंक आदि शामिल हैं) में कोई रोजगार प्राप्त किया है, तो मैं इस परीक्षा के अंतर्गत आने वाली भर्ती में पूर्व-सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्ति पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होऊंगा/होऊंगी.

स्थान ..... **(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

तिथि .....

परिशिष्ट-IV

केवल अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों द्वारा घोषणा

(सक्षम प्राधिकारी से जाति प्रमाण पत्र पर भी इसी तरह की पुष्टि होनी चाहिए)

"मैं, श्री ..... का/की बेटा/बेटी/पत्नी, निवासी ..... (गांव/कस्बे/शहर), जिला ..... राज्य ..... एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं उस समुदाय से संबंधित हूं जिसे भारत सरकार द्वारा संबंधित राज्य पर लागू आदेश के अनुसार सेवा में आरक्षण के उद्देश्य से पिछड़ा वर्ग के रूप में मान्यता प्राप्त है. यह भी घोषणा करता/करती हूं कि मैं 'क्रीमी लेयर' श्रेणी के व्यक्तियों/वर्गों में नहीं आता/आती हूं."

स्थान: ..... **(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)**

दिनांक: ..... **नाम:** .....

एडमिट कार्ड (दो प्रतियों में)

(जहां भी शारीरिक/कौशल परीक्षण अनिवार्य है, वहां लागू)

1. रोल नंबर :.....
   (उम्मीदवार द्वारा नहीं भरा जाना है)
2. उम्मीदवार का नाम :.....
3. पिता/पति का नाम :.....
4. जन्म तिथि :.....
5. आवेदन पंजीकरण संख्या :.....
   (उम्मीदवार द्वारा नहीं भरा जाना है)

आवेदक की हाल की पासपोर्ट आकार की सत्यापित तस्वीर

(शेष पृष्ठ 41 पर)

(पृष्ठ 40 का शेष)

6. आवंटित परीक्षा केंद्र :.....
(उम्मीदवार द्वारा नहीं भरा जाना है)

7. श्रेणी (UR/SC/ST/OBC/EWS/PH) :.....

8. परीक्षा का कार्यक्रम
शारीरिक/कौशल परीक्षण :

.....

(परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने की तिथि और समय)

9. उम्मीदवार लागू होने पर लिखित परीक्षा के लिए मूल दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करेंगे. मूल दस्तावेजों के सत्यापन और बायोमेट्रिक उपस्थिति के बाद ही उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी.

(उम्मीदवार का हस्ताक्षर)

एडमिट कार्ड (दो प्रतियों में)

1. रोल नंबर :.....
(उम्मीदवार द्वारा नहीं भरा जाना है)

2. उम्मीदवार का नाम :.....

3. पिता/पति का नाम :.....

4. जन्म तिथि :.....

5. आवेदन पंजीकरण संख्या :.....
(उम्मीदवार द्वारा नहीं भरा जाना है)

6. आवंटित परीक्षा केंद्र :.....
(उम्मीदवार द्वारा नहीं भरा जाना है)

7. श्रेणी (UR/SC/ST/OBC/EWS/PH) :.....

8. परीक्षा का कार्यक्रमः
लिखित परीक्षा : .....

आवेदक की हाल की पासपोर्ट आकार की सत्यापित तस्वीर

(परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करने की तिथि और समय)

उम्मीदवार लागू होने पर लिखित परीक्षा के लिए मूल दस्तावेजों के साथ रिपोर्ट करेंगे. मूल दस्तावेजों के सत्यापन और बायोमेट्रिक उपस्थिति के बाद ही उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी.

उम्मीदवार का हस्ताक्षर

परिशिष्ट V

(संस्थान / अस्पताल का नाम और पता)

प्रमाण-पत्र..... तारीख.....

उम्मीदवार की हाल की पासपोर्ट साइज (3.5 cm x 4.5 cm) फोटो लगाएं जिसमें दिव्यांगता दिख रही हो और जिसे मेडिकल बोर्ड के चेयरमैन ने प्रमाणित किया हो.

दिव्यांगता प्रमाण-पत्र

1. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी (उम्र, लिंग), जो श्री (पिता/पति का नाम) के पुत्र/पत्नी/पुत्री हैं और जिनकी पहचान का निशान (निशान) है, श्रेणी की स्थायी दिव्यांगता से पीड़ित हैं.

A लोकोमोटर या सेरेब्रल पाल्सी :-

(i) **BL** — दोनों पैर प्रभावित लेकिन हाथ नहीं.

(ii) **BA** — दोनों हाथ प्रभावित
(a) पहुंचने में कठिनाई
(b) पकड़ में कमजोरी

(iii) **BLA**- दोनों पैर और दोनों हाथ प्रभावित.
(a) पहुंचने में कठिनाई
(b) पकड़ में कमजोरी
(c) अटैक्सिक

(iv) **OL** — एक पैर प्रभावित (दायां या बायां)

(v) **OA** — एक हाथ प्रभावित
(a) पहुंचने में कठिनाई
(b) पकड़ में कमजोरी
(c) अटैक्सिक

(vi) **BH** — पीठ और कूल्हे अकड़े हुए (बैठ या झुक नहीं सकते)

(vii) **MW** — मांसपेशियों में कमजोरी और सीमित शारीरिक सहनशक्ति.

B. अंधापन या कम दृष्टि :-

(i) **B** - अंधा

(ii) **PB** - आंशिक रूप से अंधा

C. सुनने में अक्षमता :-

(i) **D**- बहरा

(ii) **PD**- आंशिक रूप से बहरा (जो श्रेणी लागू नहीं होती उसे हटा दें)

2. यह स्थिति बढ़ती जा रही है/नहीं बढ़ रही है/सुधार की संभावना है/सुधार की संभावना नहीं है. मामले का दोबारा मूल्यांकन करने की सलाह नहीं दी जाती है/सालों..... महीनों..... की अवधि के बाद सलाह दी जाती है.

3. उनकी / उनके मामले में दिव्यांगता का प्रतिशत..... है

4. श्री/श्रीमती/कुमारी अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए निम्नलिखित शारीरिक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं.

(i) **F** - उंगलियों का इस्तेमाल करके काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(ii) **PP** - खींचकर और धक्का देकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(iii) **L** - उठाकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(ii) **KC** - घुटनों के बल बैठकर और झुककर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(iii) **B** - झुककर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(iv) **S** - बैठकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(v) **ST** - खड़े होकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(viii) **W** - चलकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(ix) **SE** - खोजकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(x) **H** - सुनकर/बोलकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(xi) **RW** - पढ़कर और लिखकर काम कर सकते हैं : हां/नहीं

(डॉ. .....) (डॉ. .....)
सदस्य मेडिकल बोर्ड सदस्य मेडिकल बोर्ड

(डॉ. .....)
सदस्य मेडिकल बोर्ड

मेडिकल सुपरिंटेंडेंट / CMO / अस्पताल के प्रमुख द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित

(मुहर के साथ)

** जो लागू न हो, उसे काट दें

संख्याः F. A-24011/22/2025-Ad-II
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

भारत के रजिस्ट्रार जनरल एवं जनगणना आयुक्त का कार्यालय

जनगणना भवन, 2-A, मानसिंह रोड, नई दिल्ली-110011

भारत के रजिस्ट्रार जनरल के मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति के आधार पर "कनिष्ठ लेखा अधिकारी" के एक पद को भरने के संबंध में.

भारत के रजिस्ट्रार जनरल के मुख्यालय कार्यालय, नई दिल्ली में **कनिष्ठ लेखा अधिकारी** के एक पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों से उपयुक्त अधिकारियों की सेवाओं की आवश्यकता है. यह पद छठे केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार पूर्व-संशोधित वेतन बैंड-2 (रु. 5,200-20,200/-) तथा ग्रेड पे रु. 2,800/- और सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर-6 (रु. 35,400-1,12,400/-) में है.

2. इस पद पर नियुक्ति के लिए विस्तृत पात्रता संबंधी शर्तें **अनुलग्नक-I** में दी गई हैं. प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवार का वेतन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या 2/12/87-Estt. (Pay-II), दिनांक 29.04.88, तथा समय-समय पर किए गए संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित किया जाएगा. प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें उसी या केंद्र सरकार के किसी अन्य विभाग/संगठन में किसी अन्य बाह्य संवर्ग (एक्स कैडर) पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि, जो इस नियुक्ति से ठीक पहले की गई हो, भी शामिल है, तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. जिन अधिकारियों की आयु 56 वर्ष या उससे अधिक है, वे आवेदन न करें.

3. ऐसे उपयुक्त अधिकारियों के नाम, जो पात्र/इच्छुक हों और जिन्हें कार्यमुक्त किया जा सकता हो, निर्धारित प्रोफॉर्मा (**अनुलग्नक-II**) में, इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तारीख से **45 दिनों के भीतर**, अधोहस्ताक्षरी को भेजे जा सकते हैं. इसके साथ पिछले 5 वर्षों की सी.आर. डोजियर की सत्यापित प्रतियां, सतर्कता अनापत्ति/सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र तथा कैडर क्लीयरेंस भी भेजना होगा. जो उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन करेंगे, उन्हें बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन अथवा सी.आर. डोजियर/सतर्कता क्लीयरेंस आदि के बिना प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

(कासु नाथ सोरेन)
अवर सचिव, भारत सरकार
गृह मंत्रालय

अनुलग्नक-I

पद का विवरण

पद का नाम : कनिष्ठ लेखा अधिकारी

पदों की संख्याः 01

वेतनमानः छठे वेतन आयोग के अनुसार पे बैंड-2: रु. 5,200–20,200/-, ग्रेड पे रु. 2,800/- और सातवें वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर-6: रु. 35,400–1,12,400/-

भर्ती का तरीकाः प्रतिनियुक्ति के आधार पर

पात्रताः

पद	भर्ती का तरीका
कनिष्ठ लेखा अधिकारी	**प्रतिनियुक्ति के आधार पर** **A. (क)** निम्नलिखित अधिकारीः I. केंद्रीय सचिवालय सेवा के ऐसे सहायक, जो नियमित आधार पर संबंधित पद धारण कर रहे हों; **या** II. केंद्रीय सचिवालय लिपिकीय सेवा के ऐसे उच्च श्रेणी लिपिक, जिन्होंने उस ग्रेड में 8 वर्ष की नियमित सेवा पूरी की हो; **और** **(ख)** जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान या समकक्ष संस्थान में नकद एवं लेखा कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तथा नकद, लेखा एवं बजट कार्य में 3 वर्ष का अनुभव रखते हों. **अथवा** **B. केंद्र सरकार के अधिकारीः** **(क) निम्नलिखित में से कोई एकः** I. अपने मूल कैडर/विभाग में समान पद पर नियमित आधार पर कार्यरत हों; **या** II. मूल कैडर/विभाग में रु. 5,000-8,000/- या समकक्ष वेतनमान वाले पद पर नियमित नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 3 वर्ष की सेवा की हो; **या** III. मूल कैडर/विभाग में रु. 4,500-7,000/- या समकक्ष वेतनमान वाले पद पर नियमित नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 6 वर्ष की सेवा की हो; **या** IV. मूल कैडर/विभाग में रु. 4,000-6,000/- या समकक्ष वेतनमान वाले पद पर नियमित नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 8 वर्ष की सेवा की हो; **और** **(ख)** जिन्होंने सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान या समकक्ष संस्थान में नकद एवं लेखा कार्य का प्रशिक्षण प्राप्त किया हो तथा नकद, लेखा एवं बजट कार्य में 3 वर्ष का अनुभव रखते हों. **या** केंद्र सरकार के किसी संगठित लेखा विभाग द्वारा आयोजित अधीनस्थ लेखा सेवा या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की हो. **नोट 1:** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले उसी या केंद्र सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में किसी अन्य एक्स-कैडर पद पर की गई प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः 3 वर्ष से अधिक नहीं होगी. **नोट 2:** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.

अनुलग्नक-II

बायो-डाटा प्रोफॉर्मा

आवेदित पद : _____

1.	नाम एवं पता (स्पष्ट अक्षरों में)	
2.	जन्म तिथि	
3.	केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तिथि	
4.	शैक्षणिक योग्यताएं	
5.	क्या पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो उस संबंध में सक्षम प्राधिकारी का विवरण दें.)	
6.	कृपया ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या आप इस पद की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं.	
7.	रोजगार/सेवा का कालानुक्रमिक विवरणः यदि नीचे उपलब्ध स्थान पर्याप्त न हो तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत प्रमाणित अलग शीट संलग्न करें.	

कार्यालय/ संस्था/संगठन	धारित पद	कब से	कब तक	वेतनमान व मूल वेतन	कार्य का स्वरूप

8.	वर्तमान रोजगार की प्रकृतिः क्या वर्तमान रोजगार तदर्थ / अस्थायी / अर्ध-स्थायी / स्थायी है?	
9.	यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया निम्न विवरण दें: **(क)** प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख **(ख)** प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि **(ग)** उस मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबंधित हैं.	

(शेष पृष्ठ 43 पर)

(पृष्ठ 42 का शेष)

10.	वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरणः कृपया बताएं कि आप निम्न में से किसके अधीन कार्यरत हैंः (क) केंद्र सरकार (ख) राज्य सरकार (ग) स्वायत्त संगठन (घ) सरकारी उपक्रम (ङ) विश्वविद्यालय	
11.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो वह तारीख बताएं जब से संशोधन लागू हुआ तथा पूर्व-संशोधित वेतनमान भी बताएं	
12.	वर्तमान कुल मासिक परिलब्धियां	
13.	अतिरिक्त जानकारीः यदि कोई ऐसी अतिरिक्त जानकारी है जिसे आप इस पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में बताना चाहते हैं, तो उसका उल्लेख करें.	
14.	क्या आप अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं?	
15.	टिप्पणियां :	

नोटः अपूर्ण आवेदन तथा कार्यालय प्रमुख/नियोक्ता द्वारा प्रति-हस्ताक्षरित न किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा.

दिनांक :..... अभ्यर्थी के हस्ताक्षरः.....

प्रति-हस्ताक्षरः.....

(नियोक्ता)

पताः.....

CBC 19108/11/0172/2627 EN 22/95

फाइल सं. 16-08/2014-DRC / CCPD (Pt. Vol.II)

भारत सरकार

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

5वीं मंजिल, बी विंग, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स

लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

दिव्यांगजन के लिए मुख्य आयुक्त के पद पर नियुक्ति

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार दिव्यांगजन के लिए **मुख्य आयुक्त (CCPD)** के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है.

2. कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए इस विभाग की वेबसाइट **https://depwd.gov.in/** देखें. **आवेदन 'रोजगार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 3 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने होंगे.**

CBC 38117/11/0007/2627 EN 22/96

भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी)

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार

मॉड्यूल नं. 403-406, चौथी मंजिल, एनएसआईसी बिजनेस पार्क,

ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110020

ई-मेलः islrtcnewdelhi@gmail.com

दिनांकः 30 जुलाई, 2026

सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 23 जनवरी, 2026 को आईएसएलआरटीसी में **पुस्तकालय सहायक (यूआर)** की नियमित आधार पर नियुक्ति के लिए प्रकाशित विज्ञापन प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता है.

निदेशक, आईएसएलआरटीसी

CBC 38119/11/0006/2627 EN 22/63

भाकृअनुप- राष्ट्रीय मिथुन अनुसंधान केंद्र

ICAR-National Research Centre on Mithun

मेद्जीफेमा, चुमुकेदिमा, नागालैंड- 797106

Medziphema, Chumukedima, Nagaland- 797106

NRCM(G)194/2026(Vol.VI) Date:18.08.2026

वॉक्-इन साक्षात्कार

भाकृअनुप–राष्ट्रीय मिथुन अनुसंधान केंद्र, मेद्जीफेमा, नागालैंड में संस्थान के आईटीएमयू प्रकोष्ठ के अंतर्गत निम्नलिखित पद पर नियुक्ति के लिए **16.09.2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** से वॉक्-इन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा. नियुक्ति पूर्णतः संविदात्मक आधार पर एक वर्ष के लिए होगी, जिसे आगे एक और वर्ष के लिए अथवा परियोजना पूरी होने तक, जो भी पहले हो, बढ़ाया जा सकता है. पद का विवरण तथा नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैंः-

क्र. सं.	पद का नाम	समेकित वेतन (मासिक)	अनिवार्य अर्हता	वांछनीय	आयु
1.	**वाईपी-II, आईटीएमयू प्रकोष्ठ के अंतर्गत**	रु. 42,000/-	जैव प्रौद्योगिकी में एम.टेक. /जैव प्रौद्योगिकी में एम.एससी./ जीवन विज्ञान में एम.एससी./पशु चिकित्सा विज्ञान में एम.वी.एससी.	पेटेंट/डिजाइन /कॉपीराइट/ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण/वाणिज्यीकरण का ज्ञान तथा अनुसंधान अनुभव और आधिकारिक रिपोर्ट के दस्तावेजीकरण का अनुभव होना आवश्यक है.	21–45 वर्ष (नियमानुसार छूट).

महत्वपूर्ण टिप्पणीः विस्तृत विज्ञापन तथा आवेदन प्रारूप **www.nrcm.org.in** से डाउनलोड किया जा सकता है.

(सपुनी स्टीफन हनाह)

EN 22/104 सहायक प्रशासनिक अधिकारी (स्था.), प्रभारी

शाकीय विज्ञान संभाग, आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

Division of Vegetable Science

ICAR- Indian Agricultural Research Institute

नई दिल्ली/New Delhi-110012

वॉक्-इन-इंटरव्यू

आईसीएआर - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के शाकीय विज्ञान संभाग, पूसा, नई दिल्ली-110012 में निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु युवा प्रोफेशनल-I (YP-I) के एक (01) तथा युवा प्रोफेशनल-II (YP-II) के एक (01) पद के लिए वॉक्-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा :

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	परियोजना का विवरण	साक्षात्कार की तिथि एवं समय
1.	युवा प्रोफेशनल-I (YP-I)	एक (01)	National Mission on High Yielding Seeds (NMHYS)-Okra	29.09.2026, प्रातः 10:00 बजे
2.	युवा प्रोफेशनल-II (YP-II)	एक (01)	National Mission on High Yielding Seeds (NMHYS)-Okra	29.09.2026, प्रातः 10:00 बजे

उक्त पद पूर्णतः संविदात्मक आधार पर हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ स्वतः समाप्त हो जाएंगे. विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे पारिश्रमिक, आवश्यक योग्यता, नियम एवं शर्तें, आवेदन प्रपत्र आदि हेतु संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** का अवलोकन करें.

EN 22/100 सहायक प्रशासनिक अधिकारी

भारत सरकार

Government of India

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

Ministry of Environment, Forest & Climate Change

क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office

Ground Floor, East Wing, New Secretariat Building, Civil Lines, Nagpur-440001

E-mail: apccfcentral-ngp-mef@gov.in

फाइल सं.: Estt-235/RON/2023-NGP/15654 दिनांकः 21.07.2026

परिपत्र

क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर/उप कार्यालय, रायपुर में निम्नलिखित पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैंः-

क्र. सं.	पद का नाम	7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर	रिक्त पदों की संख्या
1.	अनुभाग अधिकारी	रु. 44,900-1,42,400 (लेवल-7)	01
2.	सहायक	रु. 35,400-1,12,400 (लेवल-6)	02 (एक क्षेत्रीय कार्यालय, नागपुर तथा एक उप कार्यालय, रायपुर (छत्तीसगढ़) के लिए)
3.	कनिष्ठ हिंदी अनुवादक	रु. 35,400-1,12,400 (लेवल-6)	01

उपर्युक्त पदों का पूर्ण विवरण युक्त मूल परिपत्र भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वेब पोर्टल <**www.moef.nic.in/recruitment**> पर देखा जा सकता है. पात्र उम्मीदवारों के सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 56 दिनों के भीतर इस कार्यालय में पहुंच जाने चाहिए.

(विजय एस. कंथाले)

एआईजीएफ (केंद्रीय)/कार्यालयाध्यक्ष

EN 22/81

साहा नाभिकीय भौतिकी संस्थान

1/एएफ, विधाननगर, कोलकाता-700 064

(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)

सं. SINP/Estt/Advt/14/2026 दिनांकः 14.08.2026

प्रतिनियुक्ति के आधार पर प्रशासनिक श्रेणी में भर्ती

लेखा अधिकारी तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी-I के पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती संबंधी विस्तृत विज्ञापन के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट **www.saha.ac.in** देखें.

आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि (एवं समय) —25 सितंबर, 2026 (15:00 बजे, भारतीय मानक समय).

CBC 48135/11/0012/2627 EN 22/60

सं. 5-1/2019- पुस्तक संवर्धन
भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग
पुस्तक संवर्धन प्रभाग

कमरा सं 13, चौथी मंजिल, जीवन दीप भवन, संसद मार्ग
नई दिल्ली-110001,

दिनांकः 19.08.2026

रिक्ति परिपत्र

निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (भारत), नई दिल्ली, के पद को पहली बार पांच वर्षों के लिए सीधी भर्ती द्वारा (संविदा आधार पर) या प्रतिनियुक्ति द्वारा पे मैट्रिक्स में लेवल -13 (रुपये 123100-215900) में भरने के लिए - आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (भारत), नेहरू भवन, सं- 05, इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेस-II, वसंत कुंज, नई दिल्ली-110070, केन्द्र सरकार (शिक्षा मंत्रालय) द्वारा पूर्ण रूप से निधिबद्ध स्वायत्त निकाय है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (भारत), नई दिल्ली, के पद को पहली बार पांच वर्षों के लिए सीधी भर्ती द्वारा (संविदा आधार पर) या प्रतिनियुक्ति द्वारा पे मैट्रिक्स में लेवल -13 (रुपये 123100-215900) में भरने का प्रस्ताव है.

2. निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (भारत), नई दिल्ली, के पद को पे मैट्रिक्स में लेवल -13 (रुपये 123100-215900) पर भरने के लिए भर्ती नियम के अनुसार मानदंड/अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं :

कॉलम सं.	शीर्षक	निर्धारित मानदंड/अपेक्षाएं
1.	संस्वीकृत पदों की संख्या	एक
2.	वर्गीकरण	समूह –क, प्रशासनिक
3.	पे लेवल (7वां सीपीसी)/पे बैंड और ग्रेड पे (6वां सीपीसी)	पे मैट्रिक्स में लेवल -13 (रुपये 123100-215900)/ रुपये 37400-67000/ ग्रेड पे रुपये 8700
4.	क्या यह चयन पद है या गैर चयन पद	चयन
5.	क्या सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 30 के तहत स्वीकार्य सेवा के जोड़े गए वर्षों का लाभ है	लागू नहीं
6.	सीधी भर्ती के लिए आयु सीमा	50 वर्ष से नीचे
7.	सीधी भर्ती के लिए आवश्यक शैक्षिक और अन्य अर्हताएं	**आवश्यक अर्हताएं** प्रकाशन कार्यों में कार्यरत अग्रणी पब्लिशिंग हाउस या सरकारी विभाग या स्वायत्त संगठन में प्रशासन, संगठन और संपादकीय प्रबंधन और /अथवा प्रोडक्शन/सेल्स और / अथवा प्रचारात्मक कार्यों के क्षेत्र में वरिष्ठ प्रबंधकीय स्तरों पर 15 वर्षों के अनुभव सहित किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री.
8.	क्या पदोन्नत अधिकारियों के मामले में सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु और शैक्षिक अर्हताएं लागू होंगी	अर्हताएं लागू होंगी
9	सीधी भर्ती के लिए परीक्षा अवधि, यदि कोई हो तो,	एक वर्ष (अनुबंध की शर्तों के अनुसार सामान्य रूप से एक वर्ष)
10.	भर्ती की पद्धति। सीधी भर्ती द्वारा या पदोन्नति द्वारा अथवा प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्त पदों की प्रतिशतता	पहली बार पांच वर्षों के लिए सीधी भर्ती द्वारा (संविदा आधार पर) या प्रतिनियुक्ति द्वारा
11.	पदोन्नति/प्रतिनियुक्ति/स्थानान्तरण द्वारा भर्ती के मामले में वे ग्रेड जिन पर पदोन्नति की जानी है।	12,000-375-16,500 रुपए (पूर्व संशोधित अर्थात् 01.01.2006 से पूर्व लागू 5वें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतनमान) के वरिष्ठ स्तरीय अधिकारियों को पे बैंड 15,600-39,100 रुपए + 7600 रुपए ग्रेड पे (संशोधित) के वेतनमान में या सेवारत सरकारी विभाग या संगठन के समकक्ष वेतनमान में, कार्यात्मक रूप से पर्याप्त प्रबंधकीय और पेशेवर अनुभव.
12.	यदि विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) या चयन समिति मौजूद है तो, उसकी अवसंरचना	'क' श्रेणी पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) या चयन समिति, जैसा भी मामला हो.
13.	भर्ती करते समय किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग का परामर्श किया जाना जरूरी है.	लागू नहीं.

2. **वेतन के विनियम और प्रतिनियुक्ति की अन्य शर्तें:**

चयनित अभ्यर्थी का वेतन डीओपीटी के समय-समय पर यथासंशोधित दिनांक 17.06.2010 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 6/8/2009-स्था.(वेतन-II) में दिए गए प्रावधानों के तहत विनियमित किया जाएगा.

3. **आयु-सीमा:** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु-सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को छप्पन वर्ष (56) से अधिक नहीं होनी चाहिए.

4. **प्रतिनियुक्ति अवधि:** प्रतिनियुक्ति अवधि इसी या केन्द्र सरकार के अन्य किसी संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य बाह्य संवर्ग पद में दिनांक 17 फरवरी, 2016 के डीओपीटी का.ज्ञा.सं. 2/6/2016-स्था.(वेतन-II) के अनुसार प्रतिनियुक्ति अवधि सहित सामान्यतः पांच वर्ष से अधिक नहीं होगी.

5. **अ.जा./अ.ज.जा आरक्षण:** प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित) आधार पर भरे जाने वाले पदों के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है.

6. ऐसे पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन (दो प्रतियों में) जिनकी सेवाएं चयन के तुरंत बाद मुक्त की जा सकती हैं, निर्धारित प्रोफार्मा (संलग्नक-I) में अग्रेषण करने वाले प्राधिकारियों (प्रोफार्मा संलग्नक-II में) के प्रमाण-पत्र सहित निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:

(i) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र

(ii) पिछले दस वर्षों के दौरान कर्मचारियों पर लगाई गई छोटी-बड़ी शास्तियों की सूची, यदि कोई हो, (यदि कोई शास्ति नहीं लगाई गई हो तो शून्य प्रमाण-पत्र संलग्न किया जाना चाहिए).

(iii) सतर्कता निकासी प्रमाण-पत्र.

(iv) पिछले पांच वर्षों (2021-2022 से 2025-2026) के एपीएआर /एसीआर की सत्यापित छाया प्रतियां (प्रत्येक पृष्ठ को कम से कम अवर सचिव, भारत सरकार के रैंक द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए).

आवेदनों को अर्हता और प्रमाण-पत्र के समर्थन में उपयुक्त दस्तावेजों के साथ इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में प्रकाशित होने के **पैंतालीस (45) दिनों के अंदर अवर सचिव (पुस्तक संवर्धन), उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, कमरा संख्या 13, चौथा तल, जीवन दीप बिल्डिंग, संसद मार्ग नई दिल्ली-110001** को अग्रेषित किया जा सकता है। आवेदन स्पीड पोस्ट या ई-मेल (dsbp-iks@gov.in) के माध्यम से भेजे जाने चाहिए। दस्ती (by hand) या व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे. ऐसे आवेदनों, जो उचित माध्यम से अग्रेषित न किए गए हों या जो वांछित प्रमाण-पत्रों और आवश्यक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होंगे, पर विचार नहीं किया जाएगा.

7. उन अभ्यर्थियों, जिन्होंने पद के लिए आवेदन किया है, को बाद में उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

(श्रेयांश मोहन)
उप सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 24015113
ई-मेलः dsbp-iks@gov.in

संलग्नक-I.

निदेशक, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (भारत), नई दिल्ली के पद के लिए आवेदन का प्रोफार्मा

टिप्पणी : आवेदन प्रोफार्मा के कॉलमों के सामने दी गई ऐसी सूचना के लिए, जो आवेदक अभ्यर्थी से संबंधित नहीं है, "लागू नहीं" भरा जाए.

1.	नाम और डाक पता तथा टेलीफोन नम्बर (साफ अक्षरों में)	
2.	जन्म की तारीख (ईस्वी सन् में)	
3.	केन्द्र सरकार नियमावली के अन्तर्गत सेवा-निवृति की तारीख	
4.	शैक्षिक अर्हताएं (उच्चतम शैक्षिक योग्यता से प्रारम्भ करते हुए न्यूनतम तक। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत अधिप्रमाणित पृथक शीट संलग्न करें).	
5.	क्या आप मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश पद धारक हैं; या	
6.	क्या आपने मूल संवर्ग अथवा विभाग में नियुक्ति के पश्चात् नियमित आधार पर सम्बधित वेतन बैंड में ग्रेड वेतन अथवा समकक्ष सहित अपेक्षित वर्षों तक सेवा की है.	
7	क्या आप जिस पद के लिए आवेदन कर रहे हैं उसके लिए रिक्ति परिपत्र के कालम (ड़) में दर्शायी गई शर्तों के अनुसार पात्रता रखते हैं। (कृपया 'हॉ' अथवा 'नहीं' जैसा भी लागू हो, में उत्तर दें.)	हां/नहीं
8.	रोजगार का ब्यौरा, कालक्रमानुसार (केन्द्र सरकार की सेवा में प्रवेश से आरम्भ करते हुए) यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त हो, तो अपने विधिवत् हस्ताक्षर से एक पृथक शीट संलग्न करें	

कार्यालय/ संगठन	वेतनमान सहित धारित पद	सेवा-अवधि		नियुक्ति का स्वरूप (नियमित/ तदर्थ/ प्रतिनियुक्ति	मूल वेतन (संशोधित)			नियुक्ति का स्वरूप क्या नियमित/ तदर्थ/ प्रतिनियुक्ति है
		से	तक		पीबी में वेतन	ग्रेड वेतन	मूल वेतन	
1	2	3	4	5	6	7	8	9

9.	वर्तमान रोजगार का स्वरूप, अर्थात् तदर्थ अथवा अस्थायी अथवा स्थायी	
10.	यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति के आधार पर हो तो कृपया उल्लेख करें (क) प्रारम्भिक नियुक्ति की तारीख (ख) प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अवधि (ग) उस मूल कार्यालय/संगठन का नाम जिससे आप संबद्ध हैं	
11.	वर्तमान रोजगार में धारित पद से संबद्ध नौकरी की आवश्यकताएं/ नौकरी प्रोफाइल/नौकरी दायित्वों का संक्षिप्त विवरण (लगभग 100 शब्दों में)	
12.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं यदि हां तो उस तारीख का उल्लेख करें जब से संशोधित वेतनमान लागू हुआ तथा संशोधन पूर्व वेतनमान का भी उल्लेख करें।	

दिनांक	वेतन-मान (संशोधन-पूर्व)	मूल वेतन (संशोधन-पूर्व)	वेतन संशोधन की तारीख	संशोधित वेतनमान तथा वेतन स्तर	संशोधित मूल वेतन

13.	इस रिक्ति परिपत्र के लिए आवेदन करने की तारीख की स्थिति के अनुसार प्रतिमाह आहरित कुल परिलब्धियां	
14.	पद के लिए आपकी उपयुक्तता के समर्थन में अतिरिक्त सूचना, यदि कोई हो। (यदि स्थान अपर्याप्त हो तो कृपया पृथक शीट संलग्न करें.)	
15.	अग्रेषित करने वाले अधिकारी का नाम, पिन कोड नम्बर सहित डाक का पूरा पता, टेलीफोन नम्बर और ई-मेल	
16.	क्या आप अ.जा./अ.ज.जा. से संबंधित हैं	
17.	टिप्पणी, यदि कोई हो	

(शेष पृष्ठ 45 पर)

(पृष्ठ 44 का शेष)

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर	
अभ्यर्थी का नाम	
कार्यालय का पूरा पता	
अभ्यर्थी का ई-मेल	
अभ्यर्थी का लैंडलाइन टेलीफोन नम्बर	
अभ्यर्थी का फैक्स नम्बर	
अभ्यर्थी का मोबाइल नम्बर	

दिनांकः
स्थानः

संलग्नक-II

(नियोक्ता/कार्यालय प्रमुख/अग्रेषण अधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/सुश्री.....द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे सही हैं और वे रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव रखते हैं.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :-

i. श्री/श्रीमती/सुश्री.....के विरूद्ध कोई भी सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक मामला लम्बित नहीं है अथवा चलाए जाने का विचार नहीं है.

ii. इनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है.

iii. भारत सरकार के अवर सचिव अथवा उनसे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित गत पांच वर्षों (2021-2022 से 2025-2026) तक के एसीआर की छाया प्रतियां संलग्न हैं.

iv. * गत 10 वर्षों के दौरान इनके विरुद्ध कोई लघु/गम्भीर शास्ति नहीं लगाई गई है.

v. * गत 10 वर्षों के दौरान इनके विरुद्ध लगाई गई लघु/गम्भीर शास्तियों की सूची संलग्न है.

(*जो लागू न हो उसे काट दें.)

3. पिछले वर्षों के दौरान आवेदक के एसीआर में दिए गए समग्र ग्रेड/अंकीय ग्रेड निम्नानुसार हैं:

वर्ष	समग्र ग्रेड/अंकीय ग्रेड [शून्य (0) से दस (10) के माप पर]
2021-2022	
2022-2023	
2023-2024	
2024-2025	
2025-2026	

अग्रेषण प्राधिकारी के हस्ताक्षर	
नाम और पदनाम	
कार्यालयी मोहर	
कार्यालय का पूरा पता	
अग्रेषण प्राधिकारी का ई-मेल पता	
अग्रेषण प्राधिकारी का टेलीफोन नः/फैक्स नः	

दिनांकः
स्थानः
संलग्नकों की सूचीः
1.
2.
3.
4.
5.
6.

EN 22/87

No. : Estt-AFDOFUP/3/2026-ESTT SECTION I/454/2026

उत्तर पूर्वीय पुलिस अकादमी
North Eastern Police Academy

CBC & NABET Accredited 'UTKRISHT'
भारत सरकार /Govt. of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
उमसाव / Umsaw, मेघालय/Meghalaya/ 793123
दूरभाष एवं फैक्स -0364-2572038/2572028
ई-मेल : nepa-meg@nic.in / वेबसाइट : www.nepa.gov.in

दिनांक : 10-08-2026

शुद्धिपत्र

1. दिनांक 8-14 अगस्त, 2026 के रोजगार समाचार अंक में जारी विज्ञापन के संदर्भ में, निम्नलिखित पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाएगाः.

क्र. सं.	पद का नाम	वर्गीकरण	भर्ती का तरीका
1.	अपर निदेशक	सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'क', राजपत्रित, अननुसचिवीय, वेतन स्तर-13ए	प्रतिनियुक्ति द्वारा

2. निर्धारित बायोडाटा के अनुसार आवेदन सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के बजाय 45 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के पास पहुंच जाना चाहिए. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

3. पात्रता, अर्हता, अनुभव, बायोडाटा प्रपत्र आदि से संबंधित विवरण के लिए कृपया उत्तर पूर्वीय पुलिस अकादमी की वेबसाइट http://nepa.gov.in देखें.

डॉ. एस. गोगोई
वरिष्ठ मुख्य चिकित्सा अधिकारी/कार्यालयाध्यक्ष

CBC 19101/11/0013/2627 EN 22/32

Ministry of Culture
Government of India

फा. सं. 04/01/2026-एसडी/एएम

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र

(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ स्वायत्त न्यास)
जनपथ बिल्डिंग, जनपथ, नई दिल्ली- 110001

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए), नई दिल्ली संस्कृति मंत्रालय के अधीनस्थ एक स्वायत्त न्यास द्वारा निम्न पदों हेतु प्रतिनियुक्ति के आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं.

क्रम सं.	पदनाम	पद संख्या	वेतन स्तर
1.	उप निदेशक (पुस्तकालय एवं सूचना)	01	वेतन स्तर-12 (रु. 78,800/- से 209,200/-) पीबी- 3, 6ठे वेतन आयोग के अनुसार ग्रेड वेतन 7600/-रु.

आवेदन- पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन की तारीख से 30 दिनों के भीतर है. विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया इं.गां.रा.क. केंद्र की आधिकारिक वेबसाइट **www.ignca.gov.in** पर प्रकाशित रिक्ति परिपत्र देखें.

उप सचिव (प्रशासन)
इं.गां.रा.क. केंद्र

CBC 09118/11/0004/2627 EN 22/36

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा TRAI

वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, छठा तल, टावर-एफ, नौरोजी नगर
नई दिल्ली-110029
रिक्ति परिपत्र संख्या : 1-09/2026-मानव संसाधन

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के मुख्यालय नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति की अन्यत्र सेवा शर्तों के आधार पर अनुभाग अधिकारी के पद को भरने के संबंध में.

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अपने मुख्यालय नई दिल्ली में निम्नलिखित पद को अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करता है.

पद का नाम	वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन
अनुभाग अधिकारी	सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के तहत वेतन लेवल-7 (रुपए 44900-142400)

2. आवेदन पत्र जमा करने की **अंतिम तिथि 22 सितंबर, 2026** है.

3. अन्य विवरण तथा आवेदन पत्र भादूविप्रा की वेबसाइट **www.trai.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं.

CBC 06202/11/0046/2627 EN 22/93

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली- 110001
विज्ञापन संख्याः R&A/01/2026

ऑनलाइन आवेदन आरम्भ होने की तिथिः 18 अगस्त, 2026 (सुबह 10:00 बजे)
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथिः 17 सितंबर, 2026 (शाम 5:00 बजे)

सीएसआईआर में सीधी भर्ती के आधार पर 'पे मैट्रिक्स लेवल-2' (रु. 19,900-63,200) में **तकनीशियन (1)/ग्रुप-II (1)** के **43** पदों को भरने के लिए पात्र 'भारतीय नागरिकों' से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं. खाली पदों, योग्यता, अनुभव, आयु सीमा और ऑनलाइन आवेदन पत्र आदि के बारे में पूरी जानकारी सीएसआईआर की वेबसाइट **http://www.csir.res.in** पर उपलब्ध है.

उप सचिव (भ. एवं मू.)

CBC 36202/11/0008/2627 EN 22/34

शाकीय विज्ञान संभाग, आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
Division of Vegetable Science
ICAR- Indian Agricultural Research Institute

नई दिल्ली/New Delhi-110012

वॉक्-इन-इंटरव्यू

आईसीएआर - भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के शाकीय विज्ञान संभाग, पूसा, नई दिल्ली- 110012 में निम्नलिखित परियोजनाओं हेतु युवा प्रोफेशनल-II (YP-II) के दो (02) तथा युवा प्रोफेशनल-I (YP-I) के एक (01) पद के लिए वॉक्-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा :

क्र. सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	परियोजना का विवरण	साक्षात्कार की तिथि एवं समय
1.	युवा प्रोफेशनल-II (YP-II)	दो (02)	National Mission on High Yielding Seeds (NMHYS)-Bitter Gourd	28.09.2026, प्रातः 10:00 बजे
2.	युवा प्रोफेशनल-I (YP-I)	एक (01)	National Mission on High Yielding Seeds (NMHYS)-Bitter Gourd	28.09.2026, प्रातः 10:00 बजे

उक्त पद पूर्णतः संविदात्मक आधार पर हैं तथा परियोजना की समाप्ति के साथ स्वतः समाप्त हो जाएंगे. विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी जैसे पारिश्रमिक, आवश्यक योग्यता, नियम एवं शर्तें, आवेदन प्रपत्र आदि हेतु संस्थान की वेबसाइट **www.iari.res.in** का अवलोकन करें.

सहायक प्रशासनिक अधिकारी

EN 22/92

संघ राज्य प्रशासन, लद्दाख, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग
The Administration of Union Territory of Ladakh
Industries & Commerce Department

लेह/Leh
ई-मेल/E-mail: adm.secyindustries@gmail.com dated: 17/08/2026

फाइल सं.: ए/769/2023-आई एवं सी अनुभाग/651

अधिसूचना

उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में भूविज्ञान एवं खनन, उप निदेशक के पद पर वेतन स्तर-12 (78800-209200 रुपये) की रिक्ति को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के संबंध में

भूविज्ञान एवं खनन उप निदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से समुचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

2. प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड संघ राज्य प्रशासन के भूविज्ञान एवं खनन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के उप निदेशक पद के लिए भर्ती नियमावली (एस.ओ. 80) दिनांक 3 सितंबर, 2024 के अनुसार होंगे.

पदनाम	पदों की सं.	वेतन स्तर	पात्रता मापदंड
उप निदेशक	01	वेतन स्तर-12 (78800-209200 रुपये)	प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित)/ पदोन्नतिः केंद्र सरकार या राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन या वैधानिक निकायों या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों या स्वायत्त निकायों या मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थानों के अधिकारी, जोः (ए) (i) मूल कैडर/विभाग में नियमित आधार पर समरूप पदों पर कार्यरत हैं; या (ii) मूल कैडर/विभागों में स्तर-11 पर 5 वर्ष की नियमित सेवा की है; और (बी) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव रखते हैंः (i) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री धारण करते हैं. (ii) भूविज्ञान एवं खनन के क्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव रखते हैं.

3. **प्रतिनियुक्ति की अवधिः** प्रतिनियुक्ति की अवधि, जिसमें इस नियुक्ति से ठीक पहले केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में धारित किसी अन्य गैर-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि भी शामिल है, सामान्यतः तीन (03) वर्ष से अधिक नहीं होगी. यदि प्राप्तकर्ता संगठन किसी अधिकारी को निर्धारित अवधि से आगे रखना चाहता है, तो उसे कार्यकाल की समाप्ति तिथि से छह माह पहले प्रदाता संगठन, संबंधित व्यक्ति आदि की सहमति प्राप्त करने के लिए कार्रवाई शुरू करनी होगी.

4. **आयु सीमाः** प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

5. **वेतन एवं भत्तेः** प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त अधिकारी को देय वेतन एवं भत्ते केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए प्रतिनियुक्ति/विदेशी सेवा संबंधी समेकित दिशानिर्देशों के अनुसार शासित होंगे, जो **कार्यालय ज्ञापन सं. डीओपीटी-1726140763694, दिनांकः 28.03.2024** के माध्यम से जारी किए गए हैं.

6. **उप निदेशक के पद से जुड़े कर्तव्यों/जिम्मेदारियों की सूचीः**

(i) यह प्रशासनिक और तकनीकी दोनों ही दृष्टियों से प्रमुख नियंत्रण कार्यालय है.

(ii) खनन पट्टे, अन्वेषण लाइसेंस, उत्खनन लाइसेंस, अल्पकालिक परमिट और खनिजों की ई-नीलामी के रूप में खनिज रियायतों की प्रक्रिया मुख्यालय द्वारा प्रदान की जाएगी और एस.आर.ओ. 917 के अनुसार उप निदेशक केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में विभाग के पदानुक्रम में शीर्ष पर हैं और विभाग की गतिविधियों को संचालित करने के लिए कार्य बल के प्रमुख हैं.

(iii) संघ राज्य प्रशासन, लद्दाख के भूविज्ञान एवं खनन उप निदेशक विभाग के प्रशासन के समग्र प्रभारी हैं. अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा संसाधित आवेदन प्राप्त होने पर उप निदेशक प्रमुख खनिजों/लघु खनिजों के लिए खनिज रियायत प्रदान करने हेतु प्रशासन को प्रस्ताव अग्रेषित करते हैं.

(iv) उप निदेशक लद्दाख में लघु/प्रमुख खनिजों के लिए उत्खनन लाइसेंस, पूर्वेक्षण लाइसेंस, अल्पकालिक परमिट और खनिजों के खनन पट्टे प्रदान करने के लिए प्राधिकारी हैं.

(v) लघु/प्रमुख खनिज ब्लॉकों/प्लॉटों की नीलामी के लिए तैयारी करने की जिम्मेदारी उप निदेशक की होती है और वे खनिज अन्वेषण, विस्तृत भूवैज्ञानिक मानचित्रण/क्षेत्रीय भूवैज्ञानिक मानचित्रण, भूजल अन्वेषण, इंजीनियरिंग/भूतकनीकी जांच, भूस्खलन/धंसाव अध्ययन, सड़क एलाइनमेंट/पुल और भवन नींव परीक्षण, भू-विवर्तनिक और भूकंपीय जोखिम आकलन, पर्यावरण अध्ययन, भू-पर्यटन अध्ययन, भूवैज्ञानिक संग्रहालय (खनिज, चट्टानें, जीवाश्म, अयस्क आदि) का रखरखाव और निगरानी भी करते हैं.

(vi) खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957, खनिज रियायत नियम, 2016 और जम्मू-कश्मीर एमएमसीआर, 2016, खनिज सामग्री एवं साक्ष्य नियम 2015 का कार्यान्वयन.

(vii) राज्य और केंद्रीय स्तर पर जीएसआई, एमईसीएल, ओएनजीसी, यूसीआई और संबंधित मंत्रालय जैसे अन्य विभागों के साथ समन्वय करना.

(viii) नियामक कार्यों का प्रभारी, अर्थात् खनन पट्टे/अन्वेषण लाइसेंस के लिए आवेदनों का प्रसंस्करण और प्रशासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

(ix) तकनीकी दृष्टि से कार्यरत और निष्क्रिय खानों और खदानों का निरीक्षण करना ताकि सुनिश्चित किया जा सके.

(x) विभिन्न खनन नियमों की व्याख्या, संशोधन आदि से संबंधित सामान्य कार्य.

(xi) विभाग के वार्षिक भूवैज्ञानिक क्षेत्र कार्यक्रमों और भू-तकनीकी मार्गदर्शन और व्यवहार्यता रिपोर्ट के लिए संदर्भित क्षेत्र मदों को अंतिम रूप देना और अनुमोदन करना.

(xii) क्षेत्र रिपोर्टों को अंतिम रूप देना और अनुमोदन करना तथा खनिज डेटा की तैयारी सहित प्रचार पक्ष पर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करना.

(xiii) अधीनस्थ अधिकारियों को सौंपे गए फील्ड कार्य का पर्यवेक्षण.

(xiv) प्रशासनिक सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, संघ राज्य प्रशासन, लद्दाख द्वारा सौंपे गए खनिज रियायत अनुभागों के प्रभारी.

(xv) खनन योजनाओं की जांच एवं अनुमोदन.

7. पात्र उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रपत्र (**अनुलग्नक-I**) में आवेदन, जिनकी सेवाएं चयन होने पर तुरंत उपलब्ध कराई जा सकती हैं, अग्रेषण प्राधिकारी से प्रमाण पत्र (अनुलग्नक-II में प्रपत्र) सहित निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ, रोजगार समाचार में **इस विज्ञापन के प्रकाशन** के 30 दिनों के भीतर "प्रशासनिक सचिव", **उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, संघ राज्य प्रशासन, लद्दाख, सचिवालय** लेह, पिन-194101 को अग्रेषित किया जा सकता है.

i. सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र.

ii. कैडर नियंत्रण प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र.

iii. सतर्कता मंजूरी प्रमाणपत्र

iv. पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) की सत्यापित फोटोकॉपी, जिसके प्रत्येक पृष्ठ पर भारत सरकार के अवर सचिव से कम रैंक के अधिकारी द्वारा सत्यापन किया गया हो.

v. पिछले दो वर्षों के वार्षिक संपत्ति प्रतिफल.

vi. पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाए जाने का प्रमाण पत्र.

8. केंद्र सरकार/राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/विश्वविद्यालय/मान्यताप्राप्त संस्थान/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान/स्वायत्त संगठन/वैधानिक संगठन के उन अधिकारियों/कर्मचारियों के आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा, जो पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंड और अनुभव को पूरा करते हों.

9. समर्थक दस्तावेजों, तस्वीरों के बिना, बिना हस्ताक्षर के और किसी भी तरह से अपूर्ण प्राप्त आवेदन को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा.

10. सक्षम प्राधिकारी द्वारा कार्यनिष्पादन के संक्षिप्त मूल्यांकन या अन्य प्रशासनिक आवश्यकताओं के आधार पर प्रतिनियुक्ति की अवधि को कम किया जा सकता है.

11. पदोन्नति की सीधी पंक्ति में आने वाले विभाग के अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे. इसी प्रकार, प्रतिनियुक्ति पर तैनात अधिकारी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे.

12. एक बार पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

13. **तैनाती का स्थानः** अधिकारी को उप निदेशक, भूविज्ञान एवं खनन, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कार्यालय में उप निदेशक के पद पर तैनात किया जा सकता है.

सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से जारी.

(हिमांशु गुप्ता - आईएएस)
प्रशासनिक सचिव,
संघ राज्य प्रशासन, लद्दाख

अनुलग्नक-I

उप निदेशक पद के लिए आवेदन का प्रपत्र

बायो-डेटा प्रोफॉर्मा

1.	नाम और डाक पता (बड़े अक्षरों में)	
2.	जन्म तिथि (ई. सन में)	
3.	i) सेवा में प्रवेश की तिथि	
	ii) केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार सेवानिवृत्ति की तिथि	
4.	शैक्षणिक योग्यता (यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त हो तो कृपया अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग पत्रक संलग्न करें)	
5. (ए)	(ए) (i) मूल कैडर/विभाग में नियमित आधार पर समरूप पदों पर आसीन होना; या (ii) मूल कैडर/विभागों में लेवल-11 में पांच (05) वर्ष की नियमित सेवा; और (बी) निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव होः (iii) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री. (iv) भूविज्ञान एवं खनन के क्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव. **नोट 1:** विभागीय भूविज्ञानी लेवल-11 में ग्रेड-1 के उम्मीदवार, जिनके पास ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा हो और प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और अनुभव हो, उन्हें बाहरी उम्मीदवारों के साथ विचार किया जाएगा. यदि विभागीय उम्मीदवार का चयन पद पर नियुक्ति के लिए हो जाता है, तो इसे पदोन्नति द्वारा भरा गया पद माना जाएगा. **नोट 2:** इस नियुक्ति से ठीक पहले केंद्र सरकार के इसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में किसी अन्य गैर-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी. प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.	
5. (बी)	i) क्या आपके पास भूविज्ञान में स्नातकोत्तर डिग्री है?	
5. (सी)	क्या पदों के लिए आवश्यक शैक्षणिक और अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? (यदि किसी योग्यता को नियमों में निर्धारित योग्यता के समकक्ष माना गया है, तो इसके लिए प्राधिकरण का उल्लेख करें.)	
	कृपया बिंदु संख्या 5 (ए), 5 (बी) और 5 (सी) के लिए सहायक दस्तावेज संलग्न करें.	
6.	कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि आपके द्वारा ऊपर दी गई जानकारी के आधार पर, क्या आप इस पद के लिए आवश्यक योग्यता और कार्य अनुभव की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं.	

(शेष पृष्ठ 47 पर)

(पृष्ठ 46 का शेष)

6(i)	नोटः प्राप्तकर्ता विभागों को संबंधित आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव की पुष्टि करते हुए अपनी विशिष्ट टिप्पणियां/विचार प्रदान करने होंगे.
7.	रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक क्रम में (सरकारी सेवा में प्रवेश से शुरू करते हुए, जैसा कि आवेदन किए गए पद के संदर्भ में उम्मीदवार के बायोडाटा में दर्शाया गया है). यदि नीचे दी गई जगह में जगह कम है, तो कृपया अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें.

कार्यालय/संगठन	केंद्र सरकार/ राज्य सरकार/ केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/ विश्वविद्यालय/ मान्यताप्राप्त संस्थान/ मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान/ स्वायत्त संगठन/ वैधानिक संगठन.	नियमित आधार पर धारित पद	तिथि से	तिथि तक	नियमित आधार पर धारित पद का वेतन स्तर, वेतन बैंड और ग्रेड वेतनमान	कर्तव्यों की प्रकृति (विस्तार से) और आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभव
1	2	3	4	5	6	7

*महत्वपूर्णः वेतन स्तर/वेतन बैंड और एसीपी/एमएसीपी को दिया गया ग्रेड पे अधिकारी का निजी मामला है, इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए. केवल वेतन बैंड और ग्रेड पे/वेतन स्तर, जहां उम्मीदवार ने ऐसे लाभ प्राप्त किए हैं, नीचे दिए गए अनुसार दर्शाए जा सकते हैं.

एसीपी/एमएसीपी का विवरण, वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड/वेतन स्तर सहित, जहां उम्मीदवार द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हैं, नीचे दर्शाया जा सकता है;

कार्यालय/संस्था	एसीपी/एमएसीपी योजना के अंतर्गत प्राप्त वेतन स्तर/ वेतन बैंड और ग्रेड वेतन	तिथि से	तिथि तक

8.	वर्तमान रोजगार की प्रकृति (तद्अर्थ/अस्थायी/स्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी)	
9.	यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध आधार पर है, तो कृपया इसका उल्लेख करें: ए) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि बी) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि सी) आवेदक जिस मूल कार्यालय/संगठन से संबंधित है, उसका नाम. डी) मूल संगठन में स्थायी आधार पर धारित पद का नाम और वेतन.	

9.1 नोटः प्रतिनियुक्ति पर पहले से कार्यरत अधिकारियों के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल कैडर/विभाग द्वारा कैडर क्लीयरेंस, विजिलेंस क्लीयरेंस और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ अग्रेषित किए जाने चाहिए.

9.2 नोटः उपरोक्त भाग 9 (सी) और (डी) पर दी गई जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति कैडर/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण कर रहा है, लेकिन फिर भी अपने मूल कैडर/संगठन में अपना अधिकार बनाए रखता है.

10.	यदि आवेदक ने अतीत में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद संभाला हो, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि और अन्य विवरण.	
11.	वर्तमान रोजगार के बारे में अतिरिक्त विवरणः कृपया बताएं कि क्या आप (संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता का नाम लिखें) के अधीन काम कर रहे हैं. ए) केंद्र सरकार बी) राज्य सरकार सी) केंद्र शासित प्रदेश डी) विश्वविद्यालय ई) मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थान एफ) सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जी) वैधानिक संगठन एच) स्वायत्त	

12.	कृपया बताएं कि क्या आप एक ही विभाग में काम कर रहे हैं और फीडर ग्रेड में हैं या फीडर ग्रेड से फीडर ग्रेड में हैं.	
13.	क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हां, तो संशोधन लागू होने की तिथि बताएं और साथ ही संशोधन से पहले का वेतनमान भी बताएं.	
14.	वर्तमान में प्राप्त कुल मासिक परिलब्धियां.	

पीबी में मूल वेतन	ग्रेड वेतन/वेतन स्तर	कुल परिलब्धियां

15. यदि आवेदक किसी ऐसे संगठन से संबंधित है जो केंद्र सरकार के वेतनमानों का अनुसरण नहीं करता है, तो संगठन द्वारा जारी नवीनतम वेतन पर्ची जिसमें निम्नलिखित विवरण दर्शाए गए हों, संलग्न की जा सकती हैं.

मूल वेतन, वेतनमान और वेतन वृद्धि की दर	महंगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विवरण सहित)	कुल परिलब्धियां

16. यदि कोई अतिरिक्त जानकारी हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में देना चाहें. इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित से संबंधित जानकारी शामिल हो सकती हैः (i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएं (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और (iii) अधिसूचना/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक कार्य अनुभव.
(नोटः यदि स्थान अपर्याप्त हो तो एक अलग पृष्ठ संलग्न करें)

17.	अग्रेषण प्राधिकारी का पूरा डाक पता, नाम और टेलीफोन नंबर सहित.	
18.	क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं?	

मैंने रिक्ति सूचना/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं भलीभांति जानता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव संबंधी दस्तावेजों सहित पाठ्यक्रम में दी गई जानकारी का मूल्यांकन चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय किया जाएगा. मेरे द्वारा दी गई जानकारी/विवरण मेरे संज्ञान में सही और सत्य हैं तथा मेरे चयन को प्रभावित करने वाले किसी भी महत्वपूर्ण तथ्य को छुपाया या छिपाया नहीं गया है.

उम्मीदवार के हस्ताक्षरः

कार्यालय का पूरा पताः

ईमेल :

तारीखः

अनुलग्नक-II

(प्रमाणपत्र नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा प्रस्तुत किया जाना है)

आवेदक ..... द्वारा उपरोक्त आवेदन में दी गई जानकारी/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सभी विवरण सत्य और सही हैं. उनके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षणिक योग्यताएं और अनुभव हैं. यदि उनका चयन होता है, तो उन्हें तत्काल कार्यभार से मुक्त कर दिया जाएगा.

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

(i) श्री/श्रीमती ..... के विरुद्ध कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है.

(ii) उसकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है.

(iii) पिछले 5 वर्षों (वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक) के लिए भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित एसीआर की फोटोकॉपी को संलग्न किया गया है.

(iv) कैडर नियंत्रण प्राधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (संलग्न).

(v) पिछले दो वर्षों के वार्षिक संपत्ति विवरण (संलग्न).

(vi) पिछले 10 वर्षों के दौरान उस पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है (जैसा भी मामला हो) संलग्न है.

प्रतिहस्ताक्षरित

(नियोक्ता/कैडर नियंत्रण प्राधिकारी की मुहर सहित)

स्थानः

तारीखः

EN 22/40

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण

चतुर्थ तल, बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे
गोल मार्केट, नई दिल्ली - 110 001

AADHAAR

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़ में उप महानिदेशक के पद को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु रिक्ति परिपत्र.

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण क्षेत्रीय कार्यालय, चण्डीगढ़ में उप महानिदेशक के एक पद को प्रतिनियुक्ति (बाह्य सेवा शर्तों) के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित करता है.

निर्धारित प्रपत्र में आवेदन निदेशक (मानव संसाधन), भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) बंगला साहिब रोड, काली मंदिर के पीछे, गोल मार्केट, नई दिल्ली-110 001 को आवेदन किए जाएं और इसके अतिरिक्त, आवेदन deputation@uidai.net.in पर ईमेल के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं. सभी तरह से पूर्ण आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 07.09.2026 है. चूंकि यह रिक्ति प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरी जानी है, अतः गैर-सरकारी अभ्यर्थी पात्र नहीं हैं.

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त हुए या अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. विस्तृत विवरण प्राधिकरण की वेबसाइट https://old.uidai.gov.in/images/VC_70_2026_Hindi.pdf पर उपलब्ध है.

निदेशक (मा.सं)

आधार नामांकन और अपडेट सेवा अब आधार सेवा केंद्रों पर भी उपलब्ध है. नज़दीकी केंद्रों की जानकारी के लिए uidai.gov.in पर जाएं या 1947 पर कॉल करें

CBC 54103/11/0078/2627 EN 22/77

सं. 25-10/2004/DD-III/NI(RCI)

भारत सरकार

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

5वां तल, बी विंग, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स
लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

भारतीय पुनर्वास परिषद् के अध्यक्ष की नियुक्ति

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार भारतीय पुनर्वास परिषद् (आरसीआई) के अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है.

2. कृपया विस्तृत विज्ञापन के लिए इस विभाग की वेबसाइटः https://depwd.gov.in/ देखें. आवेदन 'रोज़गार समाचार' में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 3 सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने होंगे.

CBC 38117/11/0009/2627 EN 22/97

समाचार सारांश

राष्ट्रीय

एनटीए ने परीक्षा टीम और सुरक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने अपनी परीक्षा प्रणाली में व्यापक बदलाव की प्रक्रिया शुरू करते हुए 600 विशेषज्ञों को हटाकर नया पैनल गठित किया है। प्रश्नपत्रों की अधिक गहन जांच और त्रुटियों को कम करने के लिए चार-स्तरीय जांच व्यवस्था लागू की जाएगी। अगले दो से तीन सप्ताह में 20 से 25 और अधिकारियों के एजेंसी से जुड़ने की संभावना है। एनटीए अधिक सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था वाले नए परिसर में भी स्थानांतरित होगा। इसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की तैनाती, गोपनीय कार्यों के लिए अलग कक्ष, बाहरी नेटवर्क से पूरी तरह अलग कंप्यूटर प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जमा कराने के अधिक कड़े नियम शामिल होंगे। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के निर्देश पर एजेंसी अपनी प्रक्रियाओं का ऑडिट कर रही है और साइबर सुरक्षा, साइकोमेट्रिक्स तथा प्रश्नपत्र तैयार करने के क्षेत्र में विशेषज्ञता को मजबूत कर रही है। इन सुधारों का उद्देश्य परीक्षाओं की शुचिता बढ़ाना और अभ्यर्थियों का विश्वास बहाल करना है।

छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची में 405 महत्वपूर्ण वस्तुएं शामिल



रक्षा उत्पादन विभाग ने छठी सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची अधिसूचित की है। इसमें 3,070 करोड़ रुपये की अनुमानित व्यावसायिक संभावनाओं वाली 405 रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण वस्तुएं शामिल हैं। इनमें रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली 389 वस्तुएं और भारतीय तटरक्षक बल की 16 वस्तुएं शामिल हैं। सूची में विमान, हेलीकॉप्टर, बख्तरबंद वाहन, युद्धपोत, मिसाइल, रडार, सोनार और उपग्रह संचार प्रणालियों में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जे, उप-प्रणालियां, स्पेयर पार्ट्स और कच्चा माल शामिल हैं। निर्धारित समय-सीमा के अनुसार इन वस्तुओं की खरीद घरेलू निर्माताओं से की जाएगी। इससे आयात पर निर्भरता कम होने के साथ भारतीय उद्योग और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए अवसर सृजित होंगे।

ईपीएफओ ने पहले कवरेज से वंचित कर्मचारियों के नामांकन के लिए विशेष अवसर दिया

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी नामांकन अभियान 2026 शुरू किया है। इसके तहत नियोक्ताओं को 1 अप्रैल, 2009 से 31 मार्च, 2026 के बीच कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) के दायरे से बाहर रह गए पात्र कर्मचारियों को नामांकित करने का एकमुश्त अवसर दिया गया है। यह अभियान 1 जुलाई से शुरू हुआ है और 31 अक्टूबर, 2026 तक जारी रहेगा। इसका उद्देश्य अब तक इसके दायरे से बाहर रहे कर्मचारियों को औपचारिक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना और नियोक्ताओं को पिछली चूकों को स्वेच्छा से सुधारने के लिए प्रोत्साहित करना है।

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण विस्तार से 9,500 रोज़गार के अवसर सृजित होंगे



सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण योजना के तहत 31 अतिरिक्त परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें 7,877 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 9,500 से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इन परियोजनाओं के तहत दस राज्यों में स्पीकर, माइक्रोफोन, ऑप्टिकल ट्रांसीवर, कैपेसिटर, कॉइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक घटकों का विनिर्माण किया जाएगा। इनमें सात परियोजनाएं तमिलनाडु तथा छह-छह परियोजनाएं महाराष्ट्र और हरियाणा में स्थित हैं। नवीनतम मंजूरियों के साथ 106 आवेदनों को स्वीकृति दी जा चुकी है और अनुमानित निवेश 69,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इन परियोजनाओं से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन, इंजीनियरिंग, परीक्षण, रखरखाव और आपूर्ति-श्रृंखला प्रबंधन में रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

दिल्ली मास्टर प्लान में समावेशी शहरी विकास पर जोर



भारत सरकार ने 20 अगस्त को दिल्ली मास्टर प्लान 2047 जारी किया। इसमें राष्ट्रीय राजधानी को अधिक समावेशी, पर्यावरण की दृष्टि से सुदृढ़ और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी शहर बनाने के लिए दीर्घकालिक स्थानिक, आर्थिक और संस्थागत रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। यह योजना लगभग 3.2 करोड़ की अनुमानित आबादी की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाले वर्षों में लगभग 30 से 40 लाख नई आवासीय इकाइयां जोड़ी जा सकती हैं, जिनमें एक बड़ा हिस्सा मानक आवास का होगा। योजना का उद्देश्य आर्थिक विकास और तकनीकी नवाचार को बेहतर जीवन स्तर तथा दिल्ली की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ जोड़ना है।

भारत ने घास के मैदानों और खुले पारिस्थितिकी तंत्र पर पहली मार्गदर्शिका जारी की

भारत ने मंगोलिया के उलानबटार में आयोजित 'मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र अभिसमय' (यूएनसीसीडी) के कॉप-17 में भारत के घास के मैदानों और अन्य खुले प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्रों की मार्गदर्शिका जारी की है। यह देश में इस विषय पर अपनी तरह की पहली मार्गदर्शिका है। इसमें देश के घास के मैदानों, सवाना, मरुस्थलों और अन्य खुले भू-दृश्यों की विविधता, वितरण और पारिस्थितिक महत्व का विवरण दिया गया है। ये पारिस्थितिकी तंत्र जैव विविधता, पशुपालकों की आजीविका और जलवायु अनुकूलन क्षमता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन इन्हें अक्सर गलती से निम्नीकृत भूमि मान लिया जाता है। इस दस्तावेज का उद्देश्य वनों के साथ-साथ इन पारिस्थितिकी तंत्रों के विज्ञान-आधारित संरक्षण, पुनर्स्थापन और सतत प्रबंधन को प्रोत्साहित करना है।

अर्थव्यवस्था

13,041 करोड़ रुपये की रेल और राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने लगभग 13,041 करोड़ रुपये के संयुक्त निवेश वाली दो प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है। 19 अगस्त को घोषित इन फैसलों में लगभग 9,450 करोड़ रुपये की लागत वाली चार रेलवे मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं से पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में रेल नेटवर्क में लगभग 410 किलोमीटर की वृद्धि होगी। वर्ष 2030-31 तक पूरी होने वाली इन परियोजनाओं से भीड़भाड़ कम होने, माल ढुलाई में सुधार होने और लगभग 6,448 गांवों को बेहतर संपर्क सुविधा मिलने की उम्मीद है। सीसीईए ने बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग-22 के 82.58 किलोमीटर लंबे मुजफ्फरपुर-सितामढ़ी-सोनबरसा खंड को चार लेन का बनाने की परियोजना को 3,590.73 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी है। इस राजमार्ग से मुजफ्फरपुर और भारत-नेपाल सीमा के बीच संपर्क मजबूत होगा तथा मार्ग में पड़ने वाले कई शहरों में यातायात की भीड़ कम होगी। दोनों परियोजनाओं की योजना पीएम गतिशक्ति ढांचे के तहत बनाई गई है, जिसमें बेहतर मल्टी-मॉडल संपर्क और लॉजिस्टिक्स लागत कम करने पर जोर दिया गया है।

भारत ने रत्न एवं आभूषण निर्यात के लिए 100 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा



भारत के रत्न एवं आभूषण निर्यात को वर्ष 2040 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए वाणिज्य विभाग और रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद ने कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की है। प्रस्तावित रणनीति में नवाचार, मूल्य संवर्धन, डिज़ाइन क्षमता और वैश्विक स्तर पर पहचान रखने वाले भारतीय ब्रांड विकसित करने पर जोर दिया गया है। सरकार और उद्योग के बीच हुई बातचीत में इस क्षेत्र में रोज़गार को दोगुना कर एक करोड़ करने तथा भारत के कुल वस्तु निर्यात में इसकी हिस्सेदारी बढ़ाकर 14 प्रतिशत करने के लक्ष्य भी तय किए गए। कार्ययोजना का उद्देश्य उद्योग को पारंपरिक विनिर्माण से आगे ले जाकर अधिक मूल्य वाले उत्पादों और वैश्विक बाजार में मजबूत स्थिति की ओर बढ़ाना है।

अंतरराष्ट्रीय

भारत और जापान ने समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार किया

जापान के रक्षा मंत्री श्री शिंजीरो कोइजुमी ने 20 अगस्त को अपनी आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने जापानी कंपनियों को 'मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा क्षेत्र में सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए भारतीय कंपनियों और स्टार्ट-अप के साथ साझेदारी करने के लिए भी आमंत्रित किया। इससे पहले रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और श्री कोइजुमी ने समुद्री सुरक्षा सहयोग संबंधी व्यवस्था ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसमें समुद्री क्षेत्र संबंधी जागरूकता, सूचना साझा करना, खोज और बचाव तथा मानवीय सहायता एवं आपदा राहत शामिल हैं। दोनों देश नौसैनिक पोत निर्माण, पोत मरम्मत, बारूदी सुरंग रोधी क्षमताओं और रक्षा प्रौद्योगिकी में सहयोग की संभावनाएं भी तलाशेंगे। जापानी लड़ाकू विमान 'वीर गार्जियन 2026' वायु अभ्यास के लिए पहली बार भारत आने वाले हैं।

बांग्लादेश ने अपना 23वां राष्ट्रपति चुना



बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर को 20 अगस्त को बांग्लादेश का 23वां राष्ट्रपति चुना गया। 78 वर्षीय श्री आलमगीर को जातीय संसद में 255 वोट मिले, जबकि पूर्व सैन्य अधिकारी ओली अहमद को 88 वोट मिले। ओली अहमद को बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी और छात्र-नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी के नेतृत्व वाले 11-दलीय विपक्षी गठबंधन का समर्थन प्राप्त था। यह 35 वर्षों में बांग्लादेश का पहला राष्ट्रपति चुनाव था, जिसमें एक से अधिक उम्मीदवार मैदान में थे। राष्ट्रपति पद के लिए बीएनपी से नामांकन मिलने के बाद श्री आलमगीर ने पार्टी के महासचिव पद और राष्ट्रीय स्थायी समिति से इस्तीफा दे दिया था। निवर्तमान राष्ट्रपति श्री मोहम्मद शहाबुद्दीन के स्वास्थ्य कारणों से कार्यकाल पूरा होने से पहले इस्तीफा देने के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया था। फरवरी में सत्ता में लौटी बीएनपी के पास संसद में दो-तिहाई बहुमत है।

खेल

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा



सरकार ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा प्रशिक्षकों और खेल संगठनों के योगदान को सम्मानित करने के लिए 18 अगस्त को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा की। महिला युगल बैडमिंटन की प्रमुख खिलाड़ी ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद उन 17 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज नरेन्दर बेरवाल को भी इस सम्मान के लिए चुना गया। अर्जुन पुरस्कार निरंतर उच्चस्तरीय प्रदर्शन, नेतृत्व क्षमता और खेल अनुशासन को मान्यता प्रदान करता है। भारत के वरिष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी इसैया अरुमैनायगम को आजीवन उपलब्धि के लिए अर्जुन पुरस्कार हेतु चुना गया। एथलेटिक्स प्रशिक्षक परवीर सिंह, मुक्केबाजी प्रशिक्षक छोटे लाल यादव और निशानेबाजी प्रशिक्षक नेहा नंदकुमार चव्हाण को द्रोणाचार्य पुरस्कार के लिए चुना गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट परिणाम दिलाने वाले प्रशिक्षकों को प्रदान किया जाता है। पुणे स्थित आर्मी पैरालंपिक नोड को खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के विकास में योगदान के लिए राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु चुना गया।

(संकलन- ईएन टीम)

दिल्ली पोस्टल पंजीकरण संख्या डीएल(एस)-01/3558/2026-28 यू(सी)107/2026-28 (पूर्व भुगतान के बिना डाक से भेजने की अनुमति) पीआरजीआई 28729/1976

MAGAZINE POST NO. DL(DS)-78/MP/2024-25-26 पोस्टिंग की तारीख : 25.26,8.2026 प्रकाशन तिथि: 24.8.2026

डॉ. धीरज काकड़िया, महानिदेशक, प्रकाशन विभाग द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, के लिए सूचना भवन, लोदी रोड, नई दिल्ली-110003 से प्रकाशित और मुद्रक पृथ्विस दास द्वारा डीबी कॉर्प. प्लॉट सं. 42-43, सेक्टर-29, फेज-II, पानीपत (हरियाणा)- 132103 से मुद्रित। संपादक : रहीसुद्दीन रिहान